e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 68
रविवार
12.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

जो मनुष्य अपना क्रोध अपने ही ऊपर झेल लेता है, वह दुसरो के क्रोध से बच जाता है।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### माधव कौशिक चुने गए साहित्य अकादमी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली** : साहित्य अकादमी अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ. हिंदी के साहित्यकार माधव कौशिक नए अध्यक्ष चुने गए. अध्यक्ष पद के लिए कौशिक के साथ प्रसिद्ध मराठी लेखक रंगनाथ पठारे और कन्नड़ साहित्यकार मल्लपुरम वेंकटेश चुनाव लड़े रहे थे. चुनाव में साहित्य अकादमी कार्यकारिणी के 97 सदस्यों ने मतदान किया.अभी तक साहित्य अकादमी के अध्यक्ष चंद्रशेखर कंबार थे. चंद्रशेखर कंबार 12 फरवरी, 2018 को साहित्य अकादमी के नए अध्यक्ष चुने गए थे. वह साहित्य अकादमी के अध्यक्ष बनने वाले तीसरे कन्नड़ साहित्यकार हैं. चंद्रशेखर कंबार ने डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी का स्थान लिया था. उस समय वह अकादमी के उपाध्यक्ष थे.माधव कौशिक का जन्म हरियाणा के भिवानी शहर में 1 नवंबर, 1954 को हुआ था. उन्होंने हिंदी कविता, कहानी, बाल साहित्य, गजल के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की है. उनकी चर्चित गजलों में से कुछ हैं, सारे सपने बागी हैं, आईनों के शहर में, किरण की सुबह, सपने खुली निगाहों के, हाथ सलामत रहने दो, आसमान सपनों का और नई सदी का सन्नाटा.

### हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को

**रांची** : हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को बुलायी गयी है। इस संबंध में शनिवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 15 मार्च को शाम पांच बजे प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कार्यालय में होगी।

### फर्जी दस्तावेज के साथ 4 संदिग्ध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने आईडी शहर सॉल्टलेक के इलेक्ट्रॉनिक कंपलेक्स थाना क्षेत्र में रह रहे चार संदिग्ध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान शेख अब्दुल्लाह (24), इमाम हुसैन (24), अब्दुर सोबुर (24) और मोहम्मद खैरुल इस्लाम (27) के तौर पर हुई है। एसटीएफ के डीआईजी आईपीएस दीपनारायण गोस्वामी ने शनिवार दोपहर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शेख अब्दुल्लाह बांग्लादेश के गोपालगंज गो जिले का रहने वाला है जबकि इमाम हुसैन नोआखाली सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। अब्दुर सिराजगंज जिले के तरस थाना क्षेत्र का निवासी है जबकि मोहम्मद खैरुल इस्लाम नाराइल जिले का रहने वाला है। इन्हें आज यानी शनिवार सुबह है इलेक्ट्रॉनिक्स कंपलेक्स थाना क्षेत्र के सॉल्ट लेक सेक्टर पांच में गोदरेज वाटर प्लांट के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का निधन

**बेंगलुरु** : कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष आर ध्रुवनारायण का शनिवार को डीआरएमएस अस्पताल में निधन हो गया. यह जानकारी डीआरएमएस अस्पताल के डॉक्टर मंजूनाथ ने दी. उनके ड्राइवर ने बताया कि सुबह उनके सीने में तेज दर्ज उठा, तो वह 6 बजकर 40 मिनट पर उनको लेकर अस्पताल के लिए निकला लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका. केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष आर ध्रुवनारायण का दिल का दौरा पड़ने से मैसूर में निधन हो गया. सरल और सज्जन राजनेता के रूप में जाने जाने वाले ध्रुवनारायण दो बार चामराजनगर जिले के सांसद और विधायक चुने गए. वर्तमान में वह विजयनगर, मैसूर में रह रहे थे. इस बार उन्होंने नंजनगुडु निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सीट के लिए आवेदन किया था. केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पुराने मैसूर क्षेत्र में पार्टी संगठन के काम में सक्रिय रहे द्रुवनारायण की असामयिक मृत्यु से पार्टी को नुकसान हुआ है. कई गणमान्य व्यक्तियों ने ध्रुवनारायण के निधन पर शोक व्यक्त किया.कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सांसद आर ध्रुवनारायण के निधन पर शोक जताया है. उन्होंने कहा है कि ध्रुवनारायण एक मेहनती और विनम्र जमीनी नेता थे. उनका जाना कांग्रेस के लिए बड़ी क्षति है.

**राष्ट्रपति से मिले पीएम: वेबिनार को किया संबोधित किया, कहा**


# विश्वकर्मा भाइयों को संस्थागत सहायता प्रदान किया जाएगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले.दोनों शीर्ष नेताओं के बीच राष्ट्रपति भवन में मुलाकात हुई. वहीं पीएम मोदी ने शनिवार को बजट के बाद प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर आयोजित एक वेबिनार को भी संबोधित किया. कौशल भारत मिशन और कौशल रोजगार केंद्र के माध्यम से करोड़ों युवाओं को कौशल प्रदान करने और रोजगार के अवसर सृजित करने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने एक विशिष्ट और दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना इसी सोच का परिणाम है। योजना की आवश्यकता और विश्वकर्मा नाम के औचित्य के बारे में बताते हुए, प्रधानमंत्री ने भारतीय लोकाचार में भगवान विश्वकर्मा की उच्च स्थिति और उन लोगों के सम्मान की एक समृद्ध परंपरा के बारे में बात की जो अपने हाथों से औजार के साथ काम करते हैं। हाथ से बने उत्पादों के निरंतर आकर्षण का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश के प्रत्येक विश्वकर्मा भाइयों को समग्र संस्थागत सहायता प्रदान करेगी जो आसान ऋण, कौशल, तकनीकी सहायता, डिजिटल सशक्तिकरण, ब्रांड प्रचार, विपणन और कच्चे माल को सुनिश्चित करेगी। योजना का उद्देश्य अपनी समृद्ध परंपरा को बनाए रखते हुए पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को विकसित करना है। हमारा उद्देश्य है कि आज के विश्वकर्मा कल के उद्यमी बन सकें। इसके लिए उनके व्यवसाय मॉडल में स्थिरता आवश्यक है। उन्होंने सभी हितधारकों से अनुरोध किया कि वे विश्वकर्मा सहयोगियों की मदद करें, उनकी जागरूकता बढ़ाएं और इस तरह उन्हें आगे बढ़ने में मदद करें। इसके लिए आपको मैदान में उतरना होगा। इन विश्वकर्मा साथियों के बीच जाना होगा। प्रधानमंत्री ने आगे बताया कि कुशल कारीगर प्राचीन भारत में निर्यात के लिए अपने तरीके से योगदान दे रहे थे।

**स्किल इंडिया मिशन के तहत करोड़ों लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है : प्रधानमंत्री**

पीएम मोदी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का उद्देश्य कारीगरों के कौशल को निखारना, उनके लिए आसानी से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना और ब्रांड प्रचार में उनकी मदद करना है ताकि उनके उत्पाद बाजार में जल्दी पहुंच सकें।
उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य कारीगरों और लघु कारोबार से जुड़े लोगों की भी मदद करना भी है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया मिशन के तहत करोड़ों लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लघु स्तर के कारीगर स्थानीय शिल्प के निर्माण और देश के विकास में अहम् भूमिका निभाते हैं।



### पीएम आज कर्नाटक में

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को कर्नाटक में लगभग 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, मैं मांड्या और हुबली-धारवाड़ में कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 12 मार्च को कर्नाटक में रहूंगा। 16 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास होगा। उन्होंने कहा कि मांड्या से कल बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। मैसूरु-कुशलनगर राजमार्ग की आधारशिला भी रखी जाएगी। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, हुबली-धारवाड़ में विकास कार्य विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हैं।

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

# ग्रुप सी के 842 कर्मचारी होंगे बर्खास्त



**एजेंसी**

**कोलकाता:** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ग्रुप सी श्रेणी के 842 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त करने का आदेश दिया, जिन्हें कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अवैध रूप से नियुक्तियां प्रदान की गई थीं. कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग और पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को शनिवार दोपहर 12 बजे तक इस संबंध में अनुशंसा पत्र रद्द करने और सेवाओं की समाप्ति पर अलग-अलग अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने आयोग और बोर्ड को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि अब से इन ग्रुप सी के कर्मचारियों को कोई वेतन नहीं दिया जाएगा. शुक्रवार को न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय का आदेश डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा अदालत में यह बताने के बाद आया कि इन 842 ग्रुप सी कर्मचारियों में से 785 ने ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन शीट के साथ छेड़छाड़

**शनिवार दोपहर 12 बजे तक इस संबंध में अनुशंसा पत्र रद्द करने और सेवाओं की समाप्ति पर अलग-अलग अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने आयोग और बोर्ड को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि अब से इन ग्रुप सी के कर्मचारियों को कोई वेतन नहीं दिया जाएगा.**

करके नियुक्तियां हासिल कीं, जबकि शेष 57 को आयोग की वैध सिफारिशों के बिना नियुक्तियां मिलीं.आदेश पारित करते हुए, न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि न तो आयोग और न ही राज्य शिक्षा विभाग इतने बड़े पैमाने पर भर्ती भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी लेने से बच सकता है. उन्होंने कहा, इस भ्रष्टाचार का फायदा आयोग और राज्य शिक्षा विभाग के कुछ प्रभावशाली लोगों के पास गया है. उन्होंने आयोग को रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अगले 10 दिनों के भीतर शुरू करने के भी निर्देश दिये.



# डीजीपी ने एसपी के साथ की बैठक, दिये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जी 20, शब ए बारात और होली पर्व शांति पूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद अब सरहुल पर्व और रामनवमी को शांति पूर्वक संपन्न काराने की उद्देश्य से झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह राज्य के सभी आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के एसपी शामिल थे।
इस बैठक के एजेंडे में राज्य के थानों में लंबित मामले भी महत्वपूर्ण हैं। इस मीटिंग में पिछले दो साल के दर्ज मामलों के आंकड़े, प्रतिवेदित और निष्पादित केस की सूची, संगठित अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर चर्चा जारी है। इसके अलावा विभिन्न थानों में लंबित केस की लिस्ट और डिटेल्स, मानव तस्करी के वैसे मामले जिसमें विक्टिम अभी तक गुमशुदा है, साथ ही वारंट और कुर्की निष्पादन की स्थिति की समीक्षा भी रही है।इस बैठक में सभी जिलों के एसपी और रेल एसपी के कामकाज की बारी बारी से समीक्षा की जा रही है। हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए जो योजनाएं बनी हैं, उन पर कितना अमल किया गया है उसका भी रिपोर्ट डीजीपी के सामने रखा गया है।

# राज्यसभा में माइक ऑफ नहीं होता इमरजेंसी में हुआ था : जगदीप धनखड़

**एजेंसी**

**मेरठ :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे देश में राष्ट्रवाद की कमी कभी नहीं रही। इस मामले में हमारा डीएनए दुनिया में सबसे मजबूत है। कुछ लोगों ने भारत की प्रतिष्ठा को कुंठित करने की ठान ली है। राज्यसभा में आज तक माइक ऑफ नहीं हुआ है। वे देश के बाहर जाकर कहते हैं कि संसद में माइक बंद कर दिया गया जबकि देश के अंदर इमरजेंसी के समय संकट आया था। उस दौरान माइक भी बंद हुआ था। वह दिन अब कभी नहीं आ सकता।
धन सिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वालों पर चुप्पी मत साधिये। जनता को इन मामलों में दखल देना होगा। इससे सभी रास्ते पर आएंगे। भारत के पास पांच हजार वर्षों से अधिक की संस्कृति मौजूद है। हमें देश को आगे रखने का संकल्प लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश



में रहने वाले भाग्यशाली है। भारत का भविष्य 2047 तक उज्ज्वल रहेगा। भारत विश्वगुरु होगा। भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति होगा।
उप राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृत काल की नींव 2014 में पड़ गई थी। 30 साल के बाद पहली बार देश में बहुत की सरकार बनी और उत्तर प्रदेश में भी बड़ा बदलाव आया। पिछले छह वर्ष में जो सोचा नहीं था, वह मुमकिन हो रहा है। इसलिए इस अमृत काल में मुझे 1857 की क्रांति के नायक की प्रतिमा के अनावरण का सौभाग्य मिला है। उनमें बड़ा जज्बा, राष्ट्रभक्ति थी और 800 से ज्यादा बंदियों को छुड़ाया। पूरे देश के अंदर एक नई चिंगारी उत्पन्न हुई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहते हुए मंगल पांडे द्वारा क्रांति की शुरूआत करने के स्थल पर गया तो यह जानकारी मिली। मेरे अंदर निराशा थी कि हम अपने शहीदों को भूल गए। स्वतंत्रता संग्राम के महायज्ञ में आहुति देने वालों को हम याद क्यों नहीं कर पाए। इतिहास में ये बात सही तरीके से क्यों नहीं समझाई गई। अमृत काल में ऐसे अनसुने और अज्ञात शहीदों और क्रांतिकारियों को याद किया जा रहा है। उनका अनुकरण भी करना है। आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है। किसी भी बड़े संकट के समय दुनिया के देश भारत की ओर देखते हैं। इसका कारण है कि हमने भूले हुए लोगों को याद करना चालू कर दिया है। यह पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। जो सोचा नहीं था, वह मुमकिन हो रहा है।
उप राष्ट्रपति ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश को लेकर चिंता होती थी। अब ऐसा बदलाव आया है, उससे मन प्रफुल्लित हो जाता है। सही मायने में विकास की गंगा इसी प्रदेश में बह रही है। पहले उप्र में अराजकता पराकाष्ठा पर थी। कानून व्यवस्था के मामले में उप्र उत्तम प्रदेश है। बिना ऐसी व्यवस्था के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उप्र में जो विकास की नींव अब पड़ रही है, उसका असर देश और विदेश पर पड़ेगा। सितंबर 2022 में एक बहुत बड़ा माइलस्टोन अचीवमेंट हुआ है। ब्रिटेन को पछाड़ कर भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक महाशक्ति बना।

# गोवा के जंगलों में भीषण आग, वायुसेना व नौसेना ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : गोवा के जंगलों में लगी आग शनिवार को सातवें दिन भी बढ़ती जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए भारतीय वायु सेना और नौसेना के हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय सक्रिय हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने गोवा के महादेई वन्यजीव अभयारण्य में लगी आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना और नौसेना से पूरी मदद दिलाने का भरोसा दिया है, जिस पर पीएमओ भी करीबी नजर रखेगा। गोवा के वन्यजीव अभयारण्य और आसपास के इलाकों के कुछ हिस्सों में शनिवार को सातवें दिन भी जंगल में आग लगी रही। जंगल के 11 हिस्सों में लगी आग बुझाने के लगातार प्रयास चल रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने स्थिति की निगरानी के लिए 07 मार्च को ही राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ बैठक करके वायु सेना और नौसेना से सहायता मांगी थी। जिला प्रशासन के अनुरोध पर भारतीय नौसेना ने आग पर काबू पाने के लिए अपने संसाधन लगा दिए। क्षेत्र का सर्वेक्षण करने और आग का पता लगाने के लिए 07 मार्च को ही एक डोर्नियर उड़ाया गया था। इस ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टरों में उपयोग किए जाने वाले विशेष गियर लार्ज एरिया एरियल लिक्विड डिस्पर्सन इक्विपमेंट को मुंबई और कोच्चि से मंगवाया गया। नौसेना के



हेलीकॉप्टर राज्य के अधिकारियों और वन अधिकारियों के समन्वय में 07 मार्च से इस अभियान में लगे हुए हैं। नौसेना के सीकिंग हेलीकॉप्टरों ने 08-09 मार्च को भी कई मिशनों में उड़ान भरी और प्रभावित क्षेत्रों म्हादेई, कोर्टालिम और मोरलेम में 26 उड़ानें भरकर लगभग 17 टन पानी का छिड़काव किया। नौसेना ने हेलीकॉप्टरों के जरिये 08 मार्च को इस जटिल ऑपरेशन में पास के जल निकाय से पानी लाकर दुर्गम प्रभावित क्षेत्र में छोड़ने का मिशन लांच किया था। नौसेना के इस अभियान में सर्वेक्षण और अग्निशमन के लिए भारतीय वायु सेना ने भी अपने एमआई-17 हेलीकॉप्टरों को तैनात कर दिया है। दक्षिणी एयर कमान से एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात करने के बाद भारतीय वायु सेना ने 09 मार्च को गोवा में आग प्रभावित क्षेत्रों में बाम्बी बकेट ऑपरेशन के लिए वायु सेना के सुलुर स्टेशन के एक और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को तैनात किया। एमआई-17 हेलीकॉप्टरों ने लगभग सात घंटे तक कई मिशनों में उड़ान भरी और आग बुझाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगभग 22 हजार लीटर पानी का छिड़काव किया है। वायु सेना इस मिशन में भारतीय नौसेना और नागरिक प्रशासन के साथ निकटता से समन्वय कर रही है।

# लालू परिवार के ठिकानों से लाखों रुपए सहित दो किलो सोना बरामद

**एजेंसी**

**पटना :** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई और ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है.इसी कड़ी में शुक्रवार को ईडी ने देश के कई 24 ठिकानों पर 12 घंटे से ज्यादा छापेमारी की. इसमें लाखों रुपये और आभूषण की भी बरामदगी हुई है.
इस मामले में ईडी की मानें तो 600 करोड़ की गड़बड़ी का पता चला है. इसमें कहा गया है कि लालू यादव के परिवार और उनके सहयोगियों की ओर से विभिन्न स्थानों पर रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए निवेश का पता लगाने के लिए जांच चल रही है.जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने लालू यादव के करीबियों और परिवार वालों के ठिकानों से 1 करोड़ रुपये नकद के साथ-साथ 19 सौ अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं. इसके अलावा 540 ग्राम सोने का बिस्किट,डेढ़ किलो वजन के सोने के आभूषण भी जब्त हुए हैं. जांच एजेंसी के अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है.
बरामदगी के बारे में ईडी ने अपना आधिकारिक साइस से ट्वीट भी किया है.लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में पहले बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से सीबीआई ने पूछताछ की. इसके अगले दिन सीबीआई की टीम दिल्ली में लालू यादव से सवाल जवाब किए. इसके बाद ईडी ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की. पटना, दिल्ली, मुंबई, रांची सहित देश के 24 ठिकानों पर रेड मारी गयी.

पलामू में मैट्रिक के 74 व इंटर की 37 सेंटर पर होगी परीक्षा

# मैट्रिक के 41,320 व इंटर के 34,318 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में 14 मार्च से प्रारंभ हो रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं को कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली.शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 74 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 41,320 एवं इंटर के 34,318 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त के अलावे सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनुमंडल के सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** वार्षिक मध्यमिक परीक्षा तथा इंटरमीडिएट परीक्षाके मद्दे नज़र अनुमण्डल पदाधिकारी ने निर्धारित परीक्षा केंद्रों के 500 गज के अंदर धारा 144 लागू कर दिया है।जिससे निर्धारित केंद्रों पर बिना किसी व्यवधान के परीक्षा सम्पन्न किया जा सके। बताते चले कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा विज्ञान व वाणिज्य 14 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जिनमें राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना, मध्य विद्यालय सिलिदाग रमना, बालिका उच्च विद्यालय रमना, मध्य विद्यालय बिशनपुरा, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय धुरकी, गवर्नमेंट बालिका मध्य विद्यालय धुरकी, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर, बेसिक विद्यालय भवनाथपुर,मध्य विद्यालय मकरी भवनाथपुर, टू प्लस टू उच्च विद्यालय राजी खरौंधी, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा खरौंधी, मध्य विद्यालय केतार, राजकीयकृत उच्च विद्यालय नगर उंटारी, राजकीयकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम नगर उंटारी, राजकीय अम्बालाल पटेल बालिका उच्च नगर उंटारी, शंकर प्रताप देव् इंटर कॉलेज नगर उंटारी, टीडीएम कालेज नगर उंटारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नगर उंटारी, माँ नगीना शाही इंटर कॉलेज नगर उंटारी, राजकीयकृत उच्च विद्यालय भवनाथपुर बनाया के नाम शामिल है। उपरोक्त परीक्षा के दौरान कदाचार करने की नियत से परीक्षा केंद्रों के आसपास अभिभावकों एवं असामाजिक तत्वों के एकत्रित होने से रोकने एवं परीक्षा को प्रभावित करने की घटना को रोकने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी आलोक कुमार ने धारा 144 लगा दिया है।

## हुसैनाबाद में ऊर्जा मेला का हुआ आयोजन, उपभोक्ताओं ने रखी समस्या

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत स्थित विद्युत सब स्टेशन परिसर में शनिवार को ऊर्जा दिवस सह मेला का आयोजन किया गया। मेला में उपभोक्ताओ ने आवेदन के माध्यम अपनी समस्याओं को रखा। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता संजय कुमार व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उनका समाधान किया व उन्हे मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर मेला का आयोजन किया गया है। ऊर्जा मेला में सरकार द्वारा एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली की जानकारी दी गई। इसके अलावा खराब मीटर बदलने, नया कनेक्शन लेने, बिल में गड़बड़ी से संबंधित जानकारी, विद्युत कनेक्शन काटने जोड़ने से संबंधित जानकारी व बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे इस संबंध में बताया गया। मेला में हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के उपभोक्ता शामिल हुए। भाग ले सकते हैं। मेला में विभागीय अभियंता मौजूद थे।

## रिटायर आई एफ एस का निधन से पैतृक गांव लोहरपुरा में पसरा सन्नाटा



**हैदरनगर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर थाना क्षेत्र के लोहरपुरा गांव के मूल निवासी व्यास सिंह (८४वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद शनिवार की सुबह मेदिनीनगर स्थित आवास पर निधन हो गया। इनके पुत्र सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह व पूर्व जिला परिषद सदस्य सचिदानंद सिंह उर्फ सत्या सिंह ने बताया कि उनके पिता ने भारतीय वन के अलावे वन्य प्राणियों की भी तन मन व धन से सेवा करने में कोई कोताही नहीं की। उन्हें बेहतर कार्य प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पदक से सम्मानित भी किया, जो उनके समस्त परिवार सहित पैतृक जन्मभूमि को गौरव आज भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके पिता वनवासी कल्याण आश्रम पलामू के बतौर जिलाध्यक्ष सेवा ही नहीं की, बल्कि उन्होंने सेवा सहित जीवन काल में वन व वन्य प्राणियों से आमत्मीय लगाव जुड़ा रहा। उन्होंने अपने निजी आवास में हाथी को पालकर भरण पोषण भी की। साथ ही सेवानिवृति उपरांत अब तक कई प्रकार के फूल पौधा उगाने व उसे बचाने में बहुमूय योगदान दिया। इनकी देहांत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। कई घरों से सपरिवार मेदिनीनगर शव के अंतिम दर्शन को रवाना हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि बीमारी अवधि में पिछले सप्ताह ही आईसीयू में भर्ती थे। उनका दाह संस्कार पूरे सम्मान के साथ कोयल नदी के तट पर किया। इनके निधन पर भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त कर कहा कि वे अपने पीछे तीन शालीन पुत्रों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

# 116 पीडीएस दुकानों का किया गया जांच, बंद मिले 22 दुकान

हुसैनाबाद व पांकी में एक-एक डीलर को किया गया सस्पेंड




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर 10 मार्च 2023 को पूरे पलामू जिले में 21 पदाधिकारियों व तीनों एसडीओ द्वारा जिले में 116 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।उपायुक्त के स्तर से गठित टीम में प्रत्येक पदाधिकारियों को प्रति प्रखंड पांच पीडीएस दुकानों के सघन जांच के आदेश दिये गये थे।अधिकारियों ने जांच के क्रम में दुकानों में विगत वितरण की स्थिति, ऑनलाइन वितरण की स्थिति, विगत माह में आवंटित अनाज,व र्तमान माह में आवंटित अनाज, दुकान पर सूचना पट्ट अंकित है या नहीं, सभी पंजियां अद्यतन है कि नहीं आदि की जांच की गयी थी जिसके पश्चात घोर लापरवाही की पुष्टि के बाद दो डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया साथ ही 36 डीलरों को शोकॉज़ किया गया है संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर इन सभी डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड करने को कार्रवाई की जायेगी। डीएसओ प्रीति किस्कू ने बताया कि जिन 36 डीलरों को स्पष्टीकरण किया गया है उनमें जांच के दौरान 22 दुकानें बंद पायी गयी थी वहीं 14 दुकानों में भौतिक सत्यापन के क्रम में भंडारित खाद्यान्न की मात्रा स्टॉक में कम पाया गया था।

**गड़बड़ी करने वाले राशन डीलर कार्रवाई के लिए रहें तैयार : उपायुक्त**

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पीडीएस डीलरों से नियमित रूप से राशन वितरण करने अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि राशन की कालाबाजारी करते,या अंगूठा लगाने के बावजूद राशन वितरण नहीं करने की शिकायत पर संबंधित डीलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर को बेहतर शिक्षा देने को ले हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** हैदरनगर शुक्रबाजार स्थित पँचायत भवन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बेहतर शिक्षा देने सहित विद्यालय को विकसित बनाने को लेकर हैदरनगर पँचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें नए कमिटी का गठन करते हुए विद्यालय को स्थान परिवर्तन करते हुए बड़ा शिवालय स्थित शिव मंदिर प्रांगण में संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के प्राचार्य सहित कई गण्यमान व प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान 1 अप्रैल 2023 से शिव मंदिर प्रांगण में विद्यालय संचालित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक के दौरान कमिटी का विस्तार करते हुए विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा का बेहतर व्यवस्था देने की सहमति जगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की कमिटी के सदस्यों द्वारा बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय द्वारा ही यूनिफार्म, पुस्तक सहित विद्यालय में कमी को पूर्ण करने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। बैठक में संतोष कुमार सिंह के साथ बभनडीह पँचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह, अलख प्रसाद, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, पवन जायसवाल, अशोक कुमार दुबे, मुकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रंजन गुप्ता, धनंजय सिंह, अरुण गुप्ता, आदि कई लोगों ने जागरूकता के लिए हैदरनगर बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण करने का संकल्प लिया। विद्यालय को प्रचार प्रसार के लिए ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार करने की भी सहमती बनाई गई।

## बीस वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के करकट्टा गांव निवासी रामलखन राम की बीस वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी शुक्रवार की शाम अपने ही घर में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना पुलिस बल मौके पर पहुंची व शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के दिन मृतक अपने घर मे अकेले थी। थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने बताया कि युवती ने आत्महत्या किस वजह से की इसे लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पड़वा के पूर्व उपप्रमुख के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

**पड़वा, पलामु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पड़वा के पूर्व उप प्रमुख चंदेश्वर कुमार मेहता उर्फ चनू मेहता ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता के भतीजा पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पड़वा थाने में मामला दर्ज कराया है. अपने आवेदन में चनू ने कहा है कि बुधवार की शाम गांव के ही धर्मेंद्र महतो के घर प्रसाद खाने गए थे. इसी दौरान पिंटू प्रकाश मेहता पिता स्व संजीव कुमार मेहता उर्द सदन मेहता, पंकज कुमार मेहता, पंचम कुमार मेहता दोनो के पिता मदन कुमार महतो, अनिमेष कुमार मेहता, अविनाश कुमार मेहता पिता स्व ब्रजेश महतो , अरविन्द कुमार मेहता पिता नरेश मेहता, सुमंत कुमार मेहता पिता अवधेश मेहता पहुंचे और गली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे. इसी दौरान आरोपियों ने गले से सोने का चैन, पांच हजार रुपये नकदी छीन लिया। मारने पीटने के बाद कनपटी में पिस्टल सटाकर बोला कि मेरे चाचा राजन मेहता को परेशान करते हो। आग लगाकर पूरे परिवार को जान से मार देंगे। आरोप है कि घटना के मारपीट के दूसरे दिन अनिमेष कुमार मेहता फ़ोन पर केश नही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि केश कर दिया तो पूरे परिवार को घर से उठाकर जान मार देंगे. इधर खुलेआम मोबाइल पर केश नही करने की चेतावनी व केश करने पर उठा लेने और पूरा परिवार को जान से मारने की धमकी से पीड़ित का परिवार दहशत में है। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया की चंदेश्वर कुमार के लिखित आवेदन पर भादवी की धारा 147, 148, 341, 323, 379, 504, 506 के तहत कांड संख्या 18/2023 दर्ज कर लिया गया है. मामले की छानबीन की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि आज पूरी दुनिया में महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और उन्हें जागरूक बनाने हेतु भारत में भी कई सरकारी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षित महिलाये ही अपने हक और अधिकार की बातों को समझ पायेंगी.जिला परिषद सदस्य बाला रानी ने कहा कि सरकार महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर उन्हें समाज में आगे लाने का कार्य कर रही है.प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है बल्कि कई क्षेत्रों में तो वे पुरुषों से आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं फिर भी गांव समाज में कुछ महिलाएं है जिन्हें जागरूक करना जरूरी है।

## मदरसा खैरुल इस्लाम में इस्लाह ए मुआशरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद शहर के मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में शुक्रवार की रात अजुमुशान इजलास व इस्लाह ए मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मदरसा के प्रधान मौलवी खुर्शीद अनवर नूरी ने किया, संचालन मौलाना लाल मोहम्मद ने की, कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन समाजसेवी व कॉन्फ्रेंस के संरक्षक शेर अली व मदरसा के अध्यक्ष फिरोज़ अहमद, पार्षद सुहैल आलम व ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जलसा की शुरुआत मौलाना जिकरुल्लाह मक्की व मौलाना जहँगीर ओवैसी द्वारा तिलावत ए कुरान पाक से हुआ। जलसा को संबोधित करते हुऐ मौलाना सैयद मंजर हुसैन ने कहा की कुरान को हिफ़्ज़ करने वाले व्यक्ति के दरजात बहुत बुलंद होते है।यदि घर मे एक हाफिज हो गया तो समझो घर की बख्शिश का जरिया हो गया, उन्होंने शिक्षा के संदर्भ में कहा की मदरसा की बुनियाद ही अल्लाह और उसके रसूल के कलाम यानी कुरान और हदीस की हिफाजत पर रखी जाती है, मदरसों में शिक्षा के साथ दीनी और इंसानियत की तालीम दी जाती है।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण केतात कला पंचायत में हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड जैव विविधता पर्षद रांची एवं हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन रांची द्वारा बिश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत सचिवालय में पंचायतों में गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायती राज विभाग के पलामू गढ़वा प्रशिक्षण दे रहे अनूप तिवारी ने समिति का खाता खोलने पंचायत भवनों में कार्यालय आवंटन हेतु कमरा आवंटित करने तथा व्यापारियों से लाभ का 5 त्न कमेटी में फीस के रूप में लेने समिति के अधिकार एवं कर्तव्य पर जोरदार चर्चा किए अनूप तिवारी ने बताया सरकार के द्वारा चलाई जा रही यह कार्यक्रम अभी शुरुआती चरणों में है आने वाला समय मुखिया के चुनाव से अत्यधिक प्रभावी हो जाएगा क्योंकि इसमें पंचायत से जुड़ी जैव विविधता का संरक्षण करना है वही कार्यक्रम में अतिथि प्रेमतोष पांडे ने जैव विविधता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। पंचायत में संपन्न हुए अध्यक्ष का चुनाव तथा प्रखंड से वनपाल का ज्वाइंट अकाउंट खोलकर पंचायत के विकास में सहयोग करने के मुद्दों पर श्री पांडे ने अपना राय रखा केतात कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे ने बिश्रामपुर प्रखंड के सभी 10 पंचायत से पहुंचे जैव विविधता प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को बेहतर व सुव्यवस्थित रूप से बैठने का व्यवस्था किया तथा सदस्यों को भरपूर सहयोग किया।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत चलाया गया जागरूक अभियान

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एलपीजी पंचायत के तहत भागोडीह स्थित चौपाल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को गैस सिलिंडर से सुरक्षा एवं रख-रखाव के बारे में जानकारी दी गयी।साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा रिफलिंग कराने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक हजारीबाग नितेश कुमार के निर्देश पर किया गया। मौके पर एजेंसी संचालक प्रवीण कुमार, मैनेजर किशोर कुमार, पंकज कुमार, अभिषेक कुमार, कुलदीप प्रजापति, सन्तोष कुमार, कन्हाई कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# छुट्टी में गांव पहुंचे एनडीआरएफ जवान ने अगलगी की घटना में बचाई वृद्ध महिला की जान

➲ अगलगी की घटना की जानकारी के बाद दमकल गाड़ी व फायर ब्रिगेड टीम के साथ पहुंचे रेहला थाना प्रभारी, कहा घटनाक्रम की ली जा रही है जानकारी






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र के जिंजरा गांव में शुक्रवार की रात एक वृद्ध महिला सुघरमानी कुंवर के घर में अचानक आग लग गई। महिला की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग दौड़े। गांव में छुट्टी पर पहुंचे एनडीआरएफ में पदस्थापित अतेंद्र कुमार मिश्रा व एक अन्य सीआरपीएफ के जवान सत्येन्द्र मिश्रा ने साहस दिखाते हुए आग की लपटों के बीच घर के दरवाजे को तोड़कर वृद्ध महिला को घर से बाहर निकाला। वहीं स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में सफल हुए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ग्रासिम इंडस्ट्रीज की दमकल गाड़ी सहित फायर ब्रिगेड टीम के साथ पहुंचे। साथ हीं पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली। घटना रात लगभग 9ः00 बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार जिंजरा गांव निवासी लगभग 85 वर्षीय सुघरमानी कुंवर खपरैल घर में अकेली रहती है। रात को घर में सोई हुई थी। इसी बीच आग की लपटें देखकर चिखते-खिलाते लोगों से बचाने की गुहार लगा रही थी। लेकिन वृद्ध होने के कारण उसकी आवाज घर से बाहर नहीं निकल पा रही थी। आसपास के लोग घर से आग की तेज लपटों को देखकर कुछ समझ पाते कि दौड़े-दौड़े पास पहुंचे। लोगों ने बताया कि घर के अंदर सुघरमानी कुंवर अकेली चीख चिल्ला रही है। इसी बीच गांव के ही अतेंद्र कुमार मिश्रा नाम का युवक जो एनडीआरएफ में पदस्थापित है उसने साहस दिखाते हुए घर के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश करते हुए वृद्ध महिला को बाहर निकाला। इस कार्य में गांव की ही एक अन्य सीआरपीएफ जवान सत्येंद्र मिश्रा ने भी साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पाने में स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर हाथ बटाया। इधर अगलगी की घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक को दी गई। जो ग्रासिम इंडस्ट्रीज से दमकल गाड़ी व फायर ब्रिगेड टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां सभी के प्रयास से आग पर काबू पा ली गई। साथ हीं वृद्ध महिला को भी सकुशल बचाया जा सका। इस कार्य में सुमित मिश्रा, अमित मिश्रा, राजेश मिश्रा, रौशन मिश्रा, केदार नाथ मिश्रा, विद्या नाथ मिश्रा आदि ने आगे बढ़कर कार्य किया।

**कैसे हुई अगलगी की घटना**

रेहला थाना क्षेत्र के जिंजरा गांव में शुक्रवार की रात एक वृद्ध महिला सुघरमानी कुंवर के घर में अगलगी की घटना कैसे हुई? इस संबंध में एक स्थानीय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह घर के आसपास बिखरे पड़े पौधों की पत्तियों में आग लगाई गई थी। जो धीरे-धीरे फैलते हुए घर के समीप रखे सूखी लकड़ी को पकड़ लिया था। हालांकि वृद्ध महिला के द्वारा पानी डालकर बुझा दिया गया था। फिर उन सभी लकड़ियों को जलावन के लिए घर के भीतर ले गई व एक चौकी पर रख दी थी। लोगों की माने तो लकड़ी में लगी आग ठीक से नहीं बुझ पाई। जो धिरे-धिरे विशाल रुप लेकर आग की लपटों में पूरी घर को अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि जितने मुंह उतनी बातें लोगों के द्वारा कही जा रही है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि घटनाक्रम की जानकारी ली जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरुकता सह एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** समाज मे बदलाव के बाहक बन रही है महिलाएं, एल ए डी सी चीफ महिलाएं को कानून में इतना अधिकार दिए गए है कि किसी का जिंदगी खराब कर सकती हैं, डिप्टी चीफ। अंतरास्ट्रीय महिला दिवस पर हुसैनाबाद ब्लॉक परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, बीडीओ, रतन कुमार सिंह, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, वीर विक्रम सिंह, नीतू सिंह संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि महिलाएं अब बदलाव की बाहक बन रही हैं। आधी आबादी को नजरअंदाज कर कोई भी समाज आगे नही बढ सकता हैं।उन्होंने महिलाओं को डालसा से मिलने वाले मुफ्त कानूनी अधिकार के अलावे सम्पति का अधिकार, दहेज उत्पीड़न के खिलाफ अधिकार, मातृत्व सम्बंधि लाभ का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार के बारे में बिस्तार से चर्चा की। इस मौके पर लिगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि आज के महिलाओं को कानून में इतना अधिकार है कि पुरुषों का जिंदगी खराब कर सकती है।परन्तु महिलाएं लोक लाज व गरीबी के कारण अत्याचार सहते रहती हैं।यही बजह हैं कि बलात्कार, शोषण, मारपीट, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना जैसे कुरीतियों लम्बे समय से चली आ रही है। हालाकि इन सबके निवारण के लिए बहुत सारे कानून बनाकर दूर करने का प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु जागरूकता से ही और महिला साक्षरता से ही इन कुरीतियों पर लगाम लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं उपभोग की बस्तु नही बल्कि समाज के लिए उपयोगी है।उन्होंने कहा कि अज्ञानता के कारण ही महिलाएं मानसिक और शारीरिक शोषण का शिकार होती है। महिला उत्पीड़न सुरक्षा और शिकायत के लिए विशाखा गाइडलाइन की जानकारी सभी कामकाजी महिलाओं को होना जरूरी है ।उन्होंने कहा कि मातृत्व लाभ कामकाजी महिलाओं के लिए सिर्फ सुविधा ही नहीं है बल्कि यह उनका अधिकार भी है। मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत एक नई मां के लिए प्रसव के बाद मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह तक कर दिया गया है ।इस अवधि में महिला के वेतन में कोई कटौती नहीं की जा सकती।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची विवि में 13 मार्च को वोटिंग से होगा कर्मचारी संघ का चुनाव

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय में 40 साल बाद मतदान के माध्यम से कर्मचारी संघ का चुनाव होगा। 13 मार्च को वोट डाले जायेंगे। उसी दिन मतों की गिनती होगी और रिजल्ट भी घोषित होगा। बताया गया कि पिछले 40 साल से यहां मनोनयन के आधार पर ही संघ के पदाधिकारी चुने जाते रहे हैं। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ का चुनाव 2017 में हुआ था। इसके बाद यहां पर चुनाव नहीं हुए हैं। यही हाल कमोबेश झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों का भी है। कोल्हान विश्वविद्यालय में आठ साल पहले कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मनोनीत किये गये थे। इसके बाद से यहां न तो चुनाव हुए और न ही संघ के पदाधिकारियों का मनोनय।

### तीन दिवसीय बीज उत्पादकों का प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** झारखंड सरकार के द्वारा मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र शालीमार,धुर्वा, रांची में तीन दिवसीय बीज उत्पादकों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। ऐसे सभी किसान भाई जो मछली के बीज का व्यापार करना चाहते हैं वे इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इसके लिए अपने जिला के जिला मत्स्य कार्यालय से संपर्क करके अपना नाम अपने जिला के बैच के समय भिजवा दीजिए और जिला से सहमति मिले तो प्रशिक्षण में आ जाइए। आप जानते हैं कि मछली के बीज का व्यापार बहुत ही लाभदायक है और बीज नहीं रहने के कारण कई किसान मछली पालन नहीं कर पाते हैं।झारखंड के अधिकांश किसान मछली के बीज के लिए पड़ोसी राज्य पर निर्भर रहते हैं अतः यदि आप अपने तालाब में मछली के बीज का उत्पादन करेंगे तो निश्चित रूप से आप बहुत सारा पैसा कमा सकते हैं।

## झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से, तैयारी पूरी

# आठ लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होने वाली है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से परीक्षा की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस साल की परीक्षा राज्यभर में बनाए गए 14 सौ केंद्रों में ली जाएगी। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड उनके स्कूल, कॉलेजों से दिए जा चुके हैं। परीक्षा आयोजन को लेकर जैक की ओर से सभी जिलों और परीक्षार्थियों के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जैक ने 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बदलाव किया है। यह बदलाव सरहुल पर्व को लेकर किया गया है। इस दिन झारखंड में सरहुल पर्व मनाया जाता है। 24 मार्च को होने वाली मैट्रिक की परीक्षा 25 मार्च को ली जाएगी। वहीं इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल को होगी।

परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जैक ने बोर्ड की परीक्षाओं के लिए सेंटर का निर्धारण किया है। मैट्रिक का परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर बनाया गया है, जबकि इंटर का परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कई ऐसे परीक्षा केंद्र भी हैं, जहां मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षा होगी।



### रांची में 159 केंद्रों में होगी परीक्षा

रांची में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 159 केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 102 और इंटर की परीक्षा के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। रांची से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 82 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। रांची जिले में इस वर्ष मैट्रिक से अधिक परीक्षार्थी इंटर में हैं।

### 1400 केंद्रों पर करीब आठ लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 1400 केंद्रों पर होगी। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। पिछले साल 1936 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। वहीं, इस साल करीब आठ लाख परीक्षार्थी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इसके तहत मैट्रिक की परीक्षा में करीब साढ़े चार लाख और इंटर की परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी केंद्राधीक्षकों से कहा कि किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण में अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों में पेयजल की उपलब्धता, ओआरएस घोल रखने का निर्देश दिया गया है।

### 15 जून तक रिजल्ट जारी होने की संभावना

जैक के सचिव एमके सिंह ने बताया कि इस बार जैक ने परीक्षा से लेकर रिजल्ट जारी होने तक का शेड्यूल निर्धारित किया है। साथ ही इस शेड्यूल का पालन करने की हर कोशिश की जा रही है। इस साल जो शेड्यूल तय किया गया है, उसके मुताबिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल माह में शुरू होगा, जबकि 15 जून, 2023 तक रिजल्ट जारी होने की संभावना है।

## दुमका के पूर्व सीओ दिलीप कुमार महतो पर होगी विभागीय कार्रवाई

**जांच में सारे आरोप प्रमाणित पाये गये जिसके बाद उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया गया। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस अरविंद कुमार को बनाया गया है। वहीं, उपस्थापन पदाधिकारी अपर समाहर्ता दुमका को बनाया गया है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तत्कालीन अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो पर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी है। वे अभी गिरिडीह में बीडीओ के पद पर पदस्थापित हैं।

इस संबंध में शनिवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। बताया जाता है कि दिलीप कुमार महतो पर दुमका में अंचलाधिकारी के पद पर रहते हुए 2015-16 में भ्रष्टाचार में लिप्त होकर निजी स्वार्थवश रेलवे की अधिग्रहित भूमि को बिना अंचल निरीक्षक के अनुशंसा प्राप्त किए नामांतरण करने, स्थल निरीक्षण नहीं करने, नामांतरण स्वीकृत करने के पूर्व कार्यालय में रखे गये अभिलेखों, कागजातों का अवलोकन नहीं करने, नोटिस का तामिला नहीं कराने जैसे आरोप उपायुक्त दुमका ने लगाए थे और सरकार को कार्रवाई की अनुशंसा की गयी। जांच में सारे आरोप प्रमाणित पाये गये जिसके बाद उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया गया। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस अरविंद कुमार को बनाया गया है। वहीं, उपस्थापन पदाधिकारी अपर समाहर्ता दुमका को बनाया गया है। बीडीओ से 15 दिनों में अपना लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है।

## रांची जीपीओ में पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जीपीओ में पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक के डी राय व्यथित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन के निमंत्रण पर ए एस जी हास्पीटल की टीम एवं रेटिना स्पेशलिस्ट डॉ जयंत एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित हुए। लगभग तीन दर्जन से अधिक पेंशनर्स के शूगर एवं बी पी की मुफ्त जांच की गई। डॉ जयंत ने रेटिना डायबिटिक से संबन्धित परामर्श दिया। इस बीमारी को गम्भीरता से लिये जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि डायबिटिक पेशेंट रेटिना की जांच अवश्य करा लें। इससे पूर्व राज्य सचिव ने पेंशनर्स की समस्याओ पर बात रखते हुए कहा कि पोस्टमैन के बकाया भुगतान को लेकर 20 मार्च को झारखंड के समस्त मंडलों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन* किया जा रहा है। डीजी ,सीजीएचएस (मु) नई दिल्ली डॉ विनोद शर्मा की उपस्थिती में उठाया। मौके पर उपस्थित ए डी डॉ सोनाली भट्टाचार्य को एक माह के अंदर इसके निराकरण को लेकर निर्देशित किया। ए एलसी के लिए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया शुरू कर पेंशनर्स को राहत दिये जाने की बात कही। सभा को साधन सिंहा,रमेश सिंह, गणेश डे, धनेश्वर गोस्वामी, बी बारा ,जेठू बड़ाईक आदि ने सम्बोधित किया।मुख्य उपस्थिती राजेंद्र महतो,रफी अहमद,त्रिलोकी साहू, सुखदेव राम,डी एन साहू, गोपाल साहू, जयप्रकाश, एस के कंठ,चन्देश्वर राम आदि शामिल थे।

## साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक होना जरूरी : विनीत कुमार

**श्री कुमार ने शनिवार को होटल रेडिसन ब्लू में पूर्वोत्तर क्षेत्र के साइबर पीस क्लस्टर की झारखंड में घोषणा करते हुए कहा कि साइबर अपराध के पीड़ितों को साइबर थाना या संबंधित संस्थानों में अविलंब शिकायत दर्ज करानी चाहिए।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराध पर नियंत्रण और पीड़ितों को समुचित न्याय दिलाने के उद्देश्य से गठित संस्था साइबर पीस के संस्थापक और ग्लोबल प्रेसिडेंट विनीत कुमार ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। लोग सतर्क व जागरूक रहेंगे तो काफी हद तक साइबर अपराध से बचाव संभव है। श्री कुमार ने शनिवार को होटल रेडिसन ब्लू में पूर्वोत्तर क्षेत्र के साइबर पीस क्लस्टर की झारखंड में घोषणा करते हुए कहा कि साइबर अपराध के पीड़ितों को साइबर थाना या संबंधित संस्थानों में अविलंब शिकायत दर्ज करानी चाहिए। वहीं पुलिस भी त्वरित कार्रवाई करे तो काफी हद तक साइबर अपराध पर लगाम लग सकता है और तत्काल साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी संभव है, अन्यथा देर से की गई शिकायत से सकारात्मक परिणाम नहीं मिल सकेगा। यूके इंडिया साइबर सिक्योरिटी कोऑपरेशन, ब्रिटिश उच्चायोग के सहयोग से साइबर पीस के तत्वावधान में झारखंड में साइबर अपराध पर नियंत्रण संबंधी संगोष्ठी आयोजित की गई। एमिटी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रभात त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर आयोजित संवाद में राकेश माहेश्वरी, डॉ संगीता लाहा, डॉ सोमेन कनरार, राजीव सिंह, गणेश रेड्डी, नवीन कुमार सिंह सहित अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## राज्यपाल ने एएसआई के परिजनों को दिया 50 हजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को विशेष शाखा से राज भवन में प्रतिनियुक्त रहे सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) सतीश प्रसाद के परिजनों से राज भवन में मिले। राज्यपाल ने इस अवसर पर उनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से 50 हजार की सहायतार्थ राशि प्रदान की और उन्हें हर संभव सहायता करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने सतीश प्रसाद के परिवार के सदस्य की अनुकम्पा पर शीघ्र नियुक्ति के लिए पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व विशेष शाखा के सहायक अवर निरीक्षक सतीश प्रसाद का असामयिक निधन हो गया था। वह राजभवन में पदस्थापित थे।

## मई में राँची में होगा कलाकारों का जुटान : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकार,हमारी संस्कृति और कलाओं के वाहक होते हैं। इन्हीं के माध्यम से हमारी कलाएं जीवंत और संरक्षित भी रहती हैं। संस्कृतियों के संवर्धन की बड़ी जिम्मेदारी कलाकारों के ऊपर होती है परंतु कई बार हम देखते हैं कि कलाएं संरक्षित रहें, सुरक्षित रहें, इसके लिए कलाकारों का भी संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता होती है। उन्हें भी मोटिवेशन की आवश्यकता होती है। उन्हें भी प्रमोशन की आवश्यकता होती है।



इसी उद्देश्य के साथ 5, 6 और 7 मई 23 को रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं से जुड़े विभिन्न विधाओं के कलाकार अपनी अपनी सहभागिता निभाएंगे। उनकी कलाओं को, संस्कृतियों को हम राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर लेकर जाएं, इस उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव में जनजातीय समूह नृत्य, जनजातीय इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता, सामूहिक फोक नृत्य, क्लासिकल नृत्य, फ्री स्टाइल नृत्य, क्लासिकल वोकल सामूहिक गीत, लघु नाटिका सहित कुल 10 प्रकार की कलाओं को शामिल किया गया है।

## झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को मिली प्रोन्नति, आदेश जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य कैडर के 10 आईपीएस को प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आठ आईपीएस को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड वेतनमान लेवल 12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। दो आईपीएस को सीनियर टाइम स्केल के वेतनमान लेवल 11 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रमोशन मिला है।




10 आईपीएस में से आठ आईपीएस को वेतनमान लेवल 12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। इसमें 2011 बैच के चंदन कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा, चंदन कुमार सिन्हा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। इनमें 2014 बैच के आशुतोष शेखर, पीयूष पांडे प्रभात कुमार और अमन कुमार का भी नाम शामिल हैं। इन सभी आईपीएस को प्रोन्नति देते हुए गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि इनको उपलब्ध कराये गये प्रशिक्षण के अगले स्लॉट में इनके द्वारा मिड कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम फेज 3 पूर्ण कर लिया जाये। इस प्रोन्नति के बाद पदाधिकारी का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगाा। 10 आईपीएस में से दो आईपीएस को वेतनमान लेवल 11 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति मिली है। इसमें 2013 बैच की प्रियंका मीणा और 2015 बैच के श्रीकांत सुरेशराव खोतरे शामिल हैं। इन दोनों आईपीएस के प्रोन्नति बाद इनका वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा।

## मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने उठाया लड़की के शादी का खर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने रातु रोड स्थित धोबी घाट में एक कन्या की शादी के लिए मदद की । संस्था ने शादी के समान एवं नक़द दिये । शादी में लगने वाले राशन का खर्चा भी शाखा ने दिया । संस्था का साथ पाकर कन्या के घर वाले काफ़ी खुश थे । शाखा अध्यक्ष पुजा सरावगी के अनुसार समर्पण शाखा ज़रूरत मंद लोगो के लिए हर वक्त मदद के लिए तयार रहती है , मोके पर अध्यक्ष पुजा सरावगी सचिव स्वेता भाला रोज़ी खंडेलवाल एवं अन्य सदस्य मोजूद थी । ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### कुड़मियों की जनसभा 21 को जमशेदपुर में

**रांची :** चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 285वीं जयंती पर 21 मार्च को जमशेदपुर के बिष्टुपुर गोपाल मैदान में कुड़मियों की विशाल जनसभा होगी। यह जानकारी पूर्व सांसद सह शहीद रघुनाथ महतो चुआड़ सेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र महतो ने दी। कुड़मियों के इतिहास से जुड़े दस्तावेज और कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कुड़मी जनजाति छोटानागपुर पठार यानी वृहद झारखंड की खूंटकट्टीदार हैं। यह यहां के निवासी हैं। जनसभा को सफल बनाने के लिए विभिन्न जगहों पर बैठक और जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## झारखंड की कला और संस्कृति का संगम होगा सांसद सांस्कृतिक महोत्सव : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि सांसद सांस्कृतिक महोत्सव झारखंड की कला और संस्कृति का संगम होगा। संस्कृति के संवर्धन की बड़ी जिम्मेदारी कलाकारों के ऊपर होती है। इसके लिए कलाकारों के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता होती है। उन्हें भी मोटिवेशन की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य के साथ पांच, छह और सात मई को सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। सेठ शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसमें रांची लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं से जुड़े विभिन्न विधाओं के कलाकार अपनी अपनी सहभागिता निभाएंगे। उनकी कलाओं को, संस्कृतियों को हम राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर लेकर जायेंगे। इसमें भाग लेने के लिए 20 मार्च से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा जो 15 अप्रैल तक चलेगा। सांस्कृतिक महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार, विद्यार्थी, नागरिक भी भाग ले सकते हैं। उसके लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं बनाई गई है। नियम बनाए गए हैं। सेठ ने कहा कि यह आयोजन रांची लोकसभा क्षेत्र का अनूठा और ऐतिहासिक और दिव्य आयोजन होगा। जो कला जगत के लिए, हमारी संस्कृति के संरक्षण के लिए बहुत ही उपयोगी होगा। इस महोत्सव में जनजातीय समूह नृत्य, जनजातीय इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता, सामूहिक फोक नृत्य, क्लासिकल नृत्य, फ्री स्टाइल नृत्य, क्लासिकल वोकल सामूहिक गीत, लघु नाटिका सहित कुल 10 प्रकार की कलाओं को शामिल किया गया है।



## झारखंड में भी तेजी से बढ़ रहा एचउएन2 इंफ्लूएंजा का खतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एच3एन2 इंफ्लूएंजा वायरस की चपेट में लोग तेजी से आ रहे हैं। इस बीमारी के लक्षण कोरोना से मिलते जुलते हैं। कई राज्यों में एच3एन2 इंफ्लूएंजा का खतरा देखा जा रहा है। झारखंड में भी इस बीमारी का खतरा देखा जा रहा है।

इस संबंध में रांची रिम्स के डॉक्टर डॉ संजय ने बताया कि इस बीमारी के लक्षण को अगर नजर अंदाज किया गया तो खतरा बढ़ सकता है। अगर लंबे समय से खांसी है, सांस फूल रही है और थकान की शिकायत है तो जांच करानी चाहिए। खांसी ठीक हो जायेगी सोचकर साधारण दवा नहीं लेनी चाहिए खतरा बढ़ सकता है। इस बीमारी का अगर समय रहते इलाज नहीं हो पाया तो यह बीमारी इतनी खतरनाक है कि जान भी जा सकती है। यह बीमारी इतनी खतरनाक है कि कई बार लोग आईसीयू में भी भर्ती हो जाते हैं। अगर बाहर से आये किसी व्यक्ति में इसके लक्षण दिखते हैं तो और सतर्क रहने की जरूरत है।

अगर परिवार में किसी व्यक्ति में इस बीमारी के लक्षण हैं तो उसका मास्क पहनकर रहना बेहद जरूरी है। यह बीमारी फैलती है। घर के दूसरे सदस्यों को भी एन95 मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि यह वायरल बीमारी है, सांसों के जरिए भी एक दूसरे में जा सकता है। वहीं इस बार इसकी प्रसार क्षमता अधिक देखी जा रही है। इसकी शुरुआत गले में दर्द, बुखार और खांसी होती है। धीरे- धीरे पूरा शरीर कमजोर होने लगता है। शरीर में दर्द रहता है। अगर परिवार के किसी भी सदस्य में यह लक्षण हैं तो तुरंत आपको जांच कराना चाहिए। तुरंत इसकी जांच कराएं आरटीपीसीआर टेस्ट से संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। घर में किसी को लक्षण होने पर चिकित्सक के संपर्क में रहना जरूरी है। एन-95 का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। लगातार गर्म पानी का सेवन करना बेहद जरूरी है। लक्षण मिलने पर एंटीबायोटिक दवा का सेवन बिल्कुल ना करें, इसमें एंटीवायरल दवाएं चलती हैं। ओसेल्टामाविस दवा इस बीमारी से लड़ने में कारगर है।




## अल्पसंख्यक अधिकार कंवेंशन में अपनी अधिकारों को लेकर भरा हुंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अल्पसंख्यकों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विकास और सुरक्षा के मुद्दें पर एक राज्य स्तरीय कंवेंशन में कई बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित हुए और सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। इस आयोजन में कंवेंशन को विभिन्न पेशों से जुड़े बुद्धिजीवी यथा अवकाश प्राप्त न्यायाधीश, शिक्षाविद, लेखक, मानवधिकार-सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेशनल्स, डाक्टर और अभियंता के अलावा वामदलों के नेता संबोधित किया। सरकार के तीन सालों के कार्यों की समीक्षा की और अल्पसंख्यकों के अधिकारियों की मांग रखी। इस मौके पर अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति के मुख्य संयोजक अधिवक्ता ए. के.रसीदी, संयोजक अधिवक्ता एम.अहमद चौधरी,नदीम खान, भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, अधिवक्ता अजहर खान, मुस्लिम मजलिस-ए-उल्लेमा के मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी,यूएमए झारखंड के अफजल अनीस, एपीसीआर के अंसारी, अजय सिंह,सुखनाथ लोहरा, जयंत पांडे,समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि सहित कई अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित हुए।

# खलारी थाना के आगे व पीछे अवैध कोयला का कारोबार जारी

**रविन्द्र कुमार @ प्रभात मन्त्र**

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र में कोयला माफियाओं का मनोबल दिन दुगनी रात चौगनी बनी हुई है. कोलमाफ़ियाओ का कारनामा बेधड़क प्रसासन के नाक के नीचे हो रही है. इस कोयला तस्करी से कई बड़े नामी गिरामी सफेदपोश ही लिप्त है. इस सफेद पोशों के इशारे पर सारा कारनामा किया जाता है. जिसके लिए जगह जगह के भूतों को मोटी रकम का चढ़ावा दिया जाता है. बताया तो ये भी जाता है कि इन सभी अवैध कोयला धंधों को रोजगार से लेकर जोड़ कर देखा जा रहा है. और यही अवैध कोयला का खबर समाचार पत्रों में छपने के बाद चौक चौराहों पर लिप्त सिंडिकेट व्यक्तियों ने गाहे बगाहे बोलते रहते है,कि पेट पर लात मार दिया जा रहा है. ये काम नही करेगा तो क्या करेगा कोयला खदान में रहकर. जिसका समर्थन सफ़ेदपोश नामी गिरामी लोग भी करते रहते है. बताना चाहते है कि खलारी थाना क्षेत्र में अवैध कोयला, लोहा की चोंरी कर तस्कर व जगह जगह के भूत मालामाल हो रहे है. चाहे इसके लिए राजस्व का घाटा कितना भी हो. आकलन के हिसाब से सिर्फ छः महीने के सीजन में कोयला तस्करी कर राजस्व का कई हज़ार करोड़ो रुपये का चपत लगा देते हैं. इन सभी तस्करों के मामलों में न ही सीसीएल के जुझारू श्रमिक नेता का बयान आता है, और न ही इसमें किसी भी तरह से रोकने टोकने का प्रयास किया जाता है. यही श्रमिक नेता जो बात बात पर धरना प्रदर्शन कर सीसीएल के खदान को ठप करा देते है. लेकिन सीसीएल के घाटे व मुनाफे की चिंता करने वाले मौन है. हाँ हालांकि खबर छप जाने के बाद पुलिस के द्वारा दिखावे का कार्य समय समय पर खानापूर्ति के लिए किया जाता है. सूत्रों के माने तो अवैध कोयला को एक जगह जमा कर के रात होते ही पिकअप, ट्रेक्टर, ट्रक,टेम्पू, मोटरसाइकिल के माध्यम से चान्हो, लोहरदगा, माण्डर,बुढ़मू सहित अन्य जगहों पर गिराया जाता है. जो कि यह शिलशिला रात भर चलता है. जो कि जगह जगह पुलिस की तैनाती रहती है.






## रैयत विस्थापित मोर्चा के नौ सूत्री मांग पर केडीएच प्रबंधन ने सहमति दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा के नौ सूत्री मांग पर केडीएच प्रबंधन के साथ बैठक कर चर्चा किया गया. बैठक में मुख्य रूप से परियोजना विस्तारीकरण से पहले जेहलीटॉड बडकीटॉड और विश्रामपुर के रैयतों को ओबी डम्प कर समतलीकरण करके विश्रामपुर पंचायत में ही विस्थापित करें, परियोजना के अन्तर्गत गैरमजरूआ खास एवं जंगल झाड़ी में नौकरी एवं मुआवजा देने, केडीएच के विस्तारीकरण में जितने गांव विस्थापित हुए हैं,और जो गाँव विस्थापित होने वाले है उक्त जगहों के रैयत विस्थापितों को कोल डंप में हैण्ड लोडिंग के माध्यम से रोजगार देने, रैयत ग्रामीणों को केडीएच के अन्तर्गत कार्य कर रही कंपनीयाँ एवं ठेकेदारी में 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें, जेहलीटाँड में हाईमास्ट लाईट, बिजली तार एवं पोल, डीप बोरिंग ,पीसीसी सड़क का निर्माण जेहलीटाड़ सड़क में प्रतिदिन पानी का छिड़काव,सामुदायिक भवन का निर्माण सहित अन्य किया गया. जिसपर केडीएच। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है. वार्ता में मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रतिया गंझू, जालिम सिंह,रामलखन गंझू,विनय खलखो, दामोदर गंझू,प्रभाकर गंझू,,सोनू गंझू,किसुन गंझू शामिल थे.

## मांडर विधायक ने चानू प्रखंड के विभिन्न गांव में कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँवो मे विभिन्न योजनाओं का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शिलान्यास। ओपा ग्राम मे नवरंगा डेम का जीर्णोद्धार का शिलान्यास। बेयासी ग्राम मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास। बेयासी ग्राम मे तालाब निर्माण का शिलान्यास।।

विधायक शिलान्यास के तत्पश्चात ग्रामीणों से मिला, उनसे रूबरू हुए और विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दिया साथ ही उनकी समस्याओ को भी सुना। विधायक बेयासी मे शिलान्यास के उपरांत डुगडुगीया मैदान स्थित प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया और स्कूल के प्रभारी से मुलाक़ात कर स्कूल की समस्याओ से अवगत हुई, साथ ही स्कूल प्रभारी को कुछ दिशा निर्देश भी दिया। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, प्रमोद लाल, शिव उरांव, महादेव भगत, मुखिया गण, कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मांडर में ओलावृष्टि व बारिश से किसानों को भारी नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 3 बजे तेज हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि व बारिश के कारण खेत-खलिहान जलमग्न हो गए। ओलावृष्टि से किसानों की सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ। गोबी, फ्रेंच बीन, टमाटर, मटर व गेंहू की फसल में भी जमीन पर गिरने के कारण काफी नुकसान हुआ। वहीं मांडर थाना क्षेत्र के बरगड़ी में शुक्रवार को अचानक मौसम खराब हो गया। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि हुई उसके बाद जमकर बारिश हुई। ओलावृष्टि व बरसात के कारण सभी फसल लगाए खेत जलमग्न हो गए। क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि के कारण किसानों की सरसों की गेहूँ फसल में भारी नुकसान हुआ। तेज हवा व बरसात के कारण किसानों की गेहूं व गन्ने की फसल जमीन पर गिर गई। बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि के कारण किसान की फसलों में भारी नुकसान हैं। किसान ग्रामीण हातिम अंसारी, बेल्ला उरांव कुर्बान अंसारी आदि ने बताया कि ओलावृष्टि से मटर, गोबी टमाटर, बीन गेंहू व सरसों की फसल 50 से 60 प्रतिशत बर्बाद हो गई। किसानों का कहना है कि सरकार को किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का मुआवजा देना चाहिए।

## एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा में वार्षिक महोत्सव आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली एच. एस. प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा के संस्थापक के जन्म दिवस एवं मातृ- पितृ दिवस के शुभ अवसर पर आज को विद्यालय में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। विद्यालय के संचालक नरसिंह प्रजापति ने वार्षिक महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव में विद्यालय के द्वारा दी जा रही शिक्षा,कला,संस्कृति,एवं अन्य प्रस्तुति छात्र - छात्राओं द्वारा दी जाएगी।

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 158(F) दिनांक– 29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा– उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात–निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक–**24.02.2022 (शुक्रवार)** को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

**फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–**
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/ Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस–100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्श।

**फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक ) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–**
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर/डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता/मो0नं0/ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु–(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले–आउट/ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस–खाद्य प्रतिशठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

**नोट :– अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।**

अभिहित अधिकारी
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 292263 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

## आजसू पार्टी की बैठक जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** डाक बंगला में आजसू पार्टी अनगड़ा में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुआ उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी को प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक ले जाने के लिए पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अपने अपने जिम्मेदारी तय करना होगा और संगठन को मजबूती के साथ विस्तार करना होगा ।मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव राजेंद्र साही मुंडा ने कहां की आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान सरकार के गलत फैसले के खिलाफ विभिन्न जन मुद्दों पर मुखर होकर आवाज बुलंद करते आई है। आज के बैठक में आजसू पार्टी के संगठन को मजबूत और धारदार बनाने के लिए कई जन मुद्दों जैसे बालू घोटाला, जमीन की खरीद बिक्री में अनावश्यक कमीशन की मांग, चोरी, डकैती, बलात्कारी, जैसे घटनाएं आम बात हो गई है हेमंत सरकार के निरंकुशता और विफलता का प्रतीक है पर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिया कि 21 मार्च दिन मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से 2 मांग पत्र सरकार के नाम सोपा जाएगा।

1. झारखंड सरकार ने किसानों/रैयतों के जमीन का खाता, प्लॉट, रकबा एवं अन्य दस्तावेज जो जमीन से जुड़ा हुआ है ओ

ऑनलाइन में काफी त्रुटियां है सरकार के गलत मंशा के कारण चिटफंड एजेंसी को ऑनलाइन कराने का टेंडर दिया गया था। झारखंड के सभी किसान / रैयत प्रभावित हैं प्रखंड और जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

2. झारखंड सरकार स्थानीय नियोजन नीति 1932 खतियान आधारित ना लागू कर आनन फानन और बाहरी लोगों को इसका सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 60/40 का नियोजन नीति विकल्प लाई है। जबकि अन्य प्रदेशों में तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बहाली में सिर्फ और सिर्फ स्थानीयता लोगों को प्राथमिकता दी जाती है परंतु झारखंड ही एक ऐसा प्रदेश है जहां पर अभी तक स्पष्ट नियोजन नीति नहीं है । आजसू पार्टी अनगड़ा प्रखंड कमेटी इस सरकार के फैसले को लेकर प्रखंड मुख्यालय से विरोध शुरू करेगी । बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह भोक्ता, खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, जिला सह सचिव राजेश पहान, युवा नेता किशोर मुण्डा, प्रखंड कमेटी के उपाध्यक्ष जयशंकर पहान, अनिल मुंडा, जगदीश भोक्ता, एससी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन राम, पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र महतो, मनेश्वर महतो एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217
Registration under Society Act No.519 , Registration under GST No. 20AACAJC1Z9
OUR MISSION- OLYMPIC GOLD, Contact no.:8987784136

Ref. No. JSSPS/Civil/e-tender/2022-23/404-13 Dated: 28.02.2023

**Notice Inviting Tender NIT No.07 of 22-23**

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Operation and maintenance of various water fountains situated in the premises of Mega Sports Complex , Khelgaon ,Hotwar, Ranchi for a period of 24 months under JSSPS | MSC, Hotwar, Ranchi | 7,39,659.21 | 9300 | 730 days |

Note: The bid documents will be available on the website(s) **www.centralcoalfields.in/ www.jharkhandcclsports.in** and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.
**(I) For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787 | Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:**9771919385** |

**2. Time Schedule of Tender:**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 09.03.2023 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 10.03.2023 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 10.03.2023 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 09.03.2023 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 15.03.2023 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| j. | Bid opening date | 22.03.2023 | 15.00 Hours |

Sd/-
GM (TA)/ Member (Civil)
JSSPS

PR 292252 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 22-23 (D)

## 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल हूंठ के ने सेमिनार का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, एफ कम्पनी हुंट के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कुडापुरती उच्च विद्यालय एवं गांव के लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें भारत के लोगों के मुलभुत कर्तव्यों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में असिस्टेंट कमान्डेंट अजीत कुमार उपाध्याय के द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों के साथ रैली का आयोजन किया गया।

## आईडीएफसी म्यूचुअल फंड रीब्रैंडिंग के बाद कहलाऐगा बंधन म्यूचुअल फंड

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीएफसी म्यूचुअल फंड सोमवार, 13 मार्च, 2023 को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में अपनी नई ब्रांड पहचान अपनाने के लिए तैयार है। इसके परिणामस्वरूप, फंड हाउस की प्रत्येक योजना के नाम में से आईडीएफसी शब्द को बंधन शब्द से बदल दिया जाएगा। चूंकि अंतर्निहित निवेश रणनीति, प्रक्रियाएं और टीम समान बनी रहती है, निवेशक उसी उच्च गुणवत्ता वाले निवेश दृष्टिकोण से लाभ उठा सकते हैं जिसके लिए फंड हाउस बेहद प्रतिष्ठित है। ब्रांड पहचान में बदलाव के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए, श्री विशाल कपूर, सीईओ, एएमसी ने कहा कि ÷हमारा नया नाम हमारे नई स्पांसरशिप को दर्शाता है, और अब हमें बंधन समूह का हिस्सा बनने पर गर्व है। विरासत, सद्भावना और हमारे प्रायोजक जिस समग्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमें विश्वास है कि हमारे निवेशक उसी जुनून, विशेषज्ञता और फोकस से लाभान्वित होते रहेंगे जो उन्होंने वर्षों से अनुभव किया है।

DISTRICT SPORTS OFFICE, CHATRA
OFFICIAL INVITATION
District Sports Office, Chatra

**Invites**
Chatra district power lifting players/individuals to participate in the
**First District level Invitational Power lifting Bench Press & Dead lift Championship on 21 march 2023 at Jalchhajan Bhawan GYM, Chatra.**

**Please note:** **All information is posted only for information purposes. All player selection, all official entries for the Championships must be done by District Sports Office, Chatra.**

**Meet Director:** District Sports Officer, Chatra.
**Phone:** 9455226589
**,E-Mail:** sport.chatra@gmail.com
**Date:** 21 march 2023
**Venue:** Jalchhajan Bhawan, Chatra
**Information:-**
**Participation Fee:** Rs. 201 for each lifter.
**Junior (18-23) Senior (23-40) Male & Female.**
**Categories 55-60, 60-67.5, 67.5-75, 75-82.5, 82.5-90, 90-100, 100+**
The organizer will not incur any type of expenses (like: Transportation, Lodging etc.)
**COVID19 Regulations:** The Championship will be organized under strict COVID19 rules and regulations.
**Nominations:** Players/Individual nomination forms must be in the hands of the DSO, Chatra not later than: 14th March 2023.
**Preliminary:** 17th March 2023 **complete filled in preliminary form must be submitted in District Sports Office, Chatra. No final nomination will be accepted if complete filled in the preliminary was not sent).**
**Final:** 21st March 2023 **(later entries will not be accepted).**
**Scoring:** All scorings are based on Points (no weight categories!)
**Awards:** All participants will receive a certificate. The top 3 in each category will receive an award and certificate.

**Schedule**

| Day | Session | Weigh In | Competition | Victory Ceremony |
|---|---|---|---|---|
| Tuesday, 21.03.23 | 1. Bench PressMale & Female<br>2. Dead Lift Male & Female | 10:00 – 12:00 | 13:00 – 16:00 | 17:00 |

**Victory Ceremonies:** **Will be held immediately after both lifting session. It is mandatory that each athlete wears their own Warm-up/Track Suit for the Award presentation.**

**NOTE :-** **For more information please visit nic chatra website or District Sports Office, 2nd floor, Collectorate, Chatra.**

**District Sports Officer, Chatra.**

PR 292251 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)_D

**शपथ पत्र**

मै खूबलाल यादव, पिता :- स्वर्गीय विशुन यादव साकिन:- घुटीबार,पो :-बरवाडीह, थाना :- बगोदर, जिला :- गिरिडीह शपथ पूर्वक बयान करता हूं की मेरी उम्र लगभग 30 वर्ष है मेरा आधार कार्ड में पिता का नाम विशुन चरण यादव एवम पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम जीतन दर्ज है, विशुन चरण यादव एवम जीतन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरे पिता थे, यह शपथ पत्र मै अपने पिता के दोनों नामों की पुष्टि करने के संबंध में कर रहा हूं,मै खूबलाल यादव शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं की उपरोक्त लिखित सारी बाते मेरे जानकारी में सही, सत्य एवम दुरुस्त है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

शुद्धि–पत्र

इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– *RDSD/ RAMGARH/07/2022-23* जिसका PR No.– 291820 (Rural Work Development) 22-23 (D) को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है:–

- वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 15.03.2023
- ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.03.2023 से दिनांक 21.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
- निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं शपथपत्र के मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 22.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे

शेष सभी यथावत् है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 292292 (Rural Work Department)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–823(अनु०) दिनांक–03.03.2023 पी०आर०संख्या–291901(भवन) 2022–23D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–58/2022–23 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 14.03.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति दिनांक 15.03.2023 को 3.00 (तीन) बजे तक है, के क्रम संख्या 16 अंतिम को क्रम संख्या 17 एवं परिमाण विपत्र की राशि 5000.00 के स्थान पर 500.00 पढ़ा जाय। निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 292336 (Building) 22-23 (D)

## विधायक के अनुरोध पर टीएमएच ने 1 लाख 70 हजार का बिल माफ किया



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ू प्रखंड के सिरुम निवासी माधव सिंह सरदार को परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए तामूलिया स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनका तबीयत बिगड़ने से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया। इस दौरान झामुमो नेता शक्तिपद महतो व इंद्रजीत महतो से मिली जानकारी पर विधायक सविता महतो ने ब्रह्मानंद अस्पताल में 30 हजार रुपये का बिल माफ कराया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया। इलाज के दौरान टीएमएच में उनका निधन हो गया और अस्पताल में उनका बकाया बिल 1 लाख 40 हजार रुपये हो गए। विधायक ने टीएमएच प्रबंधन से वार्ता कर 1 लाख 40 हजार रुपये के बिल माफ कराते हुए मृतक का शव परिजनों को दिलाया। उक्त बात की जानकारी केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दिया।

## आईडीएफसी म्यूचुअल फंड रीब्रैंडिंग के बाद कहलाऐगा बंधन म्यूचुअल फंड

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीएफसी म्यूचुअल फंड, 13 मार्च, 2023 को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में अपनी नई ब्रांड पहचान अपनाने के लिए तैयार है। इसके परिणामस्वरूप, फंड हाउस की प्रत्येक योजना के नाम में से आईडीएफसी शब्द को बंधन शब्द से बदल दिया जाएगा। चूंकि अंतर्निहित निवेश रणनीति, प्रक्रियाएं और टीम समान बनी रहती है, निवेशक उसी उच्च गुणवत्ता वाले निवेश दृष्टिकोण से लाभ उठा सकते हैं जिसके लिए फंड हाउस बेहद प्रतिष्ठित है। ब्रांड पहचान में बदलाव के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए, विशाल कपूर, सीईओ, एएमसी ने कहा कि हमारा नया नाम हमारे नई स्पांसरशिप को दर्शाता है, और अब हमें बंधन समूह का हिस्सा बनने पर गर्व है। विरासत, सद्भावना और हमारे प्रायोजक जिस समग्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमें विश्वास है कि हमारे निवेशक उसी जुनून, विशेषज्ञता और फोकस से लाभान्वित होते रहेंगे जो उन्होंने वर्षों से अनुभव किया है। इसके साथ ही और भी तेजी से बढ़ने की सामूहिक महत्वाकांक्षा के साथ, हम आगे की यात्रा और अवसरों को लेकर उत्साहित हैं।

## क्रोमा के मैजिकल समर के साथ मैजिक अनलॉक करें




**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है। क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45 प्रतिशत तक की भारी छूट पायी जा सकती है। 350 से ज़्यादा एसी, 450 से ज़्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं। इतनाही नहीं, क्रोमा के समर सेल में ज्यूसर मिक्सर ग्राइंडर, फैन और दूसरे उपकरणों पर भी इस समर सेल में अतुलनीय ऑफर्स दी जा रही हैं।

## हुलाडेक के वार्षिक पुरस्कार समारोह में करीम सिटी कॉलेज ने जीता प्रथम संस्था पुरस्कार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलकाता की कंपनी हुलाडेक के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर को प्रथम पुरस्कार दिया गया। यह समारोह शनिवार को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, कोलकता में आयोजित हुआ जिसमें हुलाडेक के संस्थापक नंदन मल के हाथों यह पुरस्कार दिया गया। करीम सिटी कॉलेज की ओर से सैयद साजिद परवेज ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। हुलाडेक एक ऐसी कंपनी है जिसकी शाखाएं देश के विभिन्न भागों में स्थित हैं और ई वेस्ट सामग्री संग्रह कर रीसाइकलिंग का कार्य करती है। जमशेदपुर में भी इस कंपनी की शाखा टाटा कंपनी के सहयोग से कार्यरत है जिसमें विगत कई वर्षों से करीम सिटी कॉलेज ने सहयोगकर्ता के रूप में एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि हमारा महाविद्यालय न केवल पठन-पाठन बल्कि समय के साथ चलकर जीवन के कई क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रहा है। ई वेस्ट मटेरियल कलेक्शन के संबंध में उन्होंने बताया कि हमने कॉलेज में इसके लिए एक विभाग स्थापित कर रखा है। साथ ही उन्होंने हुलाडेक कंपनी को अपनी ओर से धन्यवाद दिया।

## लायंस क्लब भारत का डीजी विजिट व होली मिलन समारोह आयोजित



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत ने शनिवार को होटल कैनेलाइट में डीजी विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के द्वारा किए गए कार्यों और उन कार्यों में आई लागत का ब्यौरा सेक्रेटरी रिपोर्ट और ट्रेजरर रिपोर्ट के माध्यम से पेश किया गया। साथ ही कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विवेक चौधरी, लायन सीमा वाजपेई, लायन सारिका सिंह, लायन भरत सिंह, लायन अंजुला सिंह, लायन राजेश कुमार, लायन विनीत श्रीवास्तव, लायन मनोज सोनी, लायन खुशबू ठाकुर, लायन कुमार संदेश, लायन वर्षिका कुमारी, लायन संजीव मिश्रा, लायन संजु कुमारी, लायन रश्मि सोनी, लायन डॉ.राणा प्रवीण, लायन सुनन्दा प्रवीण, लायन रिंकी सिंह, लायन पी.पुष्पलता, लायन सुचित्रा रूंगटा, लायन एगनेस बॉयेल, लायन करन गोराई, लायन राजीव कुमार, लायन आयुष्मान सिंह, लायन युवराज सिंह, लायन राजेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## पटमदा में आदिवासी कुड़मी समाज का बैठक आज पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो होंगे शामिल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से रविवार को पटमदा प्रखंड के कुड़माली भाखीचारी आखड़ा लोवाडीह में एक बैठक आहूत की गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो व विशिष्ट अतिथि में समाजसेवी हरमोहन महतो के अलावे पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में समाजकर्मी शामिल होंगे। जानकारी देते हुए समाज के जयराम महतो ने बताया कि चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो की जयंती के मौके पर आगामी 21 मार्च को रीगल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक तैयारी बैठक रखी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कुड़मियों के जुटने की संभावना है।

# जिले के पीडीएस दुकानों का डीसी ने किया निरीक्षण, लोगों से की अपील

**राशन की कालाबाजारी, कम मात्रा में देना, गुणवत्ता में कमी आदि दिखे तो करें शिकायत, तत्काल होगी कार्रवाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त विजय जाधव ने जिले के कई जन वितरण प्रणाली की दुकानों (पीडीएस) का निरीक्षण किया। साथ ही जिलावासियों से निवेदन किया गया है कि आपके किसी भी जनवितरण प्रणाली दुकान संबंधी शिकायत हो जैसे अनाज कम देना, कई बार अंगूठे का निशान लेना, स्टॉक कम लाना, दुकान बंद पाया जाना, नियमित रूप से दुकान नहीं खोलना, अनाज की गुणवत्ता में कमी होना, आम जनता के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत, पीडीएस संचालक ने अपने पास लाभुक का राशन कार्ड रख लिया हो या कालाबाजारी की आशंका है तो तत्काल प्रशासन को इसकी शिकायत कर सकते हैं ताकि पीडीएस दुकान के निरीक्षण के दौरान इसकी जांच की जाए तथा जांचोपरांत शिकायत सही पाई जाती है तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने अपील किया कि उक्त की सूचना सबसे पहले अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दें या जिला आपूर्ति पदाधिकारी से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## खरसावां में उत्कल सम्मेलनी ने मनाया शास्त्री भाषा दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में जिला उत्कल सम्मेलनी के द्वारा शास्त्री भाषा दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष सुमंत चंद्र महंती ने कहा कि नदी का बहाव भी धारा जैसे भाषा विकसित होता है भाषा का परिवर्तन होते रहता है ओड़िया भाषा वेद पुराण युग से प्रकट हुआ है। जिला परिदर्शक सुशील षड़ंगी ने कहा कि अपनी भाषा ही आत्मा है। वहीं अन्य भाषा से प्रेम करना भी गलत नहीं है। ओड़िया भाषा योगी ऋषि सन्यासियों के ज्ञान और दर्शन पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि उड़िया भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्रदान किया गया था यह भाषा प्राचीन भाषाओं में से एक है। उन्होंने सभी ओड़िया भाषा भाषी के लोगों को अनुरोध करते हुए कहा कि ओड़िया भाषा मातृभाषा है। सभी अपने कर्तव्य का पालन करें। इस दौरान मुख्य रूप से सुमंत चंद्र महंती सुशील कुमार षड़ंगी विरोजा पति अजय कुमार प्रधान सपन मंडल चंद्र मिश्रा शिव चरण महतो सुजीत हाजरा आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षा सप्ताह के समापन पर पुरस्कृत किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में आयोजित 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर जागरूक कर्मचारियों व विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। विदित है कि सुरक्षा सप्ताह के दौरान कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों के बीच भाषण, वाद-विवाद, सुरक्षा स्लोगन, मॉक ड्रिल समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। उक्त प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्लांट हेड एम0 बाला ने अपने सम्बोधन में कहा कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। क्योंकि सुरक्षित कारखाना और सुरक्षित कर्मचारी किसी भी कंपनी के लिए प्रमुख सम्पति है। खुद को सुरक्षित रखकर ही हम अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रख सकते है। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित वीईसीवी के अधिकारी श्याम सिद्दीकी ने भी सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार ने दिया। इस मौके पर कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी मैनक गुप्ता, प्रवीण कुमार, सतीश कुमार महतो समेत काफी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# झारखंड हैंडबॉल संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने मंत्री बन्ना गुप्ता व सचिव इमरान मसूद बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को झारखंड हैंडबॉल संघ का वार्षिक आम बैठक का आयोजन बिष्टुपुर जी टाउन क्लब में हुआ। बैठक में झारखंड हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का मूल रूप से चुनाव कराया गया। जिसमे हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के डॉ हरदीप सिंह रुप्पल एक परिवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। इस चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के रूप में कुणाल भारतेंदु (अधिवक्ता उच्च न्यायालय, रांची ) रहे एवं मो अरशद अंसारी (अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय, जमशेदपुर) निरीक्षक के रूप में रहें। चुनावी प्रक्रिया में झारखंड के सभी जिलों के संघों के अध्यक्ष एवं सचिव मतदाता के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के लिए एक मात्र प्रत्याशी झारखंड के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता थे जो निर्विरोध चुन लिए गए। वहीं सचिव पद के लिए कुल चार प्रतियाशियों ने अपना नामांकन कराया था। सचिव पद के लिए प्रतियाशी इमरान मसूद खान ( पूर्वी सिंहभूम ), राम लखन मिस्त्री (बोकारो), अनिल कुमार (पूर्वी सिंहभूम) मो सदाब (रांची)। जिसमें की बीते दिन 5 मार्च को दो प्रत्याशी राम लखन मिस्त्री एवं मो सदाब ने अपना नामांकन वापास ले लिया। साथ ही कोषाध्यक्ष पद के लिए सैयद शमीम अहमद एवं इम्तियाज अहमद ने अपना नामांकन किया। सचिव पद के लिए कुल 48 मतदान किये गये जिसमें झारखंड के सभी जिलों के अध्यक्ष एवं सचिव ने 27 मतदान कर इमरान मसूद खान को सचिव पद के लिए चुना एवं सैयद शमीम अहमद को 25 मतदान देकर कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना। साथ ही अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच हसन इमाम मालिक को वरीय उपाध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। झारखंड के सभी जिला संघो के पदाधिकारियों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी, बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में हैंडबॉल की एक नई शुरुआत है, आने वाले समय में झारखंड सचिव इमरान मसूद खान के नेतृत्व में झारखंड के खिलाड़ी और भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मौके पे मौजूद इफ्तेखार अहमद, मो. इमरान , जय शंकर सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गिरी , विश्वजीत मुखर्जी साथ ही साथ फिरोज अहमद खान (अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, सी.आई.एस.एफ.) अरुणा मिश्रा ( अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर ) रॉबर्ट बोसन ( पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी ) मो आशिफ इकबाल ( पूर्व सेना खिलाड़ी ) अनिल कुमार ( अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ) जमील अहमद( अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) प्रकाश मुर्मू ( राष्ट्रीय खिलाड़ी , झारखंड पुलिस ) इम्तियाज अहमद (राष्ट्रीय खिलाड़ी) इसफाक अहमद, राजेश रंजन(राष्ट्रीय कोच),फरीद खान , फिरोज खान जूनियर, दीपक कुमार ( अंतरराष्ट्रीय युवा हैंडबॉल खिलाड़ी) अहसान सैफ ( राष्ट्रीय खिलाड़ी ) तमाम विभिन्न जिलों से खिलाड़ी एवम पदाधिकारी मौजूद रहें ।

### मंत्री बन्ना ने जताया आभार, कहा - झारखंड के गांव-गांव तक हैंडबॉल का विकास करुंगा

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के सभी डिस्ट्रिक्ट के प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने मुझे सर्वसम्मति से पूरा वोट दिया और अध्यक्ष पद के लिए चुना, मैं ईमानदारी के साथ झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन को और सभी खिलाड़ियों को मदद करूंगा और पूरे झारखंड के गांव-गांव तक हैंडबॉल के विकास के लिए जो भी कदम उठेगा उसमें मेरा पूर्ण रुप से सहयोग रहेगा।

# मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं के लिए विद्यालय में शुभकामना समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** केवीपीएसडी एस एस बालिका उच्च विद्यालय सरायकेला के मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्राओं हेतु शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि एस एम सी के अध्यक्ष जानसन कुकुर एवं उपाध्यक्ष इन्द्रा पड़िहारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण कुमार ने स्वागत भाषण एवं उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने छात्राओं को परीक्षा में संयमित और अनुशासित रहने की सलाह दी। विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रवीण कुमार रथ एवं मीनाक्षी रजक द्वारा परीक्षा के अंतिम समय में तैयारी के तरीके बताए गए। विद्यालय के नवम एवं ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कक्षा दशम की छात्रा सोनाक्षी पडिहारी एवं शिखा पडिहारी ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन कुंज बिहारी कर ने किया तथा मंच संचालन संस्कृत शिक्षक विश्वरंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे।

## नीलांचल कंपनी के कर्मचारी राजू के परिजनों को मिलेगा 15 लाख मुआवजा व पत्नी को स्थाई नौकरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा थाना अंतर्गत रतनपुर स्थित नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड में बीते शुक्रवार को दुर्घटना में मृत कामगार 32 वर्षीय डुमरा निवासी राजू मंडल के परिजनों को प्रबंधन द्वारा तत्काल 15 लाख रुपए मुआवजा प्रदान करेगी तथा मृतक की पत्नी को कंपनी में स्थाई नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा मृतक के बच्चों के शिक्षा के लिए भी कंपनी प्रबंधन हर संभव मदद मुहैया कराएगी। शनिवार को कंपनी प्रबंधन, मजदूर यूनियन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों व परिजनों के साथ हुई त्रिपक्षीय वार्ता के बाद इस बावत सहमति बनी। विदित है कि कामगार राजू मंडल को ट्रक खाली करने के बाद दूसरे ट्रक द्वारा बैक करते समय ठोकर मार देने से लॉरी में दबकर मौत हो गई थी। उक्त घटना के बाद कम्पनी के मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राम हांसदा ने दुःख व्यक्त करते हुए प्रबंधन से परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की थी। उसके बाद शनिवार को कंपनी परिसर में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। उक्त वार्ता में कंपनी प्रबंधन की ओर से वरीय महाप्रबंधक जीडी बाजपेई, निदेशक दीपचंद लामा, सीनियर ऑफिसर सूरज सिंह, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राम हांसदा, उपाध्यक्ष राजा टुडू, जनप्रतिनिधियों की ओर से जिप सदस्य पिंकी मंडल, डुमरा ग्राम प्रधान दिलीप मंडल, पंसस संजय हांसदा, वार्ड सदस्य मानिक मंडल, मृतक के भाई लक्खीकांत मंडल के अलावा कई ग्रामीण शामिल थे।

## सरहुल महोत्सव में झूमा आदिवासी समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम गांव में सरहुल महोत्सव का आयोजन धुमधाम से किया गया। सरहुल महोत्सव में रांची जिला के दो सरहुल नृत्य दलों ने भाग लेकर मनमोहक सरहुल नृत्य व झांकियां प्रस्तुत किया। भगवान बिरसा,सिद्धू कान्हु ,चांद भैरव के लड़ाई का बखुबी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। ढोल, धमसा व नगाड़े के गुंज पर मानों महिला पुरूषों ने बसंत ऋतु का सरहुल महोत्सव के रूप में नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत में मदमस्त हो गया है। आदिवासी समाज द्वारा सखुआ फूल,डाली व पत्ते से आखड़ा बनाकर मारांगबुरू, सिंगाबोंगा , ग्राम देवता आदि का पुजा पाठ कर चेंगना यानी चुजे का बली प्रदान कर हांड़ीया का प्रसाद लगाकर नाया द्वारा विधि विधान से पूजा कर सरहुल महोत्सव मनाया गया। वहीं मुखिया लक्ष्मी देवी ने कहा कि सुर्य और धरती का विवाह के रूप में सरहुल मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में कई कथा प्रचलित है। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति वादी है और सखुआ फूल के बीना सरहुल नहीं किया जा सकता है। मौके पर ग्राम प्रधान संबद सिंह मुंडा एवं अन्य उपस्थित थे।

## नीमडीह, ईचागढ़ व कुकडु में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह/ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह, ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड परिसर में नालसा तथा झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर महिलाओं को लेकर विशेष विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न सरकारी सहायता व योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कई अहम जानकारियां दिया गया। ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में एसीजेएम(न्यायाधीश) डाक्टर रवि प्रसाद तिवारी , कुकड़ु प्रखंड परिसर में बीडीओ राकेश कुमार गोप व नीमडीह प्रखंड में शंकराचार्य सामद ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को लेकर प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त नीमडीह में पीएलवी शुभंकर महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप निशुल्क विधिक सेवाएं प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण अधिकार है,यदि आपको किसी भी प्रकार की पीड़ा है तो तत्काल प्राधिकार से सम्पर्क करें। वहीं इस अवसर पर कुकडु प्रखण्ड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, सीडीपीओ कापु हंसदा, बीपीओ रामलोगन उरांव, निमडीह वीपीएम देवश्वरी हेब्रम, पीएलवी स्हेलता महतो, सुमि दास, पुष्पा महतो ,सुलचना महतो आदि उपस्थित

## पटमदा सबस्टेशन में आयोजित ऊर्जा मेला में 84 लोगों से वसूले गए 1.40 लाख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से शनिवार को पटमदा विद्युत सबस्टेशन में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। मौके पर 100 लोगों ने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में अपना आवेदन जमा किया जिसमें 84 लोगों के मामले का निष्पादन हुआ। इसमें 47 लोगों ने आरसी/डीसी के तहत 18,800 रुपए जमा कराये। जबकि मीटर टेस्टिंग फी के नाम पर 20 लोगों ने 10 हजार रुपये, क्षेत्र में विभागीय कर्मचारियों द्वारा घूम-घूम कर बांटे गए लीगल नोटिस के तहत 17 उपभोक्ताओं ने 1 लाख 13 हजार रुपये जमा कराया। इस संबंध में मानगो-2 के सहायक अभियंता अमरजीत प्रसाद ने बताया कि बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आयोजित ऊर्जा मेला में पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम पीएसएस से जुड़े उपभोक्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं व शिकायतों को रखा जिनका ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। मौके पर कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा, कनीय सारथी पुरूष प्रीतम भारती, आदि थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## खलारी थाना के आगे व पीछे अवैध कोयला का कारोबार जारी

# करोड़ो का नुकसान कर मुकदर्शक बने अधिकारी

**रविन्द्र कुमार @ प्रभात मन्त्र**

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र में कोयला माफियाओं का मनोबल दिन दुगनी रात चौगनी बनी हुई है. कोलमाफ़ियाओ का कारनामा बेधड़क प्रसासन के नाक के नीचे हो रही है. इस कोयला तस्करी से कई बड़े नामी गिरामी सफेदपोश ही लिप्त है. इस सफेद पोशों के इशारे पर सारा कारनामा किया जाता है. जिसके लिए जगह जगह के भूतों को मोटी रकम का चढ़ावा दिया जाता है. बताया तो ये भी जाता है कि इन सभी अवैध कोयला धंधों को रोजगार से लेकर जोड़ कर देखा जा रहा है. और यही अवैध कोयला का खबर समाचार पत्रों में छपने के बाद चौक चौराहों पर लिप्त सिंडिकेट व्यक्तियों ने गाहे बगाहे बोलते रहते है,कि पेट पर लात मार दिया जा रहा है. ये काम नही करेगा तो क्या करेगा कोयला खदान में रहकर. जिसका समर्थन सफ़ेदपोश नामी गिरामी लोग भी करते रहते है. बताना चाहते है कि खलारी थाना क्षेत्र में अवैध कोयला, लोहा की चोंरी कर तस्कर व जगह जगह के भूत मालामाल हो रहे है. चाहे इसके लिए राजस्व का घाटा कितना भी हो. आकलन के हिसाब से सिर्फ छः महीने के सीजन में कोयला तस्करी कर राजस्व का कई हज़ार करोड़ो रुपये का चपत लगा देते हैं. इन सभी तस्करों के मामलों में न ही सीसीएल के जुझारू श्रमिक नेता का बयान आता है, और न ही इसमें किसी भी तरह से रोकने टोकने का प्रयास किया जाता है. यही श्रमिक नेता जो बात बात पर धरना प्रदर्शन कर सीसीएल के खदान को ठप करा देते है. लेकिन सीसीएल के घाटे व मुनाफे की चिंता करने वाले मौन है. हाँ हालांकि खबर छप जाने के बाद पुलिस के द्वारा दिखावे का कार्य समय समय पर खानापूर्ति के लिए किया जाता है. सूत्रों के माने तो अवैध कोयला को एक जगह जमा कर के रात होते ही पिकअप, ट्रेक्टर, ट्रक,टेम्पू, मोटरसाइकिल के माध्यम से चान्हो, लोहरदगा, माण्डर,बुढ़मू सहित अन्य जगहों पर गिराया जाता है. जो कि यह शिलशिला रात भर चलता है. जो कि जगह जगह पुलिस की तैनाती रहती है.






## रैयत विस्थापित मोर्चा के नौ सूत्री मांग पर केडीएच प्रबंधन ने सहमति दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा के नौ सूत्री मांग पर केडीएच प्रबंधन के साथ बैठक कर चर्चा किया गया. बैठक में मुख्य रूप से परियोजना विस्तारीकरण से पहले जेहलीटॉड बडकीटॉड और विश्रामपुर के रैयतों को ओबी डम्प कर समतलीकरण करके विश्रामपुर पंचायत में ही विस्थापित करें, परियोजना के अन्तर्गत गैरमजरूआ खास एवं जंगल झाड़ी में नौकरी एवं मुआवजा देने, केडीएच के विस्तारीकरण में जितने गांव विस्थापित हुए हैं,और जो गाँव विस्थापित होने वाले है उक्त जगहों के रैयत विस्थापितों को कोल डंप में हैण्ड लोडिंग के माध्यम से रोजगार देने, रैयत ग्रामीणों को केडीएच के अन्तर्गत कार्य कर रही कंपनीयाँ एवं ठेकेदारी में 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें, जेहलीटाँड में हाईमास्ट लाईट, बिजली तार एवं पोल, डीप बोरिंग ,पीसीसी सड़क का निर्माण जेहलीटाड़ सड़क में प्रतिदिन पानी का छिड़काव,सामुदायिक भवन का निर्माण सहित अन्य किया गया. जिसपर केडीएच। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है. वार्ता में मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रतिया गंझू, जालिम सिंह,रामलखन गंझू,विनय खलखो, दामोदर गंझू,प्रभाकर गंझू,,सोनू गंझू,किसुन गंझू शामिल थे.

## मांडर विधायक ने चानू प्रखंड के विभिन्न गांव में कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँवो मे विभिन्न योजनाओं का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शिलान्यास। ओपा ग्राम मे नवरंगा डेम का जीर्णोद्धार का शिलान्यास। बेयासी ग्राम मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास। बेयासी ग्राम मे तालाब निर्माण का शिलान्यास।।

विधायक शिलान्यास के तत्पश्चात ग्रामीणों से मिला, उनसे रूबरू हुए और विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दिया साथ ही उनकी समस्याओ को भी सुना। विधायक बेयासी मे शिलान्यास के उपरांत डुगडुगीया मैदान स्थित प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया और स्कूल के प्रभारी से मुलाक़ात कर स्कूल की समस्याओ से अवगत हुई, साथ ही स्कूल प्रभारी को कुछ दिशा निर्देश भी दिया। मौक़े पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मंगलेश्वर उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, प्रमोद लाल, शिव उरांव, महादेव भगत, मुखिया गण, कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मांडर में ओलावृष्टि व बारिश से किसानों को भारी नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 3 बजे तेज हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि व बारिश के कारण खेत-खलिहान जलमग्न हो गए। ओलावृष्टि से किसानों की सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ। गोबी, फ्रेंच बीन, टमाटर, मटर व गेंहू की फसल में भी जमीन पर गिरने के कारण काफी नुकसान हुआ। वहीं मांडर थाना क्षेत्र के बरगड़ी में शुक्रवार को अचानक मौसम खराब हो गया। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि हुई उसके बाद जमकर बारिश हुई। ओलावृष्टि व बरसात के कारण सभी फसल लगाए खेत जलमग्न हो गए। क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि के कारण किसानों की सरसों की गेहूँ फसल में भारी नुकसान हुआ। तेज हवा व बरसात के कारण किसानों की गेहू व गन्ने की फसल जमीन पर गिर गई। बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि के कारण किसान की फसलों में भारी नुकसान हैं। किसान ग्रामीण हातिम अंसारी, बेल्ला उरांव कुर्बान अंसारी आदि ने बताया कि ओलावृष्टि से मटर, गोबी टमाटर, बीन गेंहू व सरसों की फसल 50 से 60 प्रतिशत बर्बाद हो गई। किसानों का कहना है कि सरकार को किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का मुआवजा देना चाहिए।

## एच एस प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा में वार्षिक महोत्सव आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली एच. एस. प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा के संस्थापक के जन्म दिवस एवं मातृ- पितृ दिवस के शुभ अवसर पर आज को विद्यालय में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। विद्यालय के संचालक नरसिंह प्रजापति ने वार्षिक महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव में विद्यालय के द्वारा दी जा रही शिक्षा,कला,संस्कृति,एवं अन्य प्रस्तुति छात्र - छात्राओं द्वारा दी जाएगी।

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 158(F) दिनांक– 29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा– उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात–निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक–**24.02.2022 (शुक्रवार)** को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

**फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–**
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/ Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस–100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्श।

**फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक ) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–**
(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल/Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर/डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता/मो0नं0/ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु–(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले–आउट/ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस–खाद्य प्रतिश्ठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

**नोट :– अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।**

अभिहित अधिकारी
–सह–
अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 292263 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

## आजसू पार्टी की बैठक जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** डाक बंगला में आजसू पार्टी अनगड़ा में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुआ उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी को प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक ले जाने के लिए पार्टी के सभी अनुषंगी इकाई के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अपने अपने जिम्मेदारी तय करना होगा और संगठन को मजबूती के साथ विस्तार करना होगा ।मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव राजेंद्र साही मुंडा ने कहां की आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान सरकार के गलत फैसले के खिलाफ विभिन्न जन मुद्दों पर मुखर होकर आवाज बुलंद करते आई है। आज के बैठक में आजसू पार्टी के संगठन को मजबूत और धारदार बनाने के लिए कई जन मुद्दों जैसे बालू घोटाला, जमीन की खरीद बिक्री में अनावश्यक कमीशन की मांग, चोरी, डकैती, बलात्कारी, जैसे घटनाएं आम बात हो गई है हेमंत सरकार के निरंकुशता और विफलता का प्रतीक है पर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिया कि 21 मार्च दिन मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से 2 मांग पत्र सरकार के नाम सोपा जाएगा।

1. झारखंड सरकार ने किसानों/रैयतों के जमीन का खाता, प्लॉट, रकबा एवं अन्य दस्तावेज जो जमीन से जुड़ा हुआ है ओ

ऑनलाइन में काफी त्रुटियां है सरकार के गलत मंशा के कारण चिटफंड एजेंसी को ऑनलाइन कराने का टेंडर दिया गया था। झारखंड के सभी किसान / रैयत प्रभावित हैं प्रखंड और जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

2. झारखंड सरकार स्थानीय नियोजन नीति 1932 खतियान आधारित ना लागू कर आनन फानन और बाहरी लोगों को इसका सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 60/40 का नियोजन नीति विकल्प लाई है। जबकि अन्य प्रदेशों में तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बहाली में सिर्फ और सिर्फ स्थानीयता लोगों को प्राथमिकता दी जाती है परंतु झारखंड ही एक ऐसा प्रदेश है जहां पर अभी तक स्पष्ट नियोजन नीति नहीं है । आजसू पार्टी अनगड़ा प्रखंड कमेटी इस सरकार के फैसले को लेकर प्रखंड मुख्यालय से विरोध शुरू करेगी । बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह भोक्ता, खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, जिला सह सचिव राजेश पहान, युवा नेता किशोर मुण्डा, प्रखंड कमेटी के उपाध्यक्ष जयशंकर पहान, अनिल मुंडा, जगदीश भोक्ता, एससी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन राम, पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र महतो, मनेश्वर महतो एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY
(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217
Registration under Society Act No.519 , Registration under GST No. 20AACAJC1Z9
OUR MISSION- OLYMPIC GOLD, Contact no.:8987784136

Ref. No. JSSPS/Civil/e-tender/2022-23/404-13 Dated: 28.02.2023

**Notice Inviting Tender NIT No.07 of 22-23**

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Operation and maintenance of various water fountains situated in the premises of Mega Sports Complex , Khelgaon ,Hotwar, Ranchi for a period of 24 months under JSSPS | MSC, Hotwar, Ranchi | 7,39,659.21 | 9300 | 730 days |

Note: The bid documents will be available on the website(s) **www.centralcoalfields.in/ www.jharkhandcclsports.in** and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.
**(I) For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787 | Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:**9771919385** |

**2. Time Schedule of Tender:**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 09.03.2023 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 10.03.2023 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 10.03.2023 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 09.03.2023 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 15.03.2023 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi | 21.03.2023 | 15.00 Hours |
| j. | Bid opening date | 22.03.2023 | 15.00 Hours |

Sd/-
GM (TA)/ Member (Civil)
**JSSPS**

PR 292252 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 22-23 (D)

## 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल हूंठ के ने सेमिनार का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, एफ कम्पनी हुंट के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कुडापुरती उच्च विद्यालय एवं गांव के लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें भारत के लोगों के मुलभुत कर्तव्यों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में असिस्टेंट कमान्डेंट अजीत कुमार उपाध्याय के द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों के साथ रैली का आयोजन किया गया।



## आईडीएफसी म्यूचुअल फंड रीब्रैंडिंग के बाद कहलाऐगा बंधन म्यूचुअल फंड

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीएफसी म्यूचुअल फंड सोमवार, 13 मार्च, 2023 को बंधन म्यूचुअल फंड के रूप में अपनी नई ब्रांड पहचान अपनाने के लिए तैयार है। इसके परिणामस्वरूप, फंड हाउस की प्रत्येक योजना के नाम में से आईडीएफसी शब्द को बंधन शब्द से बदल दिया जाएगा। चूंकि अंतर्निहित निवेश रणनीति, प्रक्रियाएं और टीम समान बनी रहती है, निवेशक उसी उच्च गुणवत्ता वाले निवेश दृष्टिकोण से लाभ उठा सकते हैं जिसके लिए फंड हाउस बेहद प्रतिष्ठित है। ब्रांड पहचान में बदलाव के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए, श्री विशाल कपूर, सीईओ, एएमसी ने कहा कि ÷हमारा नया नाम हमारे नई स्पांसरशिप को दर्शाता है, और अब हमें बंधन समूह का हिस्सा बनने पर गर्व है। विरासत, सद्भावना और हमारे प्रायोजक जिस समग्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं, हमें विश्वास है कि हमारे निवेशक उसी जुनून, विशेषज्ञता और फोकस से लाभान्वित होते रहेंगे जो उन्होंने वर्षों से अनुभव किया है।

DISTRICT SPORTS OFFICE, CHATRA
OFFICIAL INVITATION
District Sports Office, Chatra

**Invites**
Chatra district power lifting players/individuals to participate in the
**First District level Invitational Power lifting Bench Press & Dead lift Championship on 21 march 2023 at Jalchhajan Bhawan GYM, Chatra.**

**Please note:** **All information is posted only for information purposes. All player selection, all official entries for the Championships must be done by District Sports Office, Chatra.**
**Meet Director:** District Sports Officer, Chatra.
**Phone:** 9455226589
**,E-Mail:** sport.chatra@gmail.com
**Date:** 21 march 2023
**Venue:** Jalchhajan Bhawan, Chatra
**Information:-**
**Participation Fee:** Rs. 201 for each lifter.
**Junior (18-23) Senior (23-40) Male & Female.**
**Categories 55-60, 60-67.5, 67.5-75, 75-82.5, 82.5-90, 90-100, 100+**
The organizer will not incur any type of expenses (like: Transportation, Lodging etc.)
**COVID19 Regulations:** The Championship will be organized under strict COVID19 rules and regulations.
**Nominations:** Players/Individual nomination forms must be in the hands of the DSO, Chatra not later than: 14th March 2023.
**Preliminary:** 17th March 2023 **complete filled in preliminary form must be submitted in District Sports Office, Chatra. No final nomination will be accepted if complete filled in the preliminary was not sent).**
**Final:** 21th March 2023 **(later entries will not be accepted).**
**Scoring:** All scorings are based on Points (no weight categories!)
**Awards:** All participants will receive a certificate. The top 3 in each category will receive an award and certificate.

**Schedule**

| Day | Session | Weigh In | Competition | Victory Ceremony |
|---|---|---|---|---|
| Tuesday, 21.03.23 | 1. Bench PressMale & Female<br>2. Dead Lift Male & Female | 10:00 – 12:00 | 13:00 – 16:00 | 17:00 |

**Victory Ceremonies:** **Will be held immediately after both lifting session. It is mandatory that each athlete wears their own Warm-up/Track Suit for the Award presentation.**
**NOTE :-** **For more information please visit nic chatra website or District Sports Office, 2nd floor, Collectorate, Chatra.**

**District Sports Officer, Chatra.**

PR 292251 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)_D

**शपथ पत्र**

मै खूबलाल यादव, पिता :- स्वर्गीय विशुन यादव साकिनः- घुटीबार,पो :-बरवाडीह, थाना :- बगोदर, जिला :- गिरिडीह शपथ पूर्वक बयान करता हूं की मेरी उम्र लगभग 30 वर्ष है मेरा आधार कार्ड में पिता का नाम विशुन चरण यादव एवम पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में नाम जीतन दर्ज है, विशुन चरण यादव एवम जीतन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरे पिता थे, यह शपथ पत्र मै अपने पिता के दोनों नामों की पुष्टि करने के संबंध में कर रहा हूं,मै खूबलाल यादव शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं की उपरोक्त लिखित सारी बाते मेरे जानकारी में सही, सत्य एवम दुरुस्त है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

शुद्धि–पत्र

इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– *RDSD/ RAMGARH/07/2022-23* जिसका PR No.– 291820 (Rural Work Development) 22-23 (D) को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है:–

- वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 15.03.2023
- ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.03.2023 से दिनांक 21.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
- निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं शपथपत्र के मूलप्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 22.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे

शेष सभी यथावत् है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 292292 (Rural Work Department)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–823(अनु०) दिनांक–03.03.2023 पी०आर०संख्या–291901(भवन) 2022–23D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–58/2022–23 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 14.03.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति दिनांक 15.03.2023 को 3.00 (तीन) बजे तक है, के क्रम संख्या 16 अंतिम को क्रम संख्या 17 एवं परिमाण विपत्र की राशि 5000.00 के स्थान पर 500.00 पढ़ा जाय। निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 292336 (Building) 22-23 (D)

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा माननीय विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में माननीय विधायक ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने




कहा कि कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें।इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बंधन लांग, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

## सिमरिया पुलिस ने चलाया मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया पुलिस ने शनिवार को सिमरिया- बगरा सड़क स्थित जैन पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व प्रभारी थाना प्रभारी अनिल कुमार अपने पुलिस बल के साथ चलाया गया। अभियान में मोटरसाइकिल सवार को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और जागरूकता के उद्देश्य को लेकर की गयी। चेंकिग के दौरान दर्जनों मोटर साईकिल बगैर हेलमेट के पाये गए। जिन्हें प्रभारी थाना प्रभारी ने हेलमेट लाने को कहा और लगवाकर आइंदा ऐसी गलती नहीं करने की नसीहत दी। उन्होंने हर हाल में हेलमेट पहनने का वचन दिलाया। प्रभारी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने कहा यह अभियान पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर चलाई गई है। उन्होंने कहा कि कई दुर्घटना हेलमेट नहीं रहने के कारण वाहन चालको को काफी गंभीर रूप से चोटे आई है। प्रभारी थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को आगे से हेलमेट और लाइसेंस लेकर चलने की हिदायत छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि आप सुरक्षित रहेंगे, तभी आपका घर परिवार सुरक्षित रहेगा। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने और वाहन के आवश्यक दस्तावेज रखने की अपील की है। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन कराने के उदेश्य से यह अभियान लगातार चलाई जाएगी।

### अखंड हरि कीर्तन व नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड के ग्राम बेतर नावाटांड़ के देवी मंडप में अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ आयोजन किया गया है। यह आयोजन दिनांक 22-3-2023से31-3-2023 को अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ करने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। जिसमें कार्यक्रम उत्प्रेरक। पंडित दीनानाथ मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजन कर हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशति पाठ कार्यक्रम का आयोजन आरंभ की जाएगी। एवं समिति द्वारा ग्रामीणों से अपील कि गई है। कि भारी से भारी संख्या में आएं और पुजन हरि कीर्तन में भाग लें एवं धर्म का लाभ उठाएं। आगामी हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि पुजन, अनुष्ठान, दुर्गा सप्तशती पाठ के निमित्त प्रतिज्ञा हनुमत ध्वजारोहण पंडित दीनानाथ मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में व्यक्ति घायल दाहिना पैर टूटा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत कटघरा गांव में बीते शुक्रवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में राजकुमार दांगी (45) पिता चरण माहतो का दाहिना पैर टूट गया। साथ ही इनकी पत्नी अनीता देवी चोटिल हो गई हैं। बताते चलें कि चपटाही से खेती कर वापस अपना घर गिद्धौर आ रहा था। इसी बीच कटघरा में रामलाल दांगी के घर समीप बकरी को बचाने के दरम्यान मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। और गिर पड़ा नजदीकी ग्रामीणों की तत्परता से गिद्धौर क्लीनिक में पैर का एक्स-रे किया गया जिसमें टूटा दिखा। तत्पश्चात प्लास्टर कर एवं पत्नी का इलाज कर दोनों को इनके घर ठीक-ठाक पहुंचा दिया गया हैं।

### प्रमुख ने प्रखंड का किया औचक निरीक्षण समय पर नहीं पहुंचने वाले पदाधिकारियों को लगाई फटकार



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने शनिवार 11 मार्च को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां समय से नहीं पहुंचने वाले पदाधिकारी तथा कर्मचारी को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही इसकी शिकायत जिला उपायुक्त तक पहुंचाने की बात कही है। बताते चलें कि प्रमुख 9:45 बजे से ब्लॉक गेट के पास पहुंची। और 11:00 बजे तक आने वाले पदाधिकारियों का हाजिरी रजिस्टर देखकर सभी को समयानुसार 10:00 बजे से पहले पहुंचने की निर्देश दिया है। साथ ही साथ प्रमुख ने कहा है कि समय पर नहीं पहुंचने वाले पदाधिकारी सावधान हो जाएं।

### प्रमुख ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कई मिले बंद तो कई मिला खुला



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत संचालित पीडीएस दुकानों का निरीक्षण शनिवार 11 मार्च को प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। जहां कई पीडीएस दुकान बंद मिले ब जिससे प्रमुख ने नाराजगी जताई। एवं दो दुकान खुला मिला। जहां मार्च माह में गिने-चुने लाभुकों को अनाज दिया गया है। प्रमुख ने बताया है कि जल्द से जल्द मार्च माह का अनाज एवं अंत्योदय कार्ड धारियों को चीनी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार वितरण करें। साथ में प्रमुख प्रतिनिधि उमेश गोप भी मौजूद थे।

## प्रशासनिक व प्राधिकार समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड के प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्रशासनिक एवं अनुशासनिक समिति की प्रखण्ड स्तरिय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राम प्रसाद यादव ने किया। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निर्देश प्राप्त था। सहायक अध्यापक के नियुक्ति के समय जिसका उम्र 18 वर्ष नहीं हुआ था, उनका सेवा समाप्त करने के संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति को पत्र लिखा गया था। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जो कारवाई की गई,उसका अनुमोदन के लिए सभी पंचायत के संबंधित शिक्षक प्रबंधन समिति के साथ बैठक हुई। जिसका अध्यक्ष पंचायत के मुखिया वह नजदिकी हाई स्कूल के प्रधानाचार्य सदस्य होते हैं जिससे एस एम सी का एक सदस्य होना चाहिए। इसमें बीओ



सदस्य सचिव होते हैं। इस बैठक में कुल पांच मामले थे। जिसमें चार मामलों में विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्णय को सही मानते हुए अनुमोदन कर दिया गया। एवं एक मामला को तत्काल स्थगित रखा गया।इसे एस्मानी को वापस भेजा गया, जो बाद में निर्णय लेकर समिति को वापस दुबारा प्रस्तुत करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में सीआरपी प्रकाश कुमार, यादव, संजीव कुमार, इश्वरी कुमार, बीपीओ बिरेंदर भगत मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत, शांति देवी, रानो देवी, केदार गंझु, पंसस जया देवी, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी उप प्रमुख निशा शाहदेव उपस्थित थे।

## लुट कांड का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जिले के कप्तान अंजनी अंजन से मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जहां लुट कांड का आरोपी नितांश गुप्ता उर्फ काजू पिता लाल बिहारी गुप्ता सेमरटांड थाना चैनपुर पलामू निवासी को शाहपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस संबंध में प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने बताया कि उक्त आरोपी के साथ और दो अपराधी राहुल कुमार पिता टेनी राम, मनीष भुइंया उर्फ कुजूर पिता श्याम भुइंया चैनपुर पलामू निवासी जिन्होंने लुट कांड सं - 80/2022 जो घटना बरवाडीह टिकट काउंटर के बगल में रात्रि करीब 11:15 बजे एक रेलवे ड्राइवर रविन्द्र कुमार पिता दीनानाथ के साथ मारपीट लुटपाट में शामिल थे। वहीं इस मामले में अपराधियों पर नकेल



कसने वाले थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि उक्त अपराधी जो बरवाडीह थाना के चर्चित कांड जो रेलवे ड्राइवर रविन्द्र कुमार बाजार में किराए के कमरे में रहते थे रात्रि को ड्यूटी जाने के दौरान इन अपराधियों ने हथियार से सर फाड़ कर घायल कर एक मोबाइल और 600 सौ रुपए लुटपाट की थी, गिरफ्तार आरोपी के पास से लुटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के दौरान पता चला कि इन अपराधियों का अपराधिक इतिहास रहा है इससे पहले ये तीनों अपराधी पलामू आर्म्स एक्ट में जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अपराधी कुजूर फिलहाल रांची के अरगोड़ा थाना गोलीकांड में जेल भेजा गया है वहीं राहुल कुमार शाहपुर पलामू गोलीकांड में अभी जेल में है।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान दो दर्जन टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों का किया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत जपुआ शिव मंदिर के समीप शनिवार 11 मार्च को जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने वाहन चेकिंग अभियान चलाएं। जहां 2 दर्जन से अधिक टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों का कागजात, हेलमेट, लाइसेंस जांच कीए। साथ ही साथ जिनके पास इन सभी मौजूद नहीं था। उन लोगों को कड़ी हिदायत करते हुए निर्देश दिए। कि यदि अगला बार पकड़े जाते हैं। तो कानूनन सजा के साथ-साथ जुर्माना का भरपाई भी करना पड़ेगा। साथ ही फोर व्हीलर गाड़ी में लोगों को छत के ऊपर बैठे व्यक्ति को जमकर फटकार लगाई?। एवं हिदायत किए की बैठे हुए व्यक्ति के साथ-साथ गाड़ी ओनर को भी कतई बख्शा नहीं जाएगा। सावधान हो जाएं नहीं तो जेल भी जाना पड़ सकता है। मौके पर उपस्थित थाना प्रशासन के दलबल भी मौजूद थे।

## सिमरिया में महिला सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बनहे पंचायत भवन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण पर शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा की सचिव प्रज्ञा बाजपाई और सिमरीया बीडीओ नीतू सिंह द्वारा विधिक जागरूकता सह महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय चतरा, राकेश चंद्रा भी शामिल हुए। सचिव महोदया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1979 में बीजिंग में हुए इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन द एलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्म ऑफ डिस्क्रिमिनेशन अगेंस्ट ओमेन को भारत सरकार ने अपनी सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न से



निवारण के लिए भारत की संसद ने 2013 में एक बिल पास किया। महिलाओं को कानून उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया जैसे पीड़ित महिला हैं किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करवा सकती है तथा महिलाओं को पुरुषों के बराबर मेहनताना पाने का अधिकार है तथा हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम 2005 के बारे में जानकारी दी।जबकि सिमरिया बीडीओ नीतू सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के ग्रामीण इलाकों मे हड़िया दारू बेच कर आजीविका चलाने वाली महिलाओं को बेहतर आजीविका प्रदान करने के उदेश्य से झारखण्ड सरकार ने फूलो झानो योजना का शुरुआत की है। इस योजना के तहत महिलाओ को आजीविका के लिए अन्य सम्मान जनक व्यवसाय के साधन प्रदान किये जाते है ताकि उन्हें हड़िया दारू को बनाने एवं बेचने का कार्य न करना पड़े। अधिवक्ता अक्षय सिंह ने उपस्थित महिलाओं को हिंदू मैरिज एक्ट, मेंटेनेंस, तलाक, भारतीय दंड प्रक्रिया के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित तथा हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम 2005 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएल भी सुबोध कुमार शर्मा, रंजन कुमार मिश्रा जेएसएल पी एस के प्रखंड समन्वयक राहुल रंजन पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री को मांग पत्र देगा यूनियन

**चतरा/पत्थलगडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनियन लगातार 5 वर्षो से अपनी बुनियादी मांगों को सरकारी एवं नियोला कंपनी सीएससी के समक्ष रख रहे हैं सरकार प्रज्ञा केंद्र में संचालकों का हक अधिकार से वंचित कर रही है उन्हें मूलभूत सेवाओं से हटाकर निजी कंपनी सीएससी को एजेंट बना दिया है। गत 14 फरवरी को प्रज्ञा केंद्र संचालक नियोक्ता कंपनी के कार्यालय में धरना दिया था तब स्टेट के अधिकारियों ने मांग पत्र लेते हुए उसे सा समय सरकार के समक्ष रखने की बात की थी जो आज तक नहीं किया गया इसके उलट सीएससी के द्वारा झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक यूनियन के अधिकारियों को गोली मारने की धमकी दी जाने लगी इसकी लिखित सूचना भी झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र के संचालक यूनियन पुलिस महानिदेशक महोदय व मुख्यमंत्री महोदय को भी दी गई परंतु कोई कार्यवाही ना होना यह दर्शाता है कि निजी कंपनी के हाथ की कठपुतली बन चुकी है। यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा जोहार यात्रा के दौरान अनेकों जिलों में मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर इन मुद्दों पर ध्यान आकर्षण किया और प्रसिद्ध प्रतिनिधिमंडल को अपनी बात रखने के लिए समय का अनुरोध किया इसके अलावा अनेकों बार उनके आवासीय कार्यालय में भी मुलाकात करने की कोशिश की गई साथ ही साथ उनके निजी सचिव को ईमेल के माध्यम से भी पत्राचार किया परंतु आज 2 वर्षो में ना तो श्रीमान के द्वारा ना ही सरकार के द्वारा पराया केंद्र संचालकों को मुद्दों को कहा गहनता से लिया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार पराइयां केंद्र संचालकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है।

## प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड के प्रखण्ड संसाधन केंद्र में प्रशासनिक एवं अनुशासनिक समिति की प्रखण्ड स्तरिय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राम प्रसाद यादव ने किया। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निर्देश प्राप्त था। सहायक अध्यापक के नियुक्ति के समय जिसका उम्र 18 वर्ष नहीं हुआ था,उनका सेवा समाप्त करने के संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति को पत्र लिखा गया था। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जो कारवाई की गई,उसका अनुमोदन के लिए सभी पंचायत के संबंधित शिक्षक प्रबंधन समिति के साथ बैठक हुई। जिसका अध्यक्ष पंचायत के मुखिया वह नजदिकी हाई स्कूल के प्रधानाचार्य सदस्य होते हैं जिससे एस एम सी का एक सदस्य



होना चाहिए। इसमें बी ओ सदस्य सचिव होते हैं। इस बैठक में कुल पांच मामले थे। जिसमें चार मामलों में विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्णय को सही मानते हुए अनुमोदन कर दिया गया। एवं एक मामला को तत्काल स्थगित रखा गया।इसे एस्मानी को वापस भेजा गया,जो बाद में निर्णय लेकर समिति को वापस दुबारा प्रस्तुत करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में सीआरपी प्रकाश कुमार, यादव, संजीव कुमार,इश्वरी कुमार,बीपीओ बिरेंदर भगत मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत,शांति देवी,रानो देवी,केदार गंझु, पंसस जया देवी, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी उप प्रमुख निशा शाहदेव उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने किया विरोध प्रदर्शन, निकाली रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड अंतर्गत दुंदु ग्राम के एक बुजुर्ग व्यक्ति को मनिका पुलिस के द्वारा माओवादी का समर्थक बताकर बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद भाकपा माले पार्टी के लोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। बताते चलें कि दुंदु गांव निवासी फिरंगी सिंह 72 को मनिका पुलिस द्वारा मारपीट करने एवं दुंदु निवासी अशोक राम के हत्यारों को गिरफ्तारी को लेकर भाकपा माले के बैनर तले पचफेड़ी चौक से हाई स्कूल मनिका तक मनिका पुलिस के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया प्रतिवाद मार्च में भाकपा माले जिंदाबाद, मनिका पुलिस प्रसासन मुर्दाबाद, निर्दोष ग्रामीणों को पिटना बंद करो, अशोक राम के हत्यारे को गिरफ्तार करो आदि नारे लगाते हुए रैली पुनः पचफेडी चौक में जा कर सभा मे तब्दील हो गई।मौके पर उपस्थित भाकपा माले के प्रदेश सदस्य बिरजू राम ने कहा की मनिका पुलिस निर्दोष ग्रामीणों को बेरहमी तरीके से पिटाई कर रही हैं दुंदु ग्राम निवासी 72 वर्षीय फिरंगी सिंह को पुलिस ने



बेवजह से मारपीट किया है वहीं भाकपा माले के जिला कमेटी के सदस्य अजय यादव ने कहां की मनिका थानेदार निर्दोष ग्रामीणों को मारपीट कर रही है। वही अशोक राम के हत्यारों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है मनिका थानेदार के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा वहीं मनिका पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए फिरंगी सिंह 72 वर्षीय ने बताया कि पिछले 4 मार्च को मनिका पुलिस रात्रि के 2÷00 बजे हमरा घर घेर कर हमको पकड़कर मनिका थाना लाकर एसआई प्रदीप राय के द्वारा हमारे साथ बेरहमी से मारपीट किया है फिरंगी सिंह ने मनिका थाना एसआई प्रदीप कुमार राय पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मौके पर उपस्थित प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, जिला कम्युनिस्ट सदस्य मार्ले, बिरजू राम जिला सचिव माले, अजय यादव, संजय सिंह, नागेंद्र राम, जेम्स हेरेंज, रणजीत सिंह, राजेश सिंह दिलीप रजक नंद देव सिंह समेत भाकपा माले के कई लोग उपस्थित थे हालांकी पुलिस मामले पर कुछ भी कहने से इंकार कर रही है।

### सरना भवन में मनाया जाएगा सरहुल



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय अंतर्गत सरना भवन में शनिवार को प्रभु दयाल उराँव की अध्यक्षता में सरहुल समिति का एक बैठक रखी गई जिसमें 24 मार्च को राजकीय पर्व सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया इस मौके पर प्रभु दयाल उरांव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। वही इस बार सरहुल पर्व के अध्यक्ष ऐश्वर्या उराँव,उपाध्यक्ष विमला देवी, सचिव सुधु उराँव, उपसचिव संध्या देवी, कोषाध्यक्ष रामलाल भगत, उप कोषाध्यक्ष प्रेम भोक्ता को बनाया गया है। इस मौके पर परमेश्वर भगत, सुरेंद्र उराँव, दिलीप उराँव, लालजी उरांव, रामवृक्ष उराँव, सुरेश भोक्ता, राजेश उराँव, ललू उराँव, संतोष उरांव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय सुकरीगढ़ा के बच्चों के बीच बांटा गया खेल सामग्री सहित फूड पैकेट्स



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के सुकरीगढ़ा (लारी) स्थित आवासीय दिव्यांग विद्यालय में शनिवार को प्रेरणा महिला समिति एवं अपर्णा महिला समिति के सौजन्य से लगभग 50 दिव्यांग बच्चों के बीच खाद्य सामग्री सहित खेलने के लिए बल्ला , कैरम आदि चीजो का वितरण किया गया। मौके पर अपर्णा महिला समिति के अध्यक्ष कल्पना यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का सेवा करना सबसे बड़ा धर्म हैं। सभी लोगो को बढ़चढ़कर इनका सेवा करना चाहिए।दिव्यांगों की सेवा खुले दिल से करें। वही प्रेरणा महिला समिति के अध्यक्ष इंदु सिन्हा ने कहा कि सीसीएल हमेशा से ही दिव्यां का मदद करता है और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। दिव्यांगता अभिशाप नही बल्कि वरदान है। इस दौरान डेंटल किट्स, नहाने का तौलिया, फ़ूड पैकेट्स दिया गया। फ़ूड पैकेट्स पाकर बच्चे के चेहरे खिल उठे।मौके पर रेणु चौधरी, पुष्पा रजत, निशिकांता गौरव, कंचन सिंह, प्रियंका सिंह, ममता झा, पुष्पा भुवन आदि थे।

## सावित्री बाई फुले मंच ने युवा लेखिका प्रिया नंदनी को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल में दिन शुक्रवार को सावित्री बाई फुले मंच के द्वारा युवा लेखिका प्रिया नंदनी को अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता एवं भाजपा वरीष्ठ नेता बटेश्वर मेहता शामिल हुए। इस मौके पर युवा लेखिका प्रिया नंदनी ने अपने संबोधन में कहा कि सच्ची लगन से मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। मेहनत कभी बर्बाद नहीं जाता है। हमेशा कुछ ना कुछ अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि अपनी छोटी से जीवन के खट्टे मीठे अनुभव को शब्दों में डालकर अंग्रेजी में किताब लिखी हूँ। उस किताब का कविता का संग्रह फॉर एवर मोर है। जिसे पढकर राज्यपाल भी काफी सरहाना की व प्रसंशा कर निरंतर आगे बढते रहने का शुभाशीर्वाद दिया। सम्मान समारोह के अंतिम में सावित्री बाई फुले मंच की ओर से सावित्री बाई फुले के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर विशेष रूप से आर्ष कन्या गुरुकुल के प्राचार्य कौटिल्य, जय नारायण मेहता, राकेश गुप्ता एवं देव नारायण मेहता सहित कई बुद्धिजीवी शामिल थें।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के बिजुलिया तालाब रोड के ब्रह्मऋषि आश्रम में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल हेल्थ एनवायरमेंटल एंड वेलफेयर एड्स सोसाइटी द्वारा मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी राजे राज कुजूर तथा विशिष्ट अतिथि कवियत्री ममता मनीष सिन्हा उपस्थित रही। कार्यक्रम में 500 महिलाए उपस्थित हुई तनिष्क डांस स्कूल के बच्चो ने अपने मनमोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया।इस कार्यकर्म को सफल बनाने में अमित सिन्हा नंद किशोर गुप्ता अनमोल सिंह उत्तम पासवान कालाचंद सिंह का विशेष योगदान रहा।इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जयंत कुमार वुमन हेल्प लाइन मल्लिका दत्ता प्रभारी रमा मिश्रा मधु देवी रानी देवी पूनम खालको ज्योति मानसादा नीलम केसरी सभी ने इस कार्य कर्म में काफी मेहनत कर कार्यकर्म को सफल बनाया। उपस्थित गणमान्य लोगो में रविन्द्र शर्मा, प्रोफेसर संजय सिंह, विजय मेवाड़, कमल बगड़िया, राजेश नीरज पाठक, आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस, एंटी करप्शन के आकाश शर्मा , रूपा देवी, मुन्नी देवी, मनीषा, सरिता, जया शाह, दुर्गा देवी, राजू राजगढ़ी, माला पंडा, चंदना गांगुली, सपना, रानी जोश, प्रतिमा, काफी महिला पुरुष शामिल रहे ।

## 2024 में सभी 81 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे छात्र

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को झारखण्ड यूथ एशोसिएशन के केंद्रीय संयोजक इमाम सफी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार हर मुद्दे में पुरी तरह फेल हो चुकी है इसलिए सत्ता परिवर्तन आवश्यक हो गया है। गौरतलब है तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार एक भी चुनावी वादा परा नहीं कर सकी जिससे सभी वर्ग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जिसमें सबसे अधिक शिक्षित बेरोजगार छात्र परेशान और आक्रोशित हैं। तीन वर्ष में न नियोजन नीति बन पाई और न ही नियुक्ति हेतू कोई परीक्षा हुई। वहीं पुर्व रघुवर सरकार के 1985 वाली नियोजन नीति को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द होने के बाद 2021 में मैट्रिक-इंटर आधारित नियोजन नीति बनाई जो हाईकोर्ट में ही रद्द हो गई। जिससे झारखण्ड के बेरोजगार छात्र की आक्रोश चरम पर पहुंच गया और पिछले वर्ष दिसंबर को विधानसभा घेराव कर दिया था जिससे हेमंत सोरेन द्वारा घबराकर एक माह की समय मांगा गया था। एक माह के बाद भी सरकार की लापरवाही देख बेरोजगार छात्र ने रामगढ उपचुनाव में नॉमिनेशन कराकर सबक सिखाने की ठानी जिससे पहली बार उपचुनाव में सरकार को हार की सामना करना पड़ा। इधर कुछ दिनों से वर्तमान सरकार द्वारा फर्जी सर्वे की बहाना बनाकर 2016 से पुर्व के 60-40 वाली नियोजन नीति बनाने की कोशिश कर रही है जिससे पुनः छात्र आन्दोलित हो गए हैं और 10 मार्च को डिजिटल आन्दोलन कर अपना विरोध दर्ज किया। साथ ही साथ 15 मार्च को विधानसभा घेराव की रणनीति भी बन रही है। इमाम ने कहा है हेमंत सरकार से युवाओ का उम्मीद उठ चुका है अब 2024 के चुनाव में शिक्षित बेरोजगार सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ेंगे और हेमंत सरकार को करेंगे सत्ता से बेदखल। उन्होंन युवाओ से आह्वान किया है करो 2024 की तैयारी आ रहे हैं खतियान धारी।

**माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन**

# 25904 विद्यार्थी माध्यमिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 हेतु परीक्षा केंद्र अधीक्षकों के साथ परीक्षा की संपूर्ण तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में कुल 13730 विद्यार्थी माध्यमिक की परीक्षा में शामिल होंगे जिसके लिए जिले में कुल 55 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वही इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 12174 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसके लिए कुल 40 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है।बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने



परीक्षा के दौरान केंद्र अधीक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू रहेगा। सभी केंद्र अधीक्षक इस बात का पूरी तरह से ध्यान रखेंगे की परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के अलावे कोई और न हो। साथ ही सभी लोग अपने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी की भी जांच कर ले और यदि उनमें कोई त्रुटि हो तो उसे यथाशीघ्र ठीक करा लें। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने परीक्षा के दौरान सभी केंद्र अधीक्षकों को उनकी जिम्मेदारियों वह दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा को संपन्न कराने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं यथा पेय जल, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था रखने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा-2023 के सफल संचालन के निमित उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था हेतु एक बैठक का आयोजन शनिवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। परीक्षा को कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने दायित्त्वों का ससमय निष्पादन करने, समन्वय स्थापित करते हुए समय पर परीक्षा प्रारंभ एवं सम्पन्न कराने, ससमय विहित प्रपत्रों पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं सदर एवं बरही अनुमण्डल पदाधिकारियों को परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की परीक्षाएं 14 मार्च से 5 अप्रैल, 2023 तक संचालित होनी है। परीक्षा के दौरान अनुचित तरीको से परीक्षार्थी को मदद करने, नकल करने वालों को सुसंगत धाराओं के तहत निश्चित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर अपर समाहर्ता राकेश रौशन 9431109827 एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी सुनिल कुमार सिंह 9431333571 को उड़न दस्ता दल का वरीय प्रभार सौंपा गया है इसके अलावे सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों सहित उड़न दस्ता को औचक निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न के लिए निदेशित किया गया। मौके पर बताया गया कि परीक्षा संचालन के दौरान परीक्षा सेल सह परीक्षा नियंत्रण कक्ष का गठन जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किया गया है। परीक्षा सेल के प्रभारी के रूप में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग के मोबाईल नं. 9654727825 पर परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

## जलसंरक्षण को लेकर बहोरनपूर में जागरुकता सह श्रमदान का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के बहोरनपुर गांव में अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार बाढ़ सुखाड़ विश्व जन आयोग स्वीडन तथा जल संरक्षण सलाहकार उत्तर प्रदेश महेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमदान द्वारा सोखता निर्माण प्रारंभ किया गया । इस अभियान में हृदय कुमार पाठक उप सेना नायक बीएसएफ मेरु, चंद्रकांत पांडे प्रोफेसर बृजकिशोर विश्वकर्मा, प्रोफेसर ललिता राणा अन्नदा कॉलेज , कई ग्राम पंचायतों के मुखिया महेश तिग्गा,इम्तियाज आलम, दयामणि टोप्पो, सरोज देवी पवन कुमार यादव,रीना देवी, सुरेश कुमार दास, गिरीश कुमार एनसीसी शिक्षक जिला स्कूल, वीरेंद्र कुमार तथा अन्य समाजसेवी बीएसएफ के जवान, राष्ट्रीय सेवा योजना के युवक-युवतियां शामिल हुए। फिर 12 बजे सखिया पंचायत में 3सौ जल सहेली, बीडीओ गुंजन कुमारी सिन्हा उपस्थित हुई।

# नगर निगम आदिवासी हितों की कर रही अनदेखी : फूलमती टोप्पो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** गांधी मैदान मटवारी के आवंटन में नगर निगम द्वारा भेदभाव किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है जहां डिज्नीलैंड मेला 4 फरवरी से 4 मार्च तक के लिए आवंटित हुआ था लेकिन मेला 11 मार्च तक चल हीं रहा है। इस बीच कई अन्य संगठनो ने सामाजिक एवं संगठन कार्यो के लिए नगर निगम में गांधी मैदान आवंटन के लिए आवेदन दिए हुए हैं जिस पर नगर निगम के द्वारा कोई भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। रांची के एक संगठन उरांव महिला विकास समिति के द्वारा 6 से 9 मार्च तक के लिए मटवारी गांधी मैदान हजारीबाग में आदिवासी महिलाओं के लिए एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना था जिसके लिए नगर निगम से अनुमति मांगी गई थी पर नगर निगम के द्वारा इस पर किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया गया।



संगठन की सचिव फूलमती टोप्पो ने आरोप लगाया है की मेला समिति और नगर निगम के बीच सांठगांठ उजागर होनी चाहिए। खबर लिखे जाने तक मामले में नगर आयुक्त से संपर्क साधने की कोशिश की गई मगर इनके सरकारी नंबर स्विच ऑफ आ रहा है,और नगर निगम कार्यालय द्वारा फोन का कोई जवाब नहीं दिया गया।

## प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए तीन देवी देवताओं की मूर्तियां पहुंची

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा जीपी कैंप हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए तीन देवी देवताओं की मूर्तियां पहुंची। इससे क्षेत्र के लोगो में हर्ष व्याप्त हैं। अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह प्रतिमा राज्य राजस्थान के अलवर से मंगाए गये हैं। इनमें मां काली, मां कात्यायनी, मां बंगलामुखी, शिव पार्वती के प्रतिमाएं शामिल हैं। आगे श्री श्री 1008 मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ होगा। जो आगामी 14 अप्रैल से 21 अप्रैल आठ दिवसीय चलेगा। जिसमें यज्ञ आचार्य रामशरण गिरी, लुगू पौव रजरप्पा धाम से आएंगे।

# पीवीयूएनएल में महिला दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** महिला दिवस पूरी दुनिया में महिलाओं के सार का जश्न मनाता है। यह दिन इस बात के महत्व को दर्शाता है कि क्यों महिलाओं के साथ बिना किसी पक्षपात या पूर्वाग्रह के समान व्यवहार किया जाना चाहिए। महिला दिवस एक ऐसी दुनिया में सभी उम्र और नस्लों की महिलाओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है जहां वे अपनी शर्तों पर स्वतंत्र रूप से रह सकती हैं। इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर पीवीयूएन लिमिटेड में मनोरंजक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। इस अवसर पर अलकनंदा पांडा, उपाध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति ने सभी महिला कर्मचारियों और एसएमएस के सदस्यों के प्रति अपना हार्दिक सम्मान व्यक्त किया और उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में अपने विचारों और विचारों के बारे में मुखर होने और व्यक्तिगत रूप से एक समान आवाज रखने के लिए प्रोत्साहित



किया गया। और सामाजिक क्षेत्र के सभी उपस्थित लोगों ने मनोरंजक खेलों और गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसएमएस सदस्यों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता के लिए महिला कर्मचारी भी आगे आईं। इसके अलावा स्वर्णरेखा महिला समिति ने परियोजना की महिला श्रमिकों को चादरें भी वितरित कीं और कल्याण गुरुकुल पतरातू की लड़कियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और उन्हें स्वच्छता किट और यात्रा बैग प्रदान किए।

# जाम बना जंजाल, प्रशासन करे उचित ट्रैफिक व्यवस्था : राजेन्द्र प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंड का सबसे बड़ा चौक होने का तमगा प्राप्त बरही चौक इन दिनों अपनीं दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। तीन तीन नेशनल हाइवे का संगम स्थल बरही चौक बदहाल है। प्रति दिन सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है पर ट्रैफिक जाम के मामले में बरही चौक की गिनती भीड़भाड़ चौक के रूप में होने लगी है। इस संबंध में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि जो एक बार बरही चौक तथा चारो रोड में लगने वाले ट्रैफिक जाम में फंस जाता है, वह दोबारा इस रूट पर आने से बचता है। देर तक लोग जाम में फंसे रहते हैं। ड्यूटी करने वाले टाइम पर ऑफिस नहीं पहुंच पाते, इलाज कराने वाले,



आवश्यक कार्य से निकलने वाले जाम में ही फसे रह जाते है वापस लौटते हैं तो फिर जाम से जूझते हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि इस जाम से निजात कब मिलेगी ? उन्होंने अनुमंडल प्रशासन ने बरही चौक तथा आस-पास लगने वाले अन्यत्र जाम से निजात दिलाने के लिए उचित ट्रैफिक व्यवस्था की मांग किया है।

**केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की हुई बैठक**

# 24 को सरहुल पूजा व 25 को निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के संरक्षक दर्शन गंझू व संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में सरहुल की तैयारियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 24 मार्च को रिभर साईड केंद्रीय सरना स्थल में पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई



जाएगी। जबकि 25 मार्च को केंद्रीय सरना स्थल से भव्य शोभा यात्रा आकर्षक झांकी के साथ निकाली जायेगी। जो विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना के समीप सरना स्थल पहुंचेगा। सरहुल पूजा की सफलता को ले दिवार-लेखन, झंडा-बैनर व पोस्टर लगाने का कार्य जोर शोर से चल रहा है। मौके पर श्रीनाथ करमाली, श्यामसुंदर करमाली, संतोष मांझी, देवानंद बेदिया, उमेश मुंडा, राजकुमार गौंड, सिरोफिना एक्का, तुलसी बेदिया, महेंद्र मुंडा, महादेव बेदिया, राजन करमाली, सुरेश रजवार, मनोज बेदिया, देवकुमार बेदिया, उमेश करमाली, सीताराम बेदिया, अनिल एक्का, बुटन मुंडा, छोटन मुंडा, मनोज मुंडा, अरविंद करमाली, संतोष बेदिया, देवशरण मुंडा आदि मौजूद थें।

## जल जीवन मिशन के तहत डीसी ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवता एवं अनुश्रवण हेतु आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय रामगढ़ परिसर से जल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जल रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गाँवों में घुम-घुम कर आम लोगों को जल की गुणवता एवं अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरूक करने का कार्य करेगी। वहीं जल जीवन मिशन के तहत चल रहे योजनाओं की भी जानकारी आम लोगों तक पहुँचाने का कार्य करेगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़, आनंद कुमार सिंह, पूर्व कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़, राजेश रंजन, डी.पी.एम. जे.एस.एल.पी.एस. गौरव कुमार, एस.एम.पी.ओ. विक्रम सोनी, रासायनज्ञ मो मोईन एवं मो रज़ि सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने दो मंदिरों का किया निरीक्षण, दो कन्याओं को भेंट किया लहंगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** दारू प्रखंड क्षेत्र के दौरे के क्रम में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय लोगों के आग्रह पर ग्राम बड़वार में नवनिर्माधीन शिव मंदिर और ग्राम चिरूआ में शिव मंदिर के प्रांगण में चल रहें सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया और दोनों मंदिरों के सौंदर्यीकरण में जल्द यथासंभव सहयोग का भरोसा जताया। वहीं उन्होंने दारू प्रखंड क्षेत्र की दो बेटियों को उनकी शादी से पूर्व उनके घर पहुंचकर लहंगा भेंट किया।

**मामला : सीटीओ क्लीयर नहीं होने का, केवल ओबी का हो रहा उत्पादन**

# सीसीएल सिरका खुली खदान 4 वर्षों से कोयला उत्पादन से वंचित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका कोलियरी परियोजना में बीते 4 वर्षो से कोयला उत्पादन नहीं हो रहा हैं। यह चार साल 20 दिनो बाद आगामी 2023 के 31 मार्च गुजर जाने के बाद हो जाएंगे। खुली खदान सिरका से केवल ओबी(मिट्टी, पत्थर) का कार्य किया जा रहा हैं। इससे कोलयरी केवल जीवित मात्र दिखाई पड़ती हैं। बीते एक माह पूर्व सीटीओ के प्रक्रिया को लेकर झारखंड सरकार ईसी विभाग से अधिकारियों के दल ने सिरका खुली खदान के आस-पास का दौरा किया था। जिसके बाद जल्द सीटीओ आने की उम्मीद थी। लेकिन मामला अटका हुआ हैं। सीसीएल प्रबंधन के पदाधिकारियों और अधिकारियों के द्वारा लगातार कोयला श्रमिक संगठनों की आवाज बुलंद करने के बाद सीटीओ लाने की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया जा रहा हैं। लेकिन अभी मंजिल दूर दिखाई दे रही हैं। कोलियरी सिरका में करीब 470 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। इसके अलावे दो दर्जन से अधिक अधिकारियों का दल सिरका को खनन मामले में आगे बढ़ाने में लगा हुआ हैं। खदानों के अंदर कोयला असुरक्षित पड़ी हुई हैं। फायर जॉन होने के कारण सिरका खुली खदान के ऊपर दिख रहे कोयलो पर खतरा मंडरा रहा हैं। इस संबंध में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्र सचिव सुशील कुमार सिन्हा कहते हैं कि बीते 2019 मार्च माह के बाद से ही सीटीओ के समाप्त हो जाने से सिरका खुली खदान से कोयला खनन बंद हैं। प्रबंधन की गलतियों और सरकार के नियमों के बीच खदान से कोयला खनन का कार्य बंद पड़ा हैं। मजदूर संगठनों की मांग के बावजूद देर हो रही हैं। जबकि खुली खदान सिरका का भविष्य कोयला उत्पादन के क्षेत्र में काफी स्वर्णिम हैं। 58 हजार टन से भी अधिक कोयला खदान के गर्भ में निकलने का इंतजार कर रहा हैं। इससे कंपनी व देश को लाभ होगा। वही झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव दिलीप भुईयां कहते हैं कि सिरका खुली खदान से निकलने वाला कोयला क्षेत्र की उन्नति और रोड सेल के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाएंगा। इलाके की पहचान, प्रगति कोयला से जुड़ी हुई हैं। सरकार व प्रबंधन अब देर ना करें।

# अच्छे रिजल्ट के साथ संस्कार भी जरुरी है : मोहम्मद इब्राहिम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव में वर्ग दशम और 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम एवं संचालन कुलदीप कुमार एवं रूहान कैफ और हीना परवीन ने संयुक्त रूप से किया। विदाई समारोह के मौके पर वर्ग अष्टम नवम एवं 11वीं के विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ स्कूल के शिक्षकों द्वारा टेंथ और ट्वेल्थ साइंस के विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित टिप्स दिए गए ताकि वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सके। जिसमें वर्ग दशम के 219 एवं साइंस के 28 विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा



कि आप पढ़ रहे हैं लेकिन पढ़ने के पीछे कुछ कुछ उद्देश होता है जो आपके जीवन को बहुत आगे की ओर ले जाएगा। लेकिन आप अपने माता-पिता, अपने से बड़ों और शिक्षकों को ना भूले जो आपको आपके जीवन को संवारने में समय दिया। मौके पर रंजीत कुमार, मोहम्मद अली, मुकेश कुमार, कन्हैया कुमार, मंजीत कुमार, मोहम्मद महबूब, ब्यूटी कुमारी के अलावे स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# करो प्रखंड विकास पदाधिकारी की कार्यशैली से पंचायत प्रतिनिधि नाराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** अनुमंडल के करौं प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कूलदीप कुमार के कार्यशैली पर प्रखंड के सभी पंचायतों के नाराज मुखिया अब आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। शनिवार को करौं पंचायत भवन में मुखिया संघ की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष मंटू शेख की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार साह व महासचिव ललन मिश्रा मौजूद थे। इस दौरान बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी कूलदीप कुमार द्वारा पंचायती राज अधिनियम को तार तार कर दिया है। ग्राम सभा को नजरंदाज कर बिचौलिया के माध्यम से मनरेगा योजनाएं चयन कर संचालित करता है। यहां तक भुगतान में मुखिया के डिजिटल हस्ताक्षर का भी प्रयोग नहीं होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी व नाजीर के डिजिटल हस्ताक्षर से अपने चहेते मटेरियल सप्लायर को करोड़ों रूपए बिना काम कर भुगतान कर दिया है। किसी प्रकार का अभिलेख नहीं रहती है। मुखिया या पंचायत कार्यालय को योजनाओं के बारे में जानकारी तक नहीं रहती है। इसको लेकर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल उप विकास आयुक्त, उपायुक्त, मनरेगा आयुक्त, निदेशक पंचायती राज से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# कोडरमा थाना के समीप चला वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर कोडरमा पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को कोडरमा थाना के समीप थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ा गया, तो वहीं दो पहिया वाहनों के कागजात, जांच की भी गई। इस दौरान सभी पकड़े गए दो पहिया चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं रहने व हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों से 10 हजार रुपये जुर्माना वसूली किया गया। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दिया गया कि दो से अधिक सवारी नही बैठाये।

## किसानों के बीच पंप सेट वितरण सेमिनार का आयोजन

# देश के किसान मजबूत हो तो देश और प्रदेश मजबूत होगा : हफीजुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** शहर के किसान भवन में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा किसानों को पंप सेट वितरण के लिए एक सेमिनार आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण खेलकूद कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन के हाथों से 90 किसानों को पंप सेट वितरण किया गया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने किसानों से संबोधित करते हुए कहा किसान देश के रीड होता है अगर देश के किसान मजबूत हो तो देश और प्रदेश मजबूत होगा क्योंकि किसान ही देश की खूबसूरती है और देश को खुशहाल बनाने में किसानों की अहम रोल होता है उन्होंने कहा झारखंड के हेमंत सरकार कि ही मकसद है के हमारे प्रदेश की किसान मजबूत हो सरकार किसानों की सुविधा सुविधा के लिए अनेक योजनाएं चला रही है ताकि किसानों को मजबूत किया जा सके। मंत्री ने कहा यह वर्ष 2021/ 22 की योजना है जिसके तहत किसानों को 90 पंप सेट दिया जा रहा है बाकी किसानों को 20 22/23 में भी पंपसेट उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री श्री हसन ने कहा किसानों के पटवन के लिए 58 बड़ा तालाब 55 छोटा तालाब और 37 डीप बोरिंग कराया जा सकता है जिससे किसानों को पटवन का सुविधा मिल सके और वह खेती पर ध्यान दे सकें उन्होंने कहा जब तक किसानों को बेहतर सुविधा नहीं मिलेगी किसान मेहनत करने से कतराते हैं इसीलिए सरकार किसानों के लिए हर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान अंसारी, पूर्व नगर पार्षद अध्यक्ष कांग्रेस नेता फैयाज केसर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, झामुमो नगर अध्यक्ष प्रकाश मंडल, झामुमो नगर सचिव सह वार्ड पार्षद अल्ताफ हुसैन, (बीके) वरिष्ठ झामुमो नेता हाजी अल्ताफ हुसैन, भागीरथ गोस्वामी, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुलाम अशरफ ,(उर्फ राजू) मोरीक खान, मस्दक खान, मीडिया प्रभारी समीर आलम, मोहम्मद अली, भूमि संरक्षण के कनिया अभियंता निरंजन कुमार समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता ने नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र का किया भ्रमण

**जामताड़ा :** शनिवार को भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर , पबिया और मुरलीपहाड़ी क्षेत्र का दौरा किया।भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल ने क्षेत्रवासियों से मिलकर विकास संबंधी मुद्दों और आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक बिंदुओं पर परिचर्चा की गई।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे महत्वपूर्ण विकास कार्य को आमजनों के बीच रखा और वर्तमान झारखंड गठबंधन सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार और सरकारी योजनाओं में हो रहे

# सतगावां थाना मोड़ पर चलाया गया सघन वाहन चेकिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** थाना चेकपोस्ट पर डीटीओ भागीरथ प्रसाद के नेतृत्व में सतगावां थाना मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह व पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर गुजरने वाले दर्जनों दोपहिया व चारपहिया वाहनों को रुकवा कर वाहनों की जांच की गई। जांच अभियान में उक्त मार्ग पर गुजरने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहनों के जांच से संबंधित आवश्यक कागजात, हेल्मेट,ट्रिपल लोड़,सीट बेल्ट,ड्राविंग लाइसेंस, ड्राइव के समय शराब पिए हुए व्यक्ति आदि की गहन्ता से जांच की गई। वही अधूरा कागजात व अन्य तरह से कमी वाले वाहनों को ऑन द स्पॉट चालान काटे गए। जिसमें 15 दो पहिया वाहन एवं दो चार पहिया वाहन को चालान काटे गए। इस दौरान वाहनो से गुजरने वाले वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने तथा क्षमता से अधिक वाहनों में सवार नहीं होने,सीट बेल्ट लगा कर चलने व सड़क नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया। वाहन जांच अभियान में जिला प्राधिकारी व जवान एवं सतगावां थाना के जवान उपस्थित थे।

# शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतू भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ग्राम पिपचो में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर त्रिदिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ यज्ञ मंडप से 351 कन्या कुमारी व महिलाओं ने कलश लेकर दो किमी की दूरी तय कर उत्तर वाहिनी सिवाने नदी पहुंची। इस दौरान दो किमी की दूरी तक हर हर महादेव, जय श्री राम व जय माता दी के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। यज्ञ आचार्य डॉ. अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगी आचार्यो शंकर दयाल शर्मा, शक्ति शास्त्री, लव शास्त्री , अविनाश पांडे, मनोज शर्मा, राजीव रंजन के द्वारा मुख्य पुजारी अमित कुमार व उनकी धर्मपत्नी , सुरेश प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी, दिलीप राम व उनकी धर्मपत्नी तथा प्रयाग यादव व उनकी धर्मपत्नी से वैदिक कर्मकांड व मंत्रोचार के साथ गंगा- पूजन व वरुण देव का आवाह्न कर कलश में जल उठवाया।

# एसडीओ ने माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** 14 मार्च से शुरू होने वाली मध्यमिक व इंटरमीडिएट कला विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा में विधि व्यवस्था बनाए रखने व कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संचालन को लेकर एसडीओ आशीष अग्रवाल ने अनुमंडल के सभी बीईईओ व केंद्राधीक्षकों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बेंच-डेस्क, सीसीटीवी, पेयजल व शौचालय की सुविधा अनिवार्य होगी कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में दंडाधिकारी और पुलिस पुलिस बल की तैनाती रहेगी।वही उन्होंने केंद्राधीक्षक को उनकी जिम्मेवारी सौंपी गई माध्यमिक व इंटरमीडिएट कला वाणिज्य विज्ञान परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने को लेकर केंद्रा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । मौके पर मधुपुर बीईईओ बसन्त नारायण सिंह, करौ बीईईओ रविन्द्र चन्द्र मण्डल, मधुपुर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती, कुलदीप चौधरी, रामअचल यादव,रंजन कु चौधरी, इकराम अली अंसारी,अमित कुमार, शंकरनाथ ठाकुर, उदयशंकर पाठक, नवीन कुमार, सुनील लच्छिरामका, नीरज कुमार, अंग्रेज मडंल, आदि अनुमंडल के केन्द्रा अधीक्षक बैठक में शामिल थे।

## कांग्रेस जिला कमिटी गोड्डा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**गोड्डा :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार आगामी 13 मार्च 2023 दिन सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा राज्य की राजधानी रांची में चलो राजभवन-विशाल विरोध मार्च कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस विशाल राजभवन मार्च की सफलता हेतु आज जिला कांग्रेस कमिटी गोड्डा अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव व गोड्डा जिला प्रभारी डा.सुशील मरांडी ने जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों, प्रखण्ड अध्यक्ष एवं प्रमुख कांग्रेसजनों के साथ बैठक किए । जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा जिला कांग्रेस कमिटी प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम में गोड्डा जिला की भागीदारी अधिक से अधिक संख्या में होगी।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड में आगामी 14 मार्च से 03 अप्रैल तक वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक) संचालन किया जाएगा। परीक्षा के लिए बेड़ो में 5 केंद्र बनाए गए हैं। राजकिय मध्य विधालय बालक बेड़ो, एसएस प्लस टू उच्च विधालय, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विधालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व राजकिय मध्य विधालय बालिक बेड़ो को बनाया गया। बैठक में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार प्रखंड, सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं केंद्र अधीक्षक, शाखा प्रबंधक केनरा बैंक और दण्डाधिकारी उपस्थित थे। सभी केंद्रों में आवश्यक पेयजल, सीसीटीवी कैमरा और शौचालय इत्यादि को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया. ताकी परिक्षार्थी एक अच्छे माहौल में परीक्षा दे सकें। वहीं थाना प्रभारी से आग्रह किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों में आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करें ताकि शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हो सके।


## कार्यालय नगर परिषद्,रामगढ़

### बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रम सं0 01 से 05 तक का वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डांक का आयोजन दिनांक 18.03.2023 को अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रम0 | सैरात का नाम | अवधी | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर अस्पताल के सामने में चार चक्का वाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग | वित्तीय वर्ष 2023–2024 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक | 55,440/– | 55,44/– |
| 02 | सिविल कोर्ट परिसर छत्तमाण्डु में चार चक्का वाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग। | | 1,48,060/– | 14,806/– |
| 03 | राँची रोड सेवटा सब्जी बाजार की बन्दोबस्ती। | | 2,58,500/– | 25,850/– |
| 04 | शनिचरा बाजार हाट सैरात की बन्दोबस्ती | | 5,62,100/– | 56,210/– |
| 05 | टुटी झरना विवाह भवन की बन्दोबस्ती | | 5,00,000/– | 50,000/– |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 292296 District(22-23).D

## Office of The Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Latehar

### Very Short Tender Notice

Tender Referance No- DWSD/LTR/RM-13/22-23 Dt- 11.03.2023

1. Name of Department :- Drinking Water & Sanitation Dept Jharkhand
2. Date of Boq Uploaded on website :- 14.03.2023 at 05:00 P.M
3. Last date of BOQ Received from website :- 18.03.2023 upto 05:00 P:M
4. Date & Place of Tender Dropped Office of EE DW & S Div Latehar :- 20.03.2023 upto 03:30 P.M
5. Date of Opening Tender :- 20.03.2023 at 04:30 P.M
6. Place of BOQ Received :- 1. Download from Departmental web site Site of DWSD
6. Name & Address of Tender Inviting Authority :- Executive Engineer DW & S Div Latehar.
7. Contact No of Tender Inviting office :- 9430725642 & 6201242103

Detail Of Work :-

| Sl No | Name of work | Block | No of T/Well | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | R/M to DT Well for Supplying all labour tools and Plants Hire Vehicle with fuel & Lubricant for Repairing of Tube well in Rural Area of DW & S division Latehar for Year 2022-23 | Latehar | 450 | 432900.00 | 9000.00 | 750.00 | 04 Month |
| 02 | | Manika | 400 | 384800.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 Month |
| 03 | | Chandwa | 400 | 384800.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 Month |
| 04 | | Balumath | 250 | 240500.00 | 5000.00 | 500.00 | 04 Month |
| 05 | | Barwadih | 400 | 384800.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 Month |
| 06 | | Garu | 200 | 192400.00 | 4000.00 | 500.00 | 04 Month |
| 07 | | Mahuwadanr | 400 | 384800.00 | 8000.00 | 750.00 | 04 Month |
| 08 | | Bariyatu | 250 | 240500.00 | 5000.00 | 500.00 | 04 Month |
| 09 | | Herhanj | 200 | 192400.00 | 4000.00 | 500.00 | 04 Month |

1. Eastimated Cost & EMD Cost may Be Changed.
2. Further Detail can be seen on Notice Board of office.

Executive Engineer
D W & S Div Latehar

PR.NO.292288 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## e- Procurement Cell

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

### Notice Inviting Tender (Very Short Notice)
### ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-(14)BCD/CIR-2/RANCHI/DIV-2/2022-23 Date:-11-03-2023

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Day to Day Maintenance of Floor, Corridor, Stair, W.C and Out Side of the Building in Jharkhand Mantralaya (Project Bhawan) at HEC Dhurwa, Ranchi for the Year 2023-24 (Period From 01.04.2023 to 31.03.2024) | Rs 89,49,100.00 | 12 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18-03-2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 23-03-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 24-03-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 24-03-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल सं0–2, रांची, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9931152315 /8987663716 | |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inपर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 292338 Building Dept Circle - 2(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

### अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 22/2022-23

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 21-03-2023 को अप0 12.00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22-03-2023 के अप0 2.30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22-03-2023 के अप0 3.00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Tahshil Katchehary at Kutmakachhar in Kurdeg Block Under Simdega District for Year 2022-23. | 7,98,200.00 | 16,000.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 2 | Renovation of Tahshil Katchehary cum Hala karamchari Residence at Konmenjara in ThethaiTanger Block Under Simdega District for Year 2022-23. | 8,45,300.00 | 17,000.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 3 | Renovation of Tahshil Katchehary cum Halka karamchari Residence and Deep Boring at Keshalpur in Pakartand Block Under Simdega District for Year 2022-23. | 10,98,400.00 | 22,000.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 4 | Renovation of Tahshil Katchehary at Kinkel in Kersai Block Under Simdega District for Year 2022-23. | 8,87,200.00 | 17,800.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 5 | Construction of Boundary wall and Deep Boring for Tahshil Katchehary at Kinkel in Kersai Block Under Simdega District. | 6,97,600.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 6 | Renovation of Tahshil Katchehary at Kersai in Simdega District for Year 2022-23. | 7,98,600.00 | 16,000.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 7 | Construction of Boundary Wall for Tahshil Kutchehary at Kutmakachhar in Kurdeg Block under Simdega District. | 8,62,700.00 | 17,300.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 8 | Construction of Boundary Wall and Boring C.O. Residence Jaldega Block at Simdega For The Year 2022-23. | 9,71,600.00 | 19,500.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 9 | Repair of Tahsil Kutchary Lachragarh Kolebira Block at Simdega For The Year 2022-23. | 9,20,800.00 | 18,500.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 10 | Repair of Tahsil Kutchary Cum Halka Karamchari Residence Konsode Bano Block at Simdega For The Year 2022-23. | 8,86,250.00 | 17,800.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 11 | Repair of Tahsil Kutchary cum Halka Karamchari Residence Burargi Bano Block at Simdega For The Year 2022-23. | 10,36,500.00 | 20,800.00 | 2,500.00 | 03 (Three) Months |
| 12 | Repair of Tahsil Kutchary Cum Halka Karamchari Residence Baki Bano Block at Simdega For The Year 2022-23. | 9,89,650.00 | 19,800.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 13 | Repair of Tahsil Kachahari Halka-04 Jaldega at Simdega For The Year 2022-23. | 8,84,600.00 | 17,700.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 14 | Repair of Tahsil Kutchary Halka-01 Bansjor at Simdega For The Year 2022-23. | 8,77,900.00 | 17,600.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 292260 Building(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, खूँटी

### संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

विज्ञापन संख्या– दिनांक–

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्र सम्पोषित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजना के कार्यान्वयन के लिये खूँटी जिला अन्तर्गत सृजित पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है :–

1. स्वच्छ भारत मिशन (SBM(G)

| क्र० सं० | पद | पदों की कुल संख्या | अनिवार्य योग्यता | कार्य अनुभव | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Block Wash Coordinator | 01 आरक्षित (अनुसूचित जनजाति) | किसी भी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 55 प्रतिशत अंक के साथ किसी Stream में स्नातक। | 3. Years of experience in the development sector / water. Sanitation & Hygiene additionally experience in handling android based mobile application or digital tab will be an advantage. एवं Computer Knowledge experience Knowledge of MS office (Word. Excel. Power Point) का होना आवश्यक है। संबंधित क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड अन्तर्गत वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को प्रति वर्ष के दर से अधिकतम 05 वर्षों के लिए प्रति वर्ष 02 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक अतिरिक्त कार्यानुभव के रूप में दी जाएगी। | 12000/– (बारह हजार रूपये प्रतिमाह) |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 292339 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को झारखंड बांग्ला भाषा



उन्नयन समिति का एक बैठक हीरापुर पुराना आवाज प्रेस के समीप बबलू सरकार के आवास में हुआ। बैठक की अध्यक्षता डोरा मंडल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि विगत दिनों बीसीसीएल मुख्यालय के गेस्ट हाउस के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस का पुराना गाड़ी खराब अवस्था में रखा हुआ है। इसी मुद्दा को लेकर पिछले दिनों समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल सीएमडी समिरन दत्ता से मिले थे। इस पर बीसीसीएल सीएमडी ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया था की नेताजी के गाड़ी को मरम्मत करके बढ़िया तरीका से म्यूजियम में रखेंगे। इस पर ठाकुर ने कहा कि इस सवाल पर सीएमडी यदि कोई पहल नहीं करते तो आगामी दिनों आंदोलन किया जाएगा। साथ ही साथ पूर्व सांसद स्वर्गीय ए.के. राय का आदमकद मूर्ति धनबाद शहर में किसी जगह स्थापित करने का बात किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डोरा मंडल, बबलू सरकार, राणा चट्टराज, सुशोवन चक्रवर्ती, रघुनाथ राय, शिबू चक्रवर्ती, टोन बनर्जी, कलाम भट्टाचार्जी, समीर मंडल, राजू प्रमाणिक, कल्याण राय आदि लोग शामिल थे।

## महुदा महाविद्यालय के संस्थापक अब्दुल रब अंसारी की मनाई गई पुण्यतिथि

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा महाविधालय महुदा के संस्थापक सह सचिव माननीय हाजी अब्दुल रब अंसारी की पुण्यतिथि दिवस महाविधालय के सभागार द्व मनाया गया। पुण्य तिथि दिवस के महाविधालय के सभी सभी शिक्षक, कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र छात्राओं ने अब्दुल रब अंसारी के तस्वीर पर फूल अर्पित किया। ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय सचिव काशीनाथ चेतर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि 6 दिसंबर 1982 में 6 लोगो के योगदान से कॉलेज को शुरू किया गया था। कॉलेज बनाना चलाना उस समय बहुत आसान भी नहीं था। उस समय शिक्षा का अलख जगाया गया था। अभी जो शिक्षा नीति आया है उसमे एक पंचायत में एक विधालय होगा। नई शिक्षा नीति से लोगो को शिक्षा से दूर किया जा रहा है। इस मौके पर डाक्टर डी सेन, गणित विशेषज्ञ काशीनाथ चेटर्जी, दीपनारायण शर्मा भागीरथ सिंह, सनाउल्लाह, मंटू भटाचार्य, शैलेंद्र रवानी, शयमलाला, भरत महतो, नईम एजाज, संपद घोषाल, सुरेश रजक आदि लोगो ने पुष्प अर्पित किया।

## टीकाकरण शिविर का आयोजन

**टुंडी( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड कार्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग ने आज शनिवार को चलाया टीकाकरण अभियान जिसमें करीब दर्जनों शिशु और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। बताया जाता है कि ए.एन.एम मीनू कोटाल के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया था टीकाकरण के साथ साथ कैल्शियम एवं आयरण की भी दवा शिविर में आये लोगों को दी गई। मौके पर पर्यवेक्षिका सुनीता देवी,कमला देवी, सहिया सविता देवी आदि उपस्थित थीं।

## 14 मार्च को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाया जाएगा शिविर

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पूर्वी टुण्डी प्रखंड के रघुनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में 14 मार्च मंगलवार को सुबह 11 बजे से शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी आयुष्मान योजना के नोडल पदाधिकारी डॉ विकास राणा ने दी। जिन लोगों का लाल कार्ड, पिला कार्ड या हरा राशन कार्ड है उनका बनेगा आयुष्मान कार्ड। शिविर में राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ कार्ड में शामिल सभी लोगों को आधार कार्ड लेकर पहुंचना है।

# बाल संरक्षण समिति व जिला लाइन सलाहकार बोर्ड की बैठक संपन्न

## बाल संरक्षण के मुद्दों पर विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति एवं जिला लाइन सलाहकार बोर्ड की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बाल संरक्षण सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी जिला में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के गठन हो जाने की भी जानकारी दी गई। बाल संरक्षण सेवाओं के अंतर्गत संचालित सभी शाखाओं के बारे में विस्तरित रूप से बताया गया। बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने बाल संरक्षण से संबंधित अपने कार्यो एवं दायित्वों से अवगत होते हुए आने वाली समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

उपायुक्त ने ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति एवं प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बाल संरक्षण के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने एवं जनमानस को संवेदनशील बनाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर गहनता से काम करें। साथ ही फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने एवं विशेषकर बाल विवाह पर अंकुश लगाने हेतु चाइल्डलाइन को निर्देशित किया गया। साथ ही श्रम विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए महीने में एक बार क्षेत्र निर्धारित करते हुए छापेमारी कर बाल श्रमिकों को रेस्क्यू करने का आदेश दिया गया। भवन निमार्ण पदाधिकारी को निर्माण कार्यों में बाल मजदूरी पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल विवाह के नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विवाह के मामले में रोक लगाते हुए आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को जिले के ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को स्पांसरशिप योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के 5 प्रखंडों (गिरिडीह, डुमरी, गांवा, तिसरी और गांडेय )में प्रखंड बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है। तथा आंगनबाड़ी स्तर पर समिति का गठन किया गया है। शेष 08 प्रखंडों में प्रखंड बाल संरक्षण समिति तथा आंगनबाड़ी स्तर पर समिति का गठन किया जाना है। इसके अलावा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में स्पॉन्सरशिप योजना के तहत कई बच्चों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 234 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। जिनमें गिरिडीह प्रखंड के 112, पीरटाड़ के 05, डुमरी के 05, बगोदर के 08, सरिया के 06, बिरनी के 22, धनवार के 05, जमुआ के 29, गांवा के 02, देवरी के 08, बेंगाबाद के 15 तथा गांडेय के 17 तथा कुल 234 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बीसीपीसी सदस्यों और वीसीपीसी सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न कराएं।

## उपायुक्त व विधायक ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता ):** उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने विधायक, गिरिडीह, सुदीव्य कुमार सोनू के साथ गिरिडीह मुख्यालय स्थित सर जे सी बोस बालिका अनुसूचित जनजाति आवासीय छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उपलब्ध व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं, रख-रखाव आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण उपरांत उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य उपर्युक्त संस्थानों, जहां विद्यार्थी एवं बच्चे आवासित रहते हैं, उन स्थानों पर आज के समय में क्या व्यवस्थाएं क्रियान्वित है, उसकी जानकारी प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि अपेक्षाकृत दोनों छात्रावासों की स्थिति बेहतर है, परंतु विशेष रुप से साफ-सफाई की स्थिति बेहतर करने को लेकर निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान ऑन ड्यूटी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निष्ठा पूर्वक कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया गया।

## केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में राजभवन का घेराव 13 मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहां है केंद्र सरकार की गलत नीतियों और अडानी को गलत तरीके से फायदा पहुंचाने के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोमवार को मोराबादी के बापू वाटिका से मार्च कर राजभवन जाएगा और वहां पहुंचकर राजभवन का घेराव किया जाएगा। आए दिनों पूरे देश में देखने को मिल रहा है कि विपक्षी पार्टियों की आवाज को जिस तरह से दबाया जा रहा है यह लोकतन्त्र की हत्या के बराबर है और जो नेता केंद्र सरकार या मोदी जी के विरोध में बोलते हैं उन्हें ईडीसीबीआई इनकम टैक्स का सामना करना



पड़ता है। देश की जनता यह भी देख रही है कि भाजपा के एक भी नेता के यहां ना तो किसी तरह का छापा पड़ता है और ना ही ईडी सीबीआई कोई मुकदमा दर्ज करता है। केंद्र सरकार का यह लक्ष्य कभी भी कारगर नहीं होगा और कांग्रेस पार्टी से कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान को हर हाल में उसकी रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है और संविधान को ताक पर रखकर जो विरोधियों को परेशान कर रहे हैं 2024 में जनता इसकी जवाब ठीक से देगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतंत्र में विश्वास किया है और लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए हम हमेशा जनता के हक में लड़ाई करते रहेंगे। अंत में श्री सिंह ने झारखंड के सभी जांबाज कांग्रेसियों से आह्वान किया है कि 13 मार्च को मोराबादी के बापू वाटिका में पहुंचकर इस कार्यक्रम में भाग ले और राजभवन घेराव में अपना सहयोग दें।

## हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामुड़िया :** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के जामुड़िया थाना अंतर्गत चुरुलिया फाड़ी पुलिस को मिली बड़ी सफलता। चुरुलिया फाड़ी पुलिस की तत्परता से छापेमारी के दौरान एक युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया और इसके साथ ही उसके पास से एक मोटर बाइक भी बरामद किया। गिरफ्तार युवक का नाम विकास रुइदास है। जामुड़िया पुलिस सूत्रों के अनुसार चुरुलिया फाड़ी अधिकारी बिस्वजीत राय व अन्य पुलिसकर्मियों को कल शाम गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि जामुड़िया चुरुलिया ग्राम पंचायत के चुरुलिया श्रीराम कुले पारा के




विकास रूइदास के पास हथियार है एवं उस हथियार का इस्तेमाल इलाके में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सकता था।

उससे पहले ही पुलिस ने विकास रूइदास के घर पर छापा मारा और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 303 राउंड ताजा कारतूस, एक देसी पाइप गन और एक बजाज डिस्कवर बाइक बरामद की है। जामुड़िया थाना पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को आसनसोल जिला कोर्ट में भेजा गया।

## हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** हत्याकांड के एक मामले में गिरिडीह के फर्स्ट एडीजे कोर्ट ने दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई.

साथ ही 20 -20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. मामला गिरिडीह के जमुआ के गांव से जुड़ा हुआ है. जानकारी के अनुसार फर्स्ट एडीजे के कोर्ट ने हत्या के मामले में जमुआ के सगे भाई शक्ति राय और इसके भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है. हत्या का यह मामला साल 2018 से जुड़ा हुआ है. करीब पांच साल बाद शक्ति राय ने अपने भाई के साथ अपने ही चचेरे भाई का हत्या कर दिया था. हत्या के बाद मृतक के परिजनों से जमुआ थाना में दोनो आरोपी भाईयो के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

इसके बाद पांच साल तक बहस होने के बाद जज ने दोनो को आरोपी मानते हुए सजा सुनायी।

## दो घरों में लगी आग, हजारों का नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के कौलाटंड पंचायत स्थित बघानाल में दो कच्चे माकन में दोपहर, 1 बजे के आसपास आग लग गई। घटना के बाबत बताया जाता है कि डूमर चंद पंडित पिता झगर पंडित, प्रयाग पंडित-डिलो पंडित एवं खूबलाल पंडित पिता गुलाब पंडित- की घर में आग लग गई। अगलगी में दो घर जल कर राख हो गया। वही घर में रखे खाने पिने की सामग्री सहित लकड़ी पूवाल सब आग के चपेट में आ गया जिससे जलकर राख हो गया। आग और धुआ की लपटों की देख घरवाले की चिख पुकार सुन आसपास के लोग एकत्रित हो गए, अपने स्तर से आग पर काबू पाने का भरकस प्रयास किया। आग की भयावहता देख लोग, फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर खोरी महुआ राजधनवार से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को 2 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की, 1 माह के अंतराल में तीन बार इस घर परिवार में आग लग चुकी है। गृहस्वामी ने आग लगने की, घटना को अचरज भरा हुआ बताया। बार-बार आग लगने से दोनों परिवारो का, आर्थिक हालात खराब हो चुके हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से विक्षिप्त की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर स्थित पांडरपाला पम्पु तालाब के समीप रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में चर्चा का माहौल बन गया।

बताया जा रहा है कि अधेड़ विक्षिप्त व्यक्ति अक्सर रेलवे लाईन के पास घुमा करता और रेलवे ट्रैक के पास ही बैठा रहता था और आस पास मांग कर पेट भरा करता था। आशंका जताया जा रहा है की इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई हो।

यह घटना डाउन लाइन के पोल संख्या (271/38) के समीप लगभग सुबह 10:30 बजे की बताई जा रही है।

वहीं सूचना पाकर मौके पर भूली ओपी प्रभारी नंदू कुमार पाल दलबल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल विक्षिप्त व्यक्ति का अभी तक कोई पहचान नहीं हो सका है।

## परीक्षा में कम नंबर आने की वजह से घर से भागा नाबालिग

### टिकट चेकिंग स्टाफ की तत्परता से नाबालिग को बरामद कर रेलवे पुलिस को सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा रेलवे के आद्रा मंडल में ट्रेन संख्या 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग स्टाफ अनिल कुमार टीटीआई आद्रा को एक 12 वर्ष का छोटा बच्चा मिला। जब बच्चे से पूछताछ किया गया तो पता चला कि परीक्षा में कम नंबर आने की वजह से माँ पिताजी के डांट के डर से बच्चा घर से भाग कर टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में टाटानगर से पटना की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 13287 में बैठ गया।

टिकट चेकिंग स्टाफ अनिल कुमार की तत्परता से घर से भागा हुआ बच्चा सुरक्षित रेलवे सुरक्षा बल पुरुलिया को सुपुर्द कर दिया गया और उसके घर के लोगों को भी जानकारी दे दी गई। दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल यात्रियों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## दुर्भाग्य : यात्रियों के लिए तरस रहा एलेप्पी एक्सप्रेस, झारखंड से तमिलनाडु जाने वाली ट्रेनों में सन्नाटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखण्ड से तमिलनाडु जाने वाली ट्रेन में भीड़ ना के बराबर हो रही है। पहले की तुलना में ट्रेनिंग वेटिंग लिस्ट भी काफी छोटी है. पिछले दस दिनों में धनबाद से जाने वाली ट्रेन में महज 40-50 टिकट ही बिके हैं। ट्रेनों के खाली जाने की वजह लोगों में डर का होना बताया जा रहा है. होली का त्योहार खत्म हो चुका है. होली खत्म होने बाद धनबाद से तामिलनाडु जाने वाली ट्रेन में भीड़ कम देखने को मिल रही है. झारखंड के धनबाद स्टेशन से तमिलनाडु रवाना होने वाली एलेप्पी एक्सप्रेस की बोगियां पूरव की भांति भरी नहीं खाली मिल रही हैं. एलेप्पी एक्सप्रेस में 5 जेनरल बोगी है. जबकि फर्स्ट एसी, थर्ड एसी और सेकेंड एसी मिलकर 11 कोच हैं. फर्स्ट एसी, सेकेंड, थर्ड एसी जैसे कोच में वर्तमान में 45 वेटिंग चल रही है. लेकिन समान्य दिनों में यह वेटिंग करीब 250 से 300 के आस पास रहती है।

**तमिलनाडु में झारखंड के श्रमिक सुरक्षित, हेट क्राइम की बात बेबुनियाद : श्रम सचिव**




बात करें जेनरल बोगियों की तो यात्रियों की संख्या ना के बराबर है. पिछले दस दिनों से 40 से 50 टिकटों की ही बिक्री हो पा रही है. जबकि सामान्य दिनों में करीब 400 टिकटों की बिक्री तमिलनाडु जाने के लिए होते हैं. धनबाद स्टेशन के टिकट काउंटर पर मौजूद महिला रेलकर्मी ने टिकटों की बिक्री कम होने का जो कारण बताया है. वह काफी चौंकाने वाला है. महिला रेलकर्मी का कहना है कि मजदूर डर के कारण तमिलनाडु का रुख नहीं कर रहे हैं। धनबाद स्टेशन की टिकट बुकिंग काउंटर पर तैनात महिला रेल कर्मचारी नीलम राय ने बताया कि पूर्व में होली के बाद तमिलनाडु जाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़ी रहती थी, लेकिन इस बार होली खत्म होने के बाद भी मजदूर तमिलनाडु जाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं. हाल के दिनों में फैले अफवाहों को लेकर मजदूरों के अंदर डर का माहौल है. जिस कारण जेनरल टिकटों की बिक्री में कमी आई है. पिछले दस दिनों से महज 30 से 40 या फिर पचास टिकटों की ही बिक्री हो पा रही है. जबकि पूर्व में एलेप्पी एक्सप्रेस के लिए एक दिन में करीब 300 से 400 टिकटों की बिक्री होती थी.हालांकि रिजर्वेशन काउंटर मुख्य आरक्षण पदाधिकारी संजीव कुमार ने पत्रकार के सामने बोलने से कुछ भी इनकार किया, लेकिन ऑफ दी रिकॉर्ड उन्होंने बताया कि 5 सामान्य कोच के अलावे फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड मिलाकर 11 कोच हैं. इन 11 कोच में 40 से 45 वेटिग चल रही है. जबकि होली के पहले यह 300 के करीब वेटिग रहती थी।

## टुंडी : गांवों में इन दिनों प्रकृति पर्व बाहा को लेकर धूम



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के विभिन्न गांवों में इन दिनों प्रकृति पर्व बाहा को लेकर आदिवासियों में गज़ब की उत्साह देखी जा रही है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के मंछियारा पंचायत के कदवारा गांव में आज शनिवार को प्रकृति पर्व बाहा को लेकर आदिवासी पुरुष एवं महिला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनोखी छटा प्रस्तुत किया गया। बताया जाता है कि आदिवासी इस प्रकृति पर्व बाहा को बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं लगातार पंद्रह दिनों से टुंडी प्रखंड के विभिन्न गांवों में इस पर्व को आदिवासी भाई बंधू मनाते आ रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम,नाईकी बाबा भगवान मुर्मू, मांझी बाबा मिहिलाल टुडू, राजेश कुमार मुर्मू समेत सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सिंदरी स्थित मुख्य सड़कों की जीर्णोद्धार की मांग को लेकर बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय ऊर्वरक श्रमिक मंच (बीयूएसएम) सिंदरी के सदस्यों ने आज बैठक कर सिंदरी स्थित मुख्य सड़क के जीर्णोद्धार की मांग धनबाद नगर निगम प्रशासन से की है। कहा गया की नगर निगम सिंदरी के वार्ड 55 से वार्ड 54 तक में वीर कुंवर सिंह चौंक शहरपुरा से लेकर साईं मंदिर, डीनोबिली स्कूल,लायंस पब्लिक स्कूल, होते रेलवे पुल चेक पोस्ट तक की मुख्य सड़क काफ़ी खराब हो चुकी है इसलिए उसका जीर्णोद्धार बरसात आने के पहले किया जाना चाहिए। बीते वर्ष उन टूटी फूटी सड़कों पर बरसात के दिनों में सर्वाधिक दिक्क़तों का सामना नागरिकों को करना पड़ा था। इसके अलावे सरस्वती विद्या मंदिर के समीप सड़क पर बने गड्ढे तथा गोशाला से झरिया मुख्य सड़क में गोशाला ओपी क्षेत्र में बने गड्ढे, रांगामाटी डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप सड़क में बने गड्ढे के कारण बराबर दुर्घटना होती रहती है।

## पत्रकार हमले के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल मिला जोगता थाना प्रभारी से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कोयलांचल पत्रकार संघ के सदस्य आदित्य नोनिया पर होली के दिन हुए जानलेवा हमले को लेकर आज पुनः संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद के निर्देशानुसार सचिव अरुण कुमार के नेतृत्व में जोगता थाना पहुँचकर पुलिसिया कार्यवाई के बारे में जानकारी लिया। जोगता थाना द्वारा उक्त मामले में बताया कि कांड संख्या 09/23 के तहत कांग्रेस नेता विकाश सिंह, राहुल चौहान, नूर हुसैन तथा अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छापेमारी कर में लगी हुई है। उक्त मामले में सभी आरोपी फरार है। थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि हर हाल में आरोपी को बख्शा नही जाएगा। थाना से जानकारी लेने के पश्चात घायल संघ के सदस्य आदित्य नोनिया के घर पहुँचकर उनका हाल चाल जाना। इस दौरान सचिव अरुण कुमार ने कहा कि आदित्य संघ के सच्चे सिपाही है। हमले में संलिप्त सभी आरोपी को बख्शा नही जाएगा। संघ आदित्य मामले को लेकर गंभीर है, अगर जरूरत पड़े तो संघ द्वारा आंदोलन भी किया जाएगा। वही सुनील सिंह ने कहा कि कोयलांचल पत्रकार संघ एक ऐसा संगठन है जो पत्रकारो को इंसाफ दिलाने तक साथ देता है। आदित्य मामले में भी जब तक आरोपी सलाखों के अंदर नही हो जाता है, तब तक संघ चुप नही रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सुनील सिंह, कार्यालय प्रभारी समीम हुसैन, कार्तिक वर्मा, वसीम अंसारी, चंदन पांडेय, कृष्णा नोनिया आदि थे।

## धनबाद से पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस अब चलेगी रोजाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के फेरे में बढ़ोतरी की गई है। पहले यह सप्ताह में 6 दिन ही चला करती थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर रोज कर दिया गया है।




रेल मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है। कल यानी 12 मार्च से इसे प्रभावी किया गया है।,

धनबाद स्टेशन पर बढ़े फेरे का उद्घाटन सांसद पशुपतिनाथ सिंह करेंगे।

इस ट्रेन के फेरे में बढ़ोतरी की लगातार मांग की जा रही थी।

# जनता की समस्या का करें समाधान वरना अधिकारियों के ऊपर होगी कार्रवाई : डॉ. रामेश्वर उरांव

## डॉ. रामेश्वर उरांव ने सदर प्रखंड लोहरदगा के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को सदर प्रखंड के लोहरदगा अंचल कार्यालय पहुंच प्रखंड अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारियों के साथ किए समीक्षा बैठक। इस बैठक में लोहरदगा सदर प्रखंड के विभिन्न ग्रामीणों के द्वारा एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा मंत्री के समक्ष मौखिक एवं लिखित तौर पर आवेदन देकर समस्याओं से कराया अवगत। जिसमें आम जनता के द्वारा काफी गंभीर समस्याएं रखी गई जिसके त्वरित कार्रवाई के लिए माननीय मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने समीक्षा बैठक में आए सभी आवेदनों को एवं समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को फटकार लगाएं। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा हम जनता से हैं जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है । जनता हमे चुनी है हम जनता के समस्याओं को चुन चुन कर समाधान करेंगे। वर्तमान समय में आम जनता की मुख्य समस्या राशन संबंधित आवास, बिरधा पेंशन,विधवा पेंशन, जमीन से संबंधित कागजात एवं शिक्षा संबंधित समस्याएं होती है। और आवेदन के माध्यम से भी हमें प्राप्त हुई है। इन सभी का निदान करना हमारी प्राथमिकता है। समस्याओं का समाधान के लिए हम हर स्तर से काम करने का काम कर रहे है। प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा की जनता का जो समस्या है उसे त्वरित निदान करने का काम करें किसी प्रकार की अगर कोई लापरवाही जनता की समस्याओं का निदान में अगर आती है तो उन अधिकारियों के उपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि हमारे द्वारा जनता के बीच जाकर उनकी समस्या सुनने का काम किया जा रहा है और उन सभी समस्याओं को हर अधिकारियों के पास अवगत की जा रही है। ताकि जनता के जो समस्या है उनका निदान हो सके। प्रशासनिक पदाधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि प्राथमिकता के आधार पर जो समस्या उसे निदान करें ।साथ ही झारखंड सरकार के द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उसकी जानकारी सभी आम ग्रामीण जनता तक पहुंचाने का काम करें प्रशासनिक पदाधिकारी, ताकि सभी का लाभ आम ग्रामीण जनता उठा सकें। हमारी एक ही उद्देश्य गांव का विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इस मौके पर मुख्य रूप सेकार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सलीम अंसारी बड़े, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर, 20 सूत्री अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, सामूल अंसारी, हाजी सदरुल, रविंदर सिंह, प्रभात भगत, संतोष महतो, दीपक महतो, अंसार अंसारी, बिरमत भगत, रफीक अंसारी, परवेज सिद्दीकी, जमील अंसारी, तारिक अनवर, राजू उरांव, तोसीफ अंसारी, हसबुल अंसारी, इमरोज अंसारी, नीरज ट्टोपो, कुलदीप खाखा सभी पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष आम ग्रामीण जनता आदि उपस्थित थे।

## पारम्परिक डोल मेला का आयोजन आज, रीदम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रात में होगा भक्ति संगीत



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय पर डोल मेला तांड़ मे पारम्परिक डोल मेला का आज 12 मार्च रविवार को होगा आयोजन। उक्त मेले के संबंध मे कैरो निवासी मंटू साहू ने बताया कि लगभग 60 वर्ष से भी पुर्व कैरो के स्व0 लाल राजेन्द्र नाथ शाहदेव, स्व0माडु लल्लू, स्व0 पकौड़ीलाल इत्यादि ने उक्त डोल मेला का आयोजन किया था। यह मेला होली के ठीक 05 वें दिन पंचमी को आयोजित होती है,मंटू साहू ने कहा कि पूर्वजो ने होली के अवसर पर जिस प्रकार पंचमी को गोकुल मे भगवान श्री कृष्ण एवं राधा की मूर्तियों को पालने मे झुलाकर एवं राधा-कृष्ण के साथ गुलाल खेलने की प्रथा जो गोकुल में होती थी,उसी परम्परा को पूर्वजो ने कैरो मे भी शुरुआत किया था,जो इस अवसर पर धीरे धीरे यह मेला रुप ले लिया और तब से आज तक पंचमी को लगातार कैरो डोल मेला तांड़ मे राधाकृष्ण की मूर्तियों को पालने मे पूजापाठ करके रात्रि मे मेला आयोजन की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। वर्ष 2023 मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह,सचिव विनोद राम ने कहा कि इस वर्ष पारम्परिक डोल मेले मे रीद्‌न म्युज़िकल ग्रूप के राँची, गुमला, लोहरदगा के कलाकार महाबीर साहू,अंजलि देवी, धनेश, अनिता देवी इत्यादि कलाकारों के द्वारा मेले मे रातभर भक्ति संगीत से दर्शकों को निःशुल्क मनोरंजन करेंगे।

## योजनाबद्ध किया गया कार्य सफलता का मूल मंत्र है : अखिलेश कुमार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल के अध्यक्षता में संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य की बैठक सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में संपन्न हुई एवं सत्र 2023 24 के लिए वार्षिक बजट पर चर्चा की गई। इस बैठक में विपिन कुमार दास प्रधानाचार्य शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, विमलेश कुमार तिवारी प्रधानाचार्य सेन्हा, सुरेश चंद्र पांडे प्रधानाचार्य सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, मनोहर मोदी प्रधानाचार्य चापीं, प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य करो, राजकुमार नाग प्रधानाचार्य कुडु, उत्तम मुखर्जी प्रधानाचार्य मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय, एवं विभाग प्रमुख की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। संकुल स्तरीय वार्षिक कार्य योजना का निर्माण किया गया तथा संकुल स्तरीय विषय प्रमुख का चयन किया गया।

## अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस कारवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में पुलिस की बड़ी कारवाई देर रात पांच ट्रैक्टर को कोयल नदी अलग अलग जगहों से जब्त किया गया बताया जाता है। कि डांडु कोयल नदी से अवैध बालू उठाव कर परिवहन किए जाने की सूचना पर एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि चार ट्रैक्टर सीठीयो कोयल नदी से उठाव करते हुए जब्त किया गया है। जिसमे एक ट्रैक्टर में रजिस्टेशन नम्बर जे एच 08 सी 5980 अंकित है। वहीं चार ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही है। सभी जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कारवाई हेतु खनन एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर टीम गठित कर अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया था। छापेमारी के दौरान अलग अलग बालू घाट से पांच ट्रैक्टर को जब्त कर अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में विभागीय कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू खनन के विरुद्ध लगतार कारवाई जारी रहेगा। वहीं ट्रैक्टर मालिकों का कहना है। कि सरकार की नाकामी का नतीजा हम सभी ट्रैक्टर मालिक को झेलना पड़ रहा है। बताते हुए कहा कि अगर बालू अवैध है। तो सरकार निविदा की घोषण क्यों नही करती है। साथ ही कहा कि निजी कार्य हेतु बालू उठाव पर अवैध होने की पुष्टि की जाती है। तो सरकारी योजना में बालू का उठाव कहाँ से होता है। उसपर विभाग कारवाई क्यों नही करती है। साथ ही राज्य सरकार पर निशाना साधा गया है।

## सड़कों की दशा सुधारने से ही लोगों को मिलेगी राहत : भूषण बाड़ा

# बड़ाबरपानी सड़क निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को सदर प्रखंड के बड़ाबरपानी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाले 3 किमी कालीकरण पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना की। साथ ही शिलापट्ट का अनावरण भी किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बनने से आवागमन में सुविधा होगी। सड़कों की दशा सुधारने से लोगों को काफी राहत मिलेगी और विकास में सहायक साबित होगी। विधायक ने जनता की समस्या को सुनते हुए कहा कि गांव बदल रहा है। महागठबंधन सरकार के कार्यकाल मे सड़क, बिजली के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कहा कि गांव के लोग सुरक्षित सड़क पर चलना चाहते है, न कि किसी टूटी फूटी व जर्जर सड़क पर चलना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए तेजी से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सिमडेगा जिले का भी तेजी से विकास हो रहा है, जो तरक्की की कहानी गढ़ रही है। विधायक ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। कहा कि विकास से सामाजिक मजबूती आ रही है। सरकार प्रत्येक गांव के विकास के लिए योजना चला रही है। बताया गया कि बड़ाबरपानी में अशोक दास के घर से धर्मजीत केरकेट्टा के घर तक 3 किमी. पथ का निर्माण किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, उप प्रमुख सिलबेस्तर बघवार, फादर सुशील गुड़िया, अरविंद लुगुन, पूर्व मुखिया अलेक्सियन बरला, पंचायत अध्यक्ष विकास बाड़ा, रीता कीड़ो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शोक संतप्त परिवार से मिले वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिनों कूडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी के पति के निधन हो गया था जिसपर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने उनके निवास स्थान कुंदगड़ा बड़की चापी पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और परिवारजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि उनके निधन से पार्टी और समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे एक मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे,इस दुख की घड़ी में हम सब परिवार के साथ हैं और हरसंभव सहायता करेंगे। और सरकारी पदाधिकरियों से बात करते हुए आश्रित को अनुकम्पा पर सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, युवा कांग्रेस महासचिव फहद खान,युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, अंसार अंसारी, आदि पार्टी कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने उर्दु उच्च विद्यालय पहूंचकर किया निरीक्षण दिए आवश्यक सुझाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 मार्च शनिवार को जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर प्रखंड के गाराडीह राजकीयकृत उत्क्र्मीत उर्दु उच्च विद्यालय पहुंच कर किया विद्यालय संचालन से सम्बंधित छात्राओ की दैनिक उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन इत्यादी पन्जियो का किया निरिक्षण, दिये शिक्षकों को आवश्यक सुझाव। उन्होंने विद्यालय संचालन सहित तमाम विदुओं पर सहज स्वभाव से वार्तालाप की। प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय संचालन से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं जैसे शिक्षकों की कमी, पेयजल की कमी, आदि को ध्यानपूर्वक सुनीं। और उम्मीदपूर्वक आश्वाशन भी दीं। विद्यालय में स्थित वाटर हार्वेस्टिंग, किचन, गार्डन, और अग्निभष्मक की जानकारी लेते हुए कुछ सुझाव भी दिए। जिसे विद्यालय परिवार सहर्ष स्वीकार किया। साथ ही बच्चों से काफ़ी सहज स्वभाव से मुखातिब हुए। और बच्चों को अपने करियर के लिए भी कुछ टिप्स दे गए। जिससे बच्चे काफी खुश हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक, शिक्षक सयुम अंसारी, महावीर भगत, रौशन गुलाब संयोजिका रौशन आरा, सोबरातन ख़ातून, रवीना खातून आदि उपस्थित थे।

# मोदी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर धमकाने का काम कर रही है : बेलस तिर्की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा:** शनिचार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में प्रदेश सचिव लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी बेलस तिर्की विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 13 मार्च को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा राजधानी में राज भवन कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं से आवश्यक विचार विमर्श किया गया साथ ही साथ यह निर्णय हुआ कि उक्त कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी बैलेंस तिर्की ने कहा कि की केंद्र में बैठी भाजपा सरकार अपने मित्र गौतम अडानी को बचाने में लगी है और देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है साथ ही यह भी बताया कि वर्षो से प्रधानमंत्री मोदी ने ईडी,सीबीआई और ष्ठक्रढ्ढ (खुफ़िया राजस्व निदेशालय) जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने राजनीतिक या सैद्धांतिक प्रतिद्वंदियों को डराने-धमकाने के लिए किया है,साथ ही उन व्यापारिक घरानों को दंडित करने के लिए भी किया है जो उनके पूंजीपति मित्रों के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। 1992 में हर्षद मेहता मामले की जांच के लिए एक जेपीसी का गठन हुआ था जबकि 2001 में एक जेपीसी ने केतन पारेख मामले की जांच की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी, दोनों को करोड़ों भारतीय निवेशकों को प्रभावित करने वाले घोटालों की जाँच के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों पर विश्वास और भरोसा था। प्रधानमंत्री मोदी को किस बात का डर है। क्या उनके अधीन एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष जाँच की कोई उम्मीद है।जब यह धोखाधड़ी हो रही थी तो सेबी (स्श्वक्चढ्ढ) क्या कर रहा था।. 1.अडानी समूह के ख़िलाफ़ स्टॉक में हेरफेर के आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद शेयरों की कीमतों में गिरावट से उन लाखों निवेशकों को नुकसान पहुँचा जिन्होंने कृत्रिम रूप से÷ बढ़ी हुई कीमतों पर अडानी समूह के शेयरों में निवेश किया था। 24 जनवरी और 15 फरवरी 2023 के बीच अडानी समूह के शेयरों के मूल्य में 10,50,000 करोड़ रु. की गिरावट आई। 19 जुलाई 2021 को वित्त मंत्रालय ने संसद में स्वीकार किया था कि अडानी समूह सेवी के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जॉच के दायरे में है। फिर भी अडानी समूह के शेयरों की कीमतों में उछाल आने दिया गया। 2.एलआईसी द्वारा खरीदे गए अडानी समूह के शेयरों का मूल्य 10 दिसंबर, 2022 को 83,000 करोड़ रुपए था जो 15 फ़रवरी, 2023 को घटकर 39,000 करोड़ रुपए रह गया,यानि 30 करोड़ एलआईसी पॉलिसी धारकों की बचत के मूल्य में 44,000 करोड़ रुपए की कमी।

## डॉ रामेश्वर उरांव से मिले झारखंड राज दफादार चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा अपनी मांगों को लेकर वित्त मंत्री झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव का लोहरदगा आगमन के दौरान अंचल सह प्रखंड कार्यालय में झारखंड राज दफादार चौकीदार पंचायत के प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष शमशेर अंसारी के नेतृत्व में मुलाकात कर अपनी मांग पत्र सौंपा। जिस पर माननीय मंत्री ने मांग पत्र को पढ़ने के बाद 24 मार्च 2023 के बाद अपने ऑफिस प्रोजेक्ट भवन में वार्ता के लिए बुलाया है तथा उनकी मांगों को जायज बताते हुए समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया।

# आदर्श ग्राम बनाने को लेकर किसान ग्रामीण संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम बदला के मध्य विद्यालय प्रांगण में किसान ग्रामीण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह ने ग्रामीणों से मुलाकात कर आदर्श ग्राम बदला की हकीकत से रुबरु हुए। ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए पूछा की आदर्श ग्राम का माने क्या होता है। वही ग्रामीणों ने कहा की कुछ अपने से सुविधा बहाल करें और कुछ सरकार द्वारा बुनियादी सुविधा बेहतर हो लेकीन गाँव मे कोई सुविधा और विकास नही हो सका है। गांव में किसानो के खेत तक बिजली लगा खंभा है। लेकिन उसमें तार नही है,वही ट्रांसफार्मर खराब है। पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत चंदकोपा तक सड़क खराब है। तो व्यापारी नही आते है। बैंक के पास जल मीनार खराब है। हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर तक पानी नही पहुंचता है। डॉ अजय शाहदेव द्वारा केन्द्रीय टीम के पास एक समस्या रखते हुए कहा गया। की भूमी का सर्वे जो किया गया है,उसपर जमीन किसी का तो नाम किसी का हो गया है। इस लिऐ मिनी सर्वे कराकर जमीन की समस्या को ठीक किया जाए। साथ ही बदला विद्यालय में शिक्षक की कमी के बारे बताया गया। इस के उपरान्त केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव नवीन कुमार ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा समस्या पर ध्यान देंने का निर्देश देते हुए कहा कि मैं हर बिंदु पर उपायुक्त से बात कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने किसानो को कहा की प्राकृतिक संसाधन से संबधित कम पूंजी वाले खेती करें लागत कम पर आय अधिक हो और अन्य किसानो को भी जोड़े। साथ ही ऑर्गेनिक खेती की शुरुवात करें इस को लेकर जागरुकता चलायें और इसको बमिशन के रुप में लें। योजना तैयार करने से पहले प्लान बनायें। सुखा कचड़ा और गिला कचड़ा को अलग रख कर उससे खाद बनायें। किसी योजना से पंचायत के प्रत्येक घर में कचरा रखने के लिऐ बास्केट दें। विद्यालय में नियमित अभिवाहक शिक्षक के साथ बैठक कर आने वाली बातो पर अनुसरण करें। उन्हनो ने केन्द्र सरकार की योजना के बारे में भी जानकारी दिया। खाता सभी का होना चाहिए तभी सरकारी लाभ मिलेगा,डिजिटल को आगे बढ़ाना है। अधिक से अधिक सुविधा अनुसार पौधा लगाएं। केंद्रीय सचिव को बालु की समस्या से भीबअवगत कराया गया। बताते हुए कहा गया कि बालु की कमी है। विकास का कार्य कैसे होगा। वही उन्होंने कहा की सभी समस्या पर जिले के डीसी से बात करूंगा।और साथ ही कहा कि मिनी कोलस्टोर्ज बनाने की दिशा में पहल किया जायेगा। मौके पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव नवीन कुमार शाह,डीडीसी समीरा एस, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, डॉ अजय शाहदेव, राजकिशोर महतो, अशोक उरांव, ओम प्रकाश सिंह, जयंत कंडुलना, सज्जाद अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई संपन्न, लिए गए अहम निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।इस बैठक में सिमडेगा के विधायक भूषण बडा ने अपने संबोधन में कहा कि 13 मार्च को हम सब राजभवन घेराव कार्यक्रम में सिमडेगा से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता रांची कुच करेंगे ।क्योंकि देश में बढ़ती महंगाई , उच्चतम बेरोज़गारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभाजनकारी एजेंडे का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है । लेकिन एक ज़िम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट और प्रधानमंत्री से संबंधित इस पूरे अडानी महाघोटाले में हो रहे घोटालों से भी चिंतित हैं । इसलिए हम सरकार को उसकी ज़िम्मेदारी से भागने की इजाजत नहीं दे सकते , भारत के लोग सब देख रहे हैं कि संसद में क्या हो रहा है , देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह , जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है , भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है और इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं या इन सब संदिग्ध गतिविधियों को ही सुगम बनाने में जुटी हैं । भारत के लोग बहुत बुद्धिमान हैं और वे मोदी जी और उनके मित्र पूंजीपतियों के बीच संपूर्ण पारस्परिक तालमेल को समझ सकते हैं । हम जानना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतर्राष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं ? हम किसी व्यक्ति के दुनिया के अमीरों की सूची में 609 वें से दूसरे स्थान पर पहुँचने के ख़िलाफ़ नहीं है । लेकिन हम निस्संदेह सरकार द्वारा प्रायोजित निजी एकाधिकारों के ख़िलाफ़ हैं क्योंकि वे जनता के हितों के विरुद्ध होते हैं । विशेष तौर पर हम टैक्स हेवन देशों से आपत्तिजनक संबंधों , धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एक ख़ास व्यक्ति द्वारा हमारी अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना और राष्ट्रीय संसाधनों का लाभ उठाते हुए एकाधिपत्य स्थापित करने के ख़िलाफ़ हैं । हम जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जाँच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाने से क्यों डर रही है ।हम जानना चाहते हैं कि टैक्स हेवन देशों से संचालित होने वाली विदेशी शेल कंपनियों बातें की है । वर्षो से प्रधानमंत्री मोदी ने ईडी , सीबीआई और ष्ठक्रढ्ढ ( खुफ़िया राजस्व निदेशालय ) जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने राजनीतिक या सैद्धांतिक प्रतिद्वंदियों को डराने - धमकाने के लिए किया है , साथ ही उन व्यापारिक घरानों को दंडित करने के लिए भी किया है जो उनके पूंजीपति मित्रों के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं । 1992 में हर्षद मेहता मामले की जाँच के लिए एक जेपीसी का गठन हुआ था जबकि 2001 में एक जेपीसी ने केतन पारेख मामले की जाँच की थी । तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी , दोनों को करोड़ों भारतीय निवेशकों को प्रभावित करने वाले घोटालों की जाँच के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों पर विश्वास और भरोसा था । प्रधानमंत्री मोदी को किस बात का डर है ? क्या उनके अधीन एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष जाँच की कोई उम्मीद है ? जब यह धोखाधड़ी हो रही थी तो सेबी ( स्श्वक्चढ्ढ ) क्या कर रहा था ? अडानी समूह के ख़िलाफ़ स्टॉक में हेरफेर के आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद शेयरों की कीमतों में गिरावट से उन लाखों निवेशकों को नुकसान पहुँचा जिन्होंने कृत्रिम रूप से बढ़ी हुई कीमतों पर अडानी समूह के शेयरों में निवेश किया था। 24 जनवरी और 15 फ़रवरी 2023 के बीच अडानी समूह के शेयरों के मूल्य में ? 10,50,000 करोड़ रु . की गिरावट आई।

**चलते चलते एक नजर**

## झारखंड प्रदेश वैश्य पोद्दार महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने संजय

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य पोद्दार महासभा की एक बैठक चुटिया स्थित पदार्थ धर्मशाला में संपन्न हुई। इस बैठक में नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने की, जबकि इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पोदार अजीत कुमार महासचिव अखिल भारतीय वैश्य महासभा विशेष रूप से उपस्थित थे । इस बैठक में नए सत्र के लिए रांची जिला का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें संरक्षक कपिल देव पोद्दार एवं गणेश पोद्दार, अध्यक्ष प्रदीप कुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष विजय कुमार पोद्दार ,महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार, मंत्री राज कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष अरविंद पोद्दार संगठन मंत्री बिलट पोद्दार सहित 11 कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए हैं। वही संजय पोद्दार को युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश वैश्य पोद्दार महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशति पाठ का आयोजन



**लातेहार:** चंदवा प्रखंड के ग्राम बेतर नावाटांड़ के देवी मंडप में अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ आयोजन किया गया है। यह आयोजन दिनांक 22-3-2023से31-3-2023 को अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ करने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। जिसमें कार्यक्रम उत्प्रेरक। पंडित दीनानाथ मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजन कर हरि कीर्तन एवं नवरात्रि दुर्गा सप्तशती पाठ कार्यक्रम का आयोजन आरंभ की जाएगी। एवं समीती द्वारा ग्रामीणों से अपील कि गई है। कि भारी से भारी संख्या में आएं और पुजन हरि कीर्तन में भाग लें एवं धर्म का लाभ उठाएं। आगामी हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर 24घंटे का अखंड हरि कीर्तन एवं नवरात्रि पुजन, अनुष्ठान, दुर्गा सप्तशती पाठ के निमित्त प्रतिज्ञा हनुमत ध्वजारोहण पंडित दीनानाथ मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन के जरिये फेंकी गई 3.055 किलो हेरोइन बरामद की

**चंडीगढ़** : अमृतसर के धनोया कलां के नज़दीक पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में दाखिल हो गया। ड्रोन की आवाज सुन कर मुस्तैद बीएसएफ के जवानों ने तुरंत एक्शन में आते हुए पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी करके उसे भागने पर मजबूर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ड्रोन घुसपैठ शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब 3ः12 बजे हुई। इसके बाद बीएसएफ द्वारा क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया तो बीएसएफ के जवानों को 3.055 किलो हेरोइन बरामद हुई। बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

# मैसर्स ज्योति टैक्सटाइल का खुलना शुभ संकेत : आनंद



**रांची के तर्ज पर रेडीमेड गारमेंट के होलसेल का आगाज होने पर सबों ने जताया खुशी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर का पहला रेडीमेड गारमेंट के होलसेल का आगाज शनिवार को यहां हुआ। रांची के तर्ज पर मैसर्स ज्योति टैक्सटाइल का शुभारंभ जय भवानी संघ के निकट हुआ। इसका उद्घाटन पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं इस प्रतिष्ठान के संस्थापक बद्री सेठ उर्फ बद्री प्रसाद अग्रवाल तथा उनके पुत्र राजेश अग्रवाल, पुत्रवधू एवं परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर किया। इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन करते हुए श्री शंकर ने कहा कि हमारे शहर में भी बड़े शहरों की तर्ज पर बड़े-बड़े मॉल खुल रहे हैं, वही ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायियों के लिए रांची और कोलकाता के दर पर होलसेल भी खोले जा रहे हैं। जहां फैशन के साथ क्वालिटी की गारंटी दी जा रही है। यह खुशी की बात है। श्री शंकर ने कहा कि यह प्रतिष्ठान गत 50 वर्षों से शहर की सेवा करता आ रहा है, जो अब 5 तल्ले में ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त बनाया गया है। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष श्री कृष्णा अग्रवाल, राकेश सोनी, राजहंस अग्रवाल, निलेश चंद्रा, रंजीत मिश्रा, भूपेंद्र सिंह होरा, सुनील गुप्ता,अरविंद अग्रवाल ,मोहम्मद रियाजुल तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर हर्ष के साथ बधाई दी।

# अहमदाबाद टेस्टः भारत की ओर से शुभमन गिल ने लगाया शतक

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** भारत ने यहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन मजूबत पलटवार किया है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 3 विकेट पर 289 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 59 और रवींद्र जडेजा 16 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से शुभमन गिल ने बेहतरीन शतकीय पारी खेलते हुए 128 रन बनाए । ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी के आधार पर अभी भी 191 रन आगे है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए थे। भारत को कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी की। मैथ्यू कुहनेमन ने रोहित को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। रोहित ने 58 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की बदौलत 35 रन बनाए। इसके बाद गिल ने पुजारा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया, इस दौरान मिचेल स्टॉर्क की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने विराट कोहली के साथ 58 रनों की साझेदारी की और टीम का स्कोर 245 रनों तक ले गए। 245 के कुल स्कोर पर नाथन ल्योन ने गिल को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 235 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्के की बदौलत 128 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके बाद कोहली और जडेजा ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 44 रनों की साझेदारी हो चुकी है।ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मैथ्यू कुहनेमन, नाथन ल्योन और टॉड मर्फी ने 1-1 विकेट लिए।

# ईडी : तुझे देखा तो ये जाना सनम

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**



साल 1995 का सुपरहिट फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे का एक गाना तुझे देखा तो ये जाना सनम सबके जेहन में तैरते रहता था। ठीक इसी तरह, इस फिल्म के गाने के तर्ज पर आज केंद्र सरकार का प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी सबके दिलो दिमाग में हिलोरे मार रहा है। जिन लोगों को ईडी से परेशानी हो रही है शायद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प भूल गए। पीएम बनते के साथ उन्होंने यह संकल्प लिया था, न खायेंगे न खाने देंगे। ईडी इसी संकल्प को पूरा कर रहा है। साल 2019 के पहले ईडी को यदा-कदा लोग ही जानते थे। इस साल केंद्र सरकार ने एक नोटिफ़िकेशन जारी करके प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए में बदलाव किया। इसके तहत ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में स्पेशल पावर दिया गया। पीएमएलए के सेक्शन 17 के सब-सेक्शन (1) में और सेक्शन 18 में बदलाव कर दिया गया और ईडी को ये शक्ति दी गई कि वह इस क़ानून के तहत लोगों के आवास पर छापामारी, सर्च और गिरफ़्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफ़आईआर और चार्जशीट में पीएमएलए की धाराएँ लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद ही एफ़आईआर दर्ज करके गिरफ्तार कर सकती है।इस एक्ट के सेक्शन 45 के तहत ईडी के अधिकारियों को ये पावर दिया गया कि वो किसी व्यक्ति को बिना वॉरंट गिरफ़्तार कर सकते हैं। ग़ैर-क़ानूनी पैसों से बनाई गई संपत्ति के स्कोप को भी बढा दिया गया। इसके तहत ईडी को ये शक्ति भी दी गई है कि अगर एजेंसी को लगता है कि कोई संपत्ति प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से ग़ैर-कानूनी तरीके से कमाए गए पैसों से बनाई गई है तो उस पर भी वह कार्रवाई कर सकती है। पीएमएलए के इस बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई लेकिन कोर्ट ने इस संशोधन को वाजिब ठहराया। केंद्र सरकार का तर्क था कि गंभीर वित्तीय गड़बड़ियों की जांच के लिए ये ज़रूरी है कि ईडी को अधिक शक्तियां दी जाए। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद साल 2014 से लेकर 2022 तक ईडी ने 3010 रेड की और लगभग एक लाख करोड़ की संपत्ति अटैच की गई। मोदी सरकार के पूर्व तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के समय साल 2004 से 2014 तक ईडी ने 112 जगहों पर छापेमारी कर 5346 करोड़ की संपत्ति ज़ब्त की थी। ऐसे पूर्ण एक्शन में ईडी 2019 के बाद आया और देश भर में ब्लैक मनी रखने वालों पर शिकंजा कसना शुरू किया। अभी तक कई लोग इसके बिछाए जाल में फंस चुके हैं। अभी लालू, तेजस्वी के घर हुए ईडी की छापेमारी व मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर सियासत गरम है। इस छापेमारी को लेकर विपक्ष केंद्र पर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लालू प्रसाद यादव बुजुर्ग हैं, बीमार हैं, तब भी मोदी सरकार ने उनके प्रति मानवता नहीं दिखाई. अब पानी सिर के ऊपर चला गया है। मोदी सरकार, विपक्षी नेताओं पर ईडी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास कर रही है। इधर तेलंगाना के सीएम की बेटी कविता भी ईडी के रडार पर है। साथ ही कई राज्यों में ईडी की चहलकदमी देखी जा रही है। विपक्ष पूरी तरह से डरा-सहमा है। अभी हाल में विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को सरकारी एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए एक चिट्ठी लिखी। पत्र लिखने वालों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, ममता बनर्जी, भगवंत मान, तेजस्वी यादव, फारुख अबदुल्ला, शरद पवार, उद्धव ठाकरे व अखिलेश यादव के नाम शामिल हैं। इन सभी ने पत्र के माध्यम से पीएम को कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ लगातार केंद्रीय जांच एजेसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे देश में एक निरंकुश तंत्र की स्थापना हो रही है।

मनीष सिसोदिया का उदाहरण देते हुए विपक्षी नेताओं ने कहा कि सिसोदिया को 26 फरवरी को शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष द्वारा लिखे गए पत्र में इस बात का भी जिक्र है कि कांग्रेस के पूर्व सदस्य और असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सीबीआई और ईडी ने 2014 और 2015 में शारदा चिटफंड घोटाले की जांच की थी। उनके बीजेपी में शामिल होने के बाद मामला आगे नहीं बढ़ा। इसी तरह टीएमसी के पूर्व नेता शुभेंदु अधिकारी और मुकुल रॉय नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले में ईडी और सीबीआई की जांच के दायरे में थे। लेकिन बीजेपी में शामिल होने के बाद इसमें भी कुछ नहीं हुआ। विपक्ष के इस पत्र को सिरे से खारिज भी करना उचित नहीं है। यह ठीक है कि कानून अपना काम कर रहा है। लेकिन विपक्ष की जो पीड़ा है, उसको कौन समझेगा ? सरकार को इस पीड़ा को भी समझना होगा। बाजार एक और भाव दो, यह नहीं चलेगा। केंद्र सरकार को भी चाहिए कि वह विपक्ष की भावनाओं को सिरे से खारिज न करे। क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष का अहम रोल होता है। सत्ता का गलियारा तभी शोभा पाएगा जब विपक्ष हमलावर हो। साथ ही विपक्ष को भी चाहिए कि वह अपने फायदे व अपने बचाव में सरकार को कटघरे में खड़ा न करे।

# मेदिनीनगर : एमएसए स्कूल में हुआ शानदार जलशा का प्रोग्राम

**एजेंसी**

**मेदिनीनगर** : पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय जलसा ईद मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में मुस्लिम अकीदतमंदों ने शिरकत किए। इस कार्यक्रम का आयोजन पलामू स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के संस्थापक सह अध्यक्ष मास्टर मों शफीक अंसारी द्वारा किया गया था। जिसमें मुख्य रुप से पीर-ए-तरीकत हजरत अलामा व मौलाना मुफ्ती मोजीबुल्ला साहब साथ ही मौलाना वसीम साहब, मौलाना आलमगीर रीजवी, मौलाना हुसैन रिजवी, हाफिज अजाहुलनबी, हाफिज नासिर साहब ने अपने-अपने अंदाज में दुनिया के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला।




जलसा के मुख्य प्रवक्ता पीर-ए-तरीकत हजरत अलामा व मौलाना मुफ्ती मोजीबुल्ला साहब ने अपनी तकरीर पेश करते हुए लोगों को दीन धर्म की जानकारी देते हुए पवित्र ग्रंथ कुरान में बताए गए बातों को अपने जीवन में उतारने की अपील की और झूठ ना बोलने का शपथ दिलवाए। मौके पर मौलाना वसीम साहब मिलाद शरीफ का खिताब करते हुए कहा कि दुनिया के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने लोगों को हमेशा इंसानियत का पाठ पढ़ाया है और आज हम सबको उनके बताए मार्ग पर चलने कि जरूरत है। नात-गो-शायर गुफरान रजा साहब ने समाजिक एकता व समाज में फैली कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को जागरुक किए।

कार्यक्रम में करीब आधा दर्जन गाँव हरतुआ, सांगबार, मोतीयाखाला, डबरा, झाबर, नेउरा, इटहे, जुरु, लेस्लीगंज, दिही मुरूप व लातेहार से बड़ी संख्या मे अकीदतमंद उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे हाजी हफीज साहब, हाजी नेयाज साहब, हाजी ताजुदीन साहब, हाजी जलील साहब, खलील मास्टर, समशेर आलम, मनसुर हुसैन, इमरान खान, मोजीर खान, जलाल अंसारी, मुकतार अंसारी, सुलेमान अंसारी, अनवर हुसैन अंसारी, सहजाद मियां, रमजान अंसारी, गुलजार अंसारी, मुस्तफा अंसारी, ऐनुल अंसारी, कियामुद्दिन अंसारी, जावेद खान, सौकत आलम, अफजल शफीक सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह के प्रवासी मजदूर की मलेशिया में मौत

**रांची:** जिले के निमियांघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरैया भिखानीडीह के युवक की मलेशिया में शुक्रवार को मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने उसके अंतिम दर्शन के लिए सरकार से गुहार लगाई है। निमियांघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखानीडीह निवासी सुखदेव राय के पुत्र अशोक कुमार राय (21) मलेशिया में रेस्टोरेंट में काम करता था। वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने सरकार से मलेशिया से शव लाने की अपील की है।



# रांची से देवघर और गोवा के लिए विमान सेवा का शेड्यूल जारी

**इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का शेड्यूल किया जारी**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। खासकर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और गोवा जाने की इच्छा रखने वाले यात्रियों के लिए राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विमान सेवा की शुरुआत होने जा रही है। इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। 26 मार्च को गोवा के लिए विमान उड़ान भरने लगेंगे जबकि 27 मार्च को देवघर के लिए फ्लाइट की शुरुआत होगी। 28 मार्च से नवाबों के शहर लखनऊ जाना भी आसान हो जायेगा।

**कब, कहां और कितने बजे होगी फ्लाइटः** देवघर के लिए यात्रियों को एक फ्लाइट 27 मार्च से और दूसरी फ्लाइट एक जून से मिलेगी। इंडिगो एयरलाइंस ने समय और शेड्यूल के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के प्रबंधन को प्रस्ताव दिया है। एयरपोर्ट के निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि गोवा व देवघर के लिए रांची एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होनी है। उनका प्रयास होगा कि अधिक से अधिक विमान दूसरे राज्यों के लिए मिले। इंडिगो ने रांची से देश के विभिन्न शहरों के लिए 20 फ्लाइटों की सूची समय-सारिणी के साथ एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंपी है। जानकारी के अनुसार, रांची से गोवा के लिए विमान प्रतिदिन 26 मार्च से शाम 6:45 बजे रवाना होगी और रात 9:10 बजे गोवा पहुंचेगी। वहीं, रांची से लखनऊ के लिए विमान 28 मार्च से दोपहर 1:40 बजे रवाना होगी व लखनऊ दोपहर तीन बजे पहुंचेगी।इधर, इंडिगो द्वारा दी गयी सूची के अनुसार, रांची से देवघर विमान 27 मार्च से दोपहर 3:25 बजे रवाना होगी और शाम 4.25 बजे देवघर पहुंचेगी। दूसरी फ्लाइट 01 जून से दोपहर 12:40 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 1:35 बजे देवघर पहुंचेगी।

# बर्ड फ्लू को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, केंद्रीय टीम ने किया दौरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रांची जिला प्रशासन, रांची नगर निगम और जिला पशुपालन विभाग सतर्क हो गया है। प्रशासन संयुक्त रूप से रांची के जेल चौक से एक किलोमीटर के रेडियस में पिछले तीन दिनों से अभियान चला रहा है। शुक्रवार को फिरायालाल चौक और ओल्ड जेल रोड चौक के बीच में अंडे विक्रेताओं के यहां रखे 4882 अंडे को नष्ट कर दिया गया।

जिला पशुपालन अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि बर्ड फ्लू से बचाव के लिए जिनकी मुर्गियां मारी गयी हैं या जिनके अंडे नष्ट किए गए हैं, उन्हें भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जिला पशुपालन अधिकारी ने कहा कि सभी मुर्गियों के मारे जाने के बाद, जहां जहां की मुर्गियां मारी गयी हैं, वहां स्प्रे कर उस इलाके को सेनेटाइज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेनेटाइज होने के 21 दिन तक सर्विलांस के तहत कुक्कुटों पर नजर रखी जायेगी।

वहीं दूसरी ओर बर्ड फ्लू के फैलाव को रोकने के लिए भारत सरकार के गाइडलाइन के किया गया या नहीं। इसकी जांच करने के लिए शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय तथा कृषि एवं पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों ने रांची का दौरा किया। इंफेक्टेड जोन में चलाए जा रहे अभियान और बर्ड फ्लू नियंत्रण जागरुकता कार्यक्रम की जानकारी ली।

जिला पशुपालन अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि केंद्रीय टीम ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए उठाये गए कदम की सराहना की है और वह पूरी तरह संतुष्ट होकर लौटे हैं।

# विवादों के साथ सिनेमा घर तक पहुंची लाल विजय की फिल्म लोहरदगा

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** विवादों के साथ निर्देशक लाल विजय शाहदेव की फिल्म लोहरदगा 11 मार्च शनिवार को मेराज सिनेमा घर में रीलिज किया गया। फिल्म का निर्माण रोज क्वार्ट्ज एंटरटेनमेंट के बैनर तले , आकृति एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग किया गया है, जिसका निर्मात्री डा नेहा शांडिल्य हैं। फिल्म नक्सली घटनाओं पर केंद्रित है, वहीं पद्मश्री मधु मंसूरी के लोकप्रिय गीत जिसे पहले भी कई एलबम,फोटो ड्रामा व ऑडियो कैसेट में झारखंड कर कोरा नदी नाला... गाने को फिर से इस फिल्म में नये अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।



### क्यूं है विवाद

फिल्म के निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने बताया कि यह उनकी पहली फ़िल्म है जिसे उन्होंने निर्देशित किया है। इस फिल्म में झारखंड के करीब 100 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया है , फिल्म बहुत अच्छी है लोग बस यूंही विवाद पैदा कर रहें, फिल्म देखें अच्छी बनी है। वहीं दिवंगत अनिल चौधरी के परिवारिक सदस्य अनुराग चौधरी ने बताया कि फिल्म के खिलाफ मामला कोर्ट में लंबित है। दिवंगत अनिल चौधरी ने 10फरवरी 2021 को चुटिया थाना में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। फिल्म का नाम मनु का सरेंडर था , वर्ष 2019 में फिल्म का नाम लोहरदगा रख दिया गया। 10 मार्च 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन विवाद के कारण इस दिन रांची में फिल्म रीलिज नहीं हो सका था।

### कौन कौन है फिल्म में

हिंदी फिल्मों के चर्चित चेहरा संजय मिश्रा, विजय राज, अखिलेंद्र मिश्रा जैसे जाने-माने कलाकार हैं, साथ ही झारखंड के भी कलाकार हैं पंकज सिन्हा ,वर्षा लकड़ा सहित रवि झंकल, दधी पांडे, नीतू पांडे, चारुल मलिक, हंसराज जगताप, सुमित भोक्से, ऋषि ठाकुर, रकीब अरशद, अशोक गोप, मधु रॉय, विनोद सोनी, शिशिर पंडित, ओम प्रकाश, काका , चंदा कुमारी, प्रिया अंबष्ट प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म में मुख्य किरदार को जीवंत किया है सर्वदमन ने जिनकी यह पहली फ़िल्म है। सभी अभिनेताओं ने अपने किरदारों पर कड़ी मेहनत की है और अपने चरित्र को पर्दे पर जीवंत किया है। फ़िल्म का कॉन्सेप्ट बीरेन्द्र पासवान की है जिसे लाल विजय शहदेव ने लिखा है।

### फिल्म की स्टोरी

बॉक्साइड और झारखंड निर्माण होने से कुछ महीने पहले ही तत्कालीन एसपी अजय की नक्सलियों द्वारा हत्या की घटना ने देश भर में लोहरदगा को चर्चा में ला दिया था। खैर लोहरदगा फिल्म लोहरदगा में घटी घटनाओं को पर्दा में उतारने की कोशिश की गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि 20 वर्ष का एक युवक मनु जिसकी जीवन की महत्वाकांक्षा सेना में भर्ती होने की है, लेकिन वह एक गारंटीयुक्त सरकारी नौकरी के लोभ में एक दलाल के जाल में फंस जाता है, उसे बताया जाता है कि एक नक्सली के रूप में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के बाद मिलेगा। मनु अन्य 19 युवकों के आत्मसमर्पण करने जाता है। कुछ एनजीओ और अधिकारी शोहरत और पहचान पाने की उम्मीद में इस तरह के फर्जी सरेंडर करने की साजिश रचकर युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। यह फिल्म उन भटके हुए युवाओं को बचाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में वापस लाने की मिशन को दर्शाता है। लोहरदगा एक भावनात्मक थ्रिलर है जो न केवल गंभीर सामाजिक मुद्दों को दिखाती है , बल्कि दर्शकों का मनोरंजन भी कराती है।ऐसी फिल्म को विवाद मुक्त करते हुए सिनेमा घर पहुंच कर देखनी चाहिए। पंकज सिन्हा,बीएन लकड़ा, सुशीला लकड़ा,मोजाहिद कुरैशी,चंदा, शिशिर टुडू सहित कई सिनेप्रेमियों ने लोहरदगा फिल्म देखने पहुंचे थे।